WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, शनिवार, 8 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 201 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते है न कि काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती। इसके बावजूद कुछ डेढ़ होशियार टाइप लोग ऐसा करने से बाज नहीं आते। राहुल बाबा ने जिस हाइड्रोजन बम का हौवा खड़ा किया था वह भी फुस्स हो गया। उन्होंने गड़े मुर्दे उखाड़ते हुए हरियाणा में वोट चोरी का आरोप लगाया और वही बातें दोहराई जो वे पहले भी दो बार कह चुके थे। बिहार में मतदान के ठीक पहले फोड़ा गया उनका यह हाईड्रोजन बम एनडीए को नुकसान पहुंचाएगा या फिर महागठबंधन के लिए आत्मघाती साबित होगा यह तो बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम ही बेहतर बताएंगे।

देश की जीडीपी चालू वित्त वर्ष में 6.8 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ेगी : सीईए

मुंबई (आईएएनएस)। चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को भरोसा जताते हुए कहा कि जीएसटी रेट में कटौती और आय कर में राहत के साथ उपभोग बढऩे से देश की जीडीपी चालू वित्त वर्ष में 6.8 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी देश का प्राइवेट कैपिटल एक्सपेंडीचर मजबूत बना हुआ है। मुंबई में एक इवेंट में शामिल होने के साथ नागेश्वरन ने विदेशी निवेश में बढ़त को देखते हुए दूसरी तिमाही के डेटा के बाद देश के आर्थिक विकास में तेजी से वृद्धि होने का संकेत दिया। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष के पहले पांच महीनों में शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में काफी उछाल दर्ज किया गया है, जो कि 2 वर्षों की तुलना में काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 स्लोडाउन की धारणों को देखते हुए प्राइवेट कैपेक्स के लिए काफी बेहतरीन रहा। नागेश्वरन ने प्राइवेज कैपेक्स पर जोर देते हुए कहा कि यह वित्त वर्ष 2024 में काफी नीचे आ गया था, वहीं वित्त वर्ष 2025 में मजबूती के साथ बढ़ा है, जो दर्शाता है कि निवेश की गति धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही है। उन्होंने मजबूत नियामकीय और कानूनी फ्रेमवर्क की जरूरत पर जोर दिया ताकि इंवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर्स के अलावा अलग-अलग सेक्टर में सफलता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि भारत की रणनीति घरेलू मैन्युफैक्चरिंग शेष पृष्ठ 6 पर

मातृभूमि की स्तुति में रचा गया 'वंदे मातरम'

वंदे मातरम् मां भारती की साधना और आराधना की प्रेरक अभिव्यक्ति : मोदी

■ छत्तीसगढ़ की फिज़ा में गूंजा राष्ट्रगीत, 150वें स्मरणोत्सव का बना खास

■ मुख्यमंत्री 'वंदे मातरम0 की स्मरणोत्सव में वर्चुअली हुए शामिल

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशभक्ति की सबसे प्रबल प्रेरणा : साय

रायपुर/नवप्रदेश। 'वंदे मातरम0 राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज देशभर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक दिन को छत्तीसगढ़ में भी बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। इस अवसर पर सभी ने वंदे मातरम के उद्घोष के साथ आज़ादी की राष्ट्रीय चेतना का पुण्य स्मरण किया और अमर बलिदानियों को नमन किया। मुख्यमंत्री साय वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में आयोजित स्मरणोत्सव में वर्चुअली शामिल हुए और प्रधानमंत्री का उद्बोधन भी सुना।

प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह गीत मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम, कृतज्ञता और राष्ट्रधर्म की भावना का शाश्वत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश ने एक स्वर में 'वंदे मातरम0 का सामूहिक गायन कर मातृभूमि की वंदना की है।

स्वाधीन भारत के स्वप्न को साकार किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वंदे मातरम भारत की आज़ादी का उद्घोष था, जिसने गुलामी की बेड़ियों को तोडऩे और स्वाधीन भारत के स्वप्न को साकार करने की प्रेरणा दी। स्वतंत्रता आंदोलन में यह गीत क्रांतिकारियों की आवाज़ बना और यह केवल प्रतिरोध का स्वर नहीं, बल्कि आत्मबल जगाने वाला मंत्र बन गया। श्री मोदी ने कहा कि 'वंदे मातरम् में भारत की हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता, संस्कृति और समृद्धि की कहानी समाहित है। विदेशी आक्रमणों और अंग्रेज़ों की शोषणकारी नीतियों के बीच 'वंदे मातरम् ने समृद्ध भारत के स्वप्न का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत के नए स्वरूप का उदय देख रही है, जो अपनी परंपरा, आध्यात्मिकता और आधुनिकता के समन्वय से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वंदे । आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना स्वतंत्रता संग्राम के समय था, और यह गीत सदैव हमारे हृदयों में अमर रहेगा।

आराधना की प्रेरक अभिव्यक्ति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि वंदे मातरम् मां भारती की साधना और आराधना की प्रेरक अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के सामूहिक गान का एक प्रवाह, एक लय और एक तारतम्य हृदय को स्पंदित कर देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम्का मूल भाव मां भारती है — यह भारत की शाश्वत संकल्पना, स्वतंत्र अस्तित्व-बोध और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम् के वर्षभर चलने वाले स्मरणोत्सव का आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा राष्ट्रव्यापी शुभारंभ इस शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लगाए आरोप, बोले-

बिहार में 'वोट चोरी' करने की कोशिश हो रही

बांका (आईएएनएस)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाए कि बिहार में 'वोट चोरी0 करने की कोशिश हो रही है। बांका जिले के अमरपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा 'वोट चोरी0 का प्लान पूरे देश में लागू करना चाहती है। इन्होंने हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र में यही काम किया है। अब ये यही काम बिहार में करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं ने गुरुवार को बिहार में वोट दिया, उन्हीं नेताओं ने दिल्ली चुनाव में भी वोट दिया था। उन्होंने आरोप लगाए कि एक तरफ भाजपा नेताओं को एक से ज्यादा वोट देने दिया जा रहा है, दूसरी तरफ उनके वोट काटे जाते हैं, जो कांग्रेस को वोट देते हैं। हरियाणा का उदाहरण देते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फिर से दावा किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में 22 जगह ब्राजील की महिला की फोटो लगी है। एक बूथ में एक ही वोटर का नाम और फोटो 100 बार आता है। एक घर के पते पर 500 वोटर रजिस्टर हैं, लेकिन जांच में पता लगा कि वहां कोई रहता ही नहीं है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, 'हरियाणा का चुनाव भाजपा ने चोरी किया है। मैंने इसके साफ सबूत देश के सामने रखे हैं, लेकिन इस पर भाजपा और चुनाव आयोग ने जवाब नहीं दिया। अमरपुर की जनता से उन्होंने कहा, मैं बस यही कहना चाहता हूं, भाजपा और चुनाव आयोग के लोग बिहार शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के लोग फर्जी वोट डालने की कोशिश करेंगे

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार में भी फर्जी वोटर लिस्ट आएगी और भाजपा के लोग फर्जी वोट डालने की कोशिश करेंगे, लेकिन बिहार की जनता ऐसा नहीं होने देगी, वो पोलिंग बूथ पर खड़ी होकर वोट चोरी रोकेगी। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में हिंदुस्तान की जनता की आवाज है, लेकिन भाजपा के लोग अमीरों की मदद करने के लिए, जनता का धन लूटने के लिए और संविधान को कुचलने के लिए 'वोट चोरी0 करते हैं।

हाथियों के झुंड ने बुर्जुग को कुचलकर मार डाला

जशपुर/नवप्रदेश। कुनकुरी के गढ़ाकटा शमशान घाट में जूनस बड़ा (60) का अंतिम संस्कार चल रहा था। तभी तीन हाथियों का झुंड अचानक पहुंचा। चीखें गूँजीं, लाश जल रही थी और लोग जान बचा रहे थे। हाथियों ने करीब 15 गाडिय़ां कुचल डालीं। श्मशान घाट से भागकर अपनी जान बचाते रहे। हैरानी की बात ये है कि उक्त बुजुर्ग को एक दिन पहले ही हाथियों ने कुचलकर मारा था। श्मशान घाट में रेंजर सुरेंद्र होता की टीम पटाखे-मशाल लेकर दौड़ी और पटाखे छोड़कर हाथियों को जंगल भगाया। बता दें कि कल यही हाथियों ने जूनस को धान के खेत में कुचला था। बेटे भाग निकले, पिता नहीं बचे. ग्राम प्रधान ने लोगों से रात में घर से बाहर न निकलने की अपील की है।

साइबर ठगों ने टीएमसी सांसद को बनाया शिकार

कोलकाता(वार्ता)। तृणमूल कांग्रेस के नेता और चार बार के लोकसभा सांसद कल्याण बनर्जी के साथ एक बड़ी साइबर धोखाधड़ी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, उनके निष्क्रिय पड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) खाते को फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिर से सक्रिय किया गया और इससे 55 लाख रुपये से अधिक की रकम निकाल ली गई। कोलकाता में एसबीआई की हाईकोर्ट शाखा ने इस मामले में साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है। बैंक की शिकायत के मुताबिक, साइबर अपराधियों ने जाली पैन और आधार कार्ड तैयार किए, जिन पर कल्याण बनर्जी की तस्वीर लगाई गई थी। इन जाली दस्तावेजों की मदद से अपराधियों ने उनके पुराने खाते की केवाईसी अपडेट कर दी। इसके बाद 28 अक्तूबर को खाते में दर्ज मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया, जिससे उन्हें खाते पर पूरा नियंत्रण मिल गया।

325 करोड़ के जीएसटी घोटाले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

भुवनेश्वर (आईएएनएस)। गुड्स एंड सर्विस टैक्स खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) भुवनेश्वर जोनल यूनिट को एक बड़ी सफलता मिली है। बुधवार को मुंबई में कई स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने मुंबई निवासी निलेश योगेश जगीवाला को गिरफ्तार किया है। जगीवाला पर 325 करोड़ रुपए से अधिक के जीएसटी घोटाले का मास्टरमाइंड होने का आरोप है। साथ ही, 105 से अधिक फर्जी कंपनियों का जाल बुनकर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की जालसाजी करने का आरोप है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि इस नेटवर्क ने जाली पहचान दस्तावेजों के जरिए कई फर्मों का पंजीकरण कराया और फर्जी निदेशकों को नियुक्त किया। यह पूरा नेटवर्क वर्चुअल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से संचालित होता था। जांच में यह भी पाया गया कि जगीवाला और उसके सहयोगियों ने निष्क्रिय कंपनियों को खरीदकर उनमें सक्रिय जीएसटीआईएन का उपयोग किया।

छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों से शीर्ष न्यायालय बोला-

नसबंदी करके सभी कुत्तों को शेल्टर होम में रखें, सड़कों पर न दिखें

नई दिल्ली (वार्ता)। आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट ने 'सुप्रीम फैसला सुना दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को आवारा कुत्तों का नसबंदी करके कुत्तों को शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया है। देश के शीर्ष न्यायालय ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्ते नहीं दिखनी चाहिए। स्कूल-कॉलेज, अस्पताल से आवारा कुत्तों को हटाया जाए। राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश लागू करने के निर्देश दिए। देश के शीर्ष न्यायालय ने साथ ही हाइवे और एक्सप्रेस-वे पर से भी आवारा पशुओं को हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 8 सप्ताह में अपने आदेश को लागू करने के लिए कहा है।

मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच में हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी राज्यों के मुख्य सचिव इन निर्देशों का सख्ती से पालन करवाएंगे। स्टेटस रिपोर्ट और हलफनामा 3 हफ्ते में दायर किया जाए। इस मामले में अगली सुनवाई अब 13 जनवरी को होगी।

पाकिस्तान की हरकत पर फूटा रूस का गुस्सा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। पाकिस्तान अक्सर कुछ न कुछ ऐसा कर ही देता है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया के सामने उसकी फजीहत हो जाती है। इस बार पाकिस्तानी मीडिया ने कुछ ऐसा कर दिया, जिसके बाद रूसी दूतावास का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। रूसी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पाकिस्तान की क्लास लगा दी। दरअसल, रूस को लेकर पाकिस्तानी अखबार द फ्रंटियर पोस्ट की खबरों पर रूसी दूतावास का गुस्सा फूटा। इसके बाद रूसी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स शेष पृष्ठ 6 पर

मैं अगले साल भारत आ सकता हूं पीएम मोदी एक 'महान व्यक्ति' : ट्रंप

■ पीएम मोदी की प्रशंसा की, अच्छा मित्र और एक महान व्यक्ति बताया

वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे जल्द ही भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें अपना अच्छा मित्र और एक महान व्यक्ति बताया।

व्हाइट हाउस में गुरुवार को हुई प्रेस वार्ता में एक सवाल पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ व्यापार से जुड़ी बातचीत बहुत अच्छे से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम अक्सर बात करते हैं। वे चाहते हैं कि मैं भारत आऊं। हम इसका हल निकाल लेंगे। मैं जाऊँगा... वह एक महान व्यक्ति हैं और मैं जाऊंगा। जब पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत की यात्रा कर सकते हैं, तो ट्रंप ने कहा, शेष पृष्ठ 6 पर

भारत में नया राजदूत नियुक्त किया

उन्होंने यह भी बताया कि पिछले महीने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह हुआ था और अमेरिका ने सर्जियो गोर को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। ट्रंप ने दीपावली के मौके पर भारतीय-अमेरिकी अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी से भी सीधे बात की थी। उन्होंने इसे भारत के साथ संबंधों के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

गरमा-गरम

रेल कर्मचारियों का दावा | **चालक दल पर दोष मढ़ने पूर्वाग्रह तरीके से तैयार की गई रिपोर्ट**

सिग्नल फेल होना हादसे की वजह पर चालकों पर मढ़ा जा रहा दोष!

बिलासपुर/नवप्रदेश। लालखदान में मंगलवार को मेमू पैसेंजर और मालगाड़ी की टक्कर ने 11 जिंदगियां छीन लीं। अब कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफटी बीके मिश्रा ने दूसरे दिन पूछताछ की कमान संभाली। पहले दिन 27 में से सिर्फ 7 कर्मचारियों के बयान लिए. मेडिकल, रिलीफ, लोको और कंट्रोल रूम के अफसरों से सवाल-जवाब हुए। आज सिग्नल, ऑपरेशन और ट्रैक टीम की बारी. सबकी नजरें असिस्टेंट लोको पायलट रश्मि राज और गार्ड शैलेश चंद्र यादव पर हैं. दोनों अभी सिम्स अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं. सूत्र बताते है कि इनके बयान से पता चलेगा कि डेंजर सिग्नल क्यों नजरअंदाज हुआ? सीआरएस जीएम को छोड़ किसी को भी तलब कर सकते हैं। जांच का हर सवाल पूछ रहा कि- क्या यह सिर्फ चूक थी या सिस्टम फेल? वहीं इस रेल दुर्घटना की जॉइंट फाइंडिंग की रिपोर्ट को लेकर सवाल उठने लगे है. एआईएलआरएसए शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रेन की रफ्तार के फ्लो चार्ट को लेकर उठाए सवाल

एआईएलआरएसए के महासचिव अशोक कुमार राउत ने कहा कि मेमू ट्रेन की गति का फ्लो चार्ट देखने से पता चलता है कि स्थानीय मेमू चालक दल ने एक सिग्नल 42 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पार किया. अगर उन्होंने अगला सिग्नल लाल देखा होता, तो वे गति 42 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 73 किमी प्रति घंटे क्यों करते?. ऐसा लगता है कि सिग्नल हरा था और इसलिए उन्होंने गति बढ़ा दी?. उन्होंने कहा मुझे लगता है कि जब उन्होंने आगे मालगाड़ी देखी, तो उन्होंने रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाए, लेकिन रुकने से पहले ही मालगाड़ी से टक्कर हो गई। स्पीड फ्लो चार्ट टक्कर से पहले आपातकालीन ब्रेक लगाने को दर्शाता है. एआईएलआरएसए सदस्यों ने जोर देकर कहा कि रेलवे का प्रारंभिक निष्कर्ष अंतिम नहीं है, क्योंकि यह पर्यवेक्षी अधिकारियों का है। लोको पायलट यूनियन ने कहा, जब तक रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) अंतिम रिपोर्ट नहीं दे देते, किसी को भी दोषी ठहराना गलत है। सीआरएस ने अभी जांच शुरू ही की है।

चालक को दोषी ठहराना उचित नहीं: अटल

वहीं दूसरी तरफ कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि गतौरा रेल दुर्घटना का कारण मृतक लोको पायलट को बताने का प्रयास रेल अधिकारियों द्वारा जल्दी में लिया गया निर्णय है। रेल अधिकारी जवाबदारी से बचने के लिए मृत लोको पायलट को दोषी ठहरा रहे हैं। यह उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि मृत लोको पायलट की पत्नी, बच्चे एवं परिवार अभी सदमे से बाहर भी नहीं आए हैं और 24 घंटे के अंदर प्रारंभिक जांच में यह कह देना कि सीधे लोको पायलट इसके लिए जवाबदार था, यह मानवता नहीं है। श्रीवास्तव ने कहा कि रेलवे जोन के अधिकारी यह अच्छी तरह से समझ लें की दुर्घटना के जांच मे किसी प्रकार के लीपापोती या किसी को भी इसका दोषी करार दिए जाने का विरोध होगा।

भारत-न्यूजीलैंड एफटीए बातचीत का चौथा राउंड निवेश के अवसरों पर रहा केंद्रित : पीयूष गोयल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने अपना न्यूजीलैंड का दौरा सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैंने अपने दोस्त और काउंटरपार्ट टॉड मैकक्ले के साथ मीटिंग कर अपना न्यूजीलैंड का दौरा सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने भारत-न्यूजीलैंड एफटीए बातचीत के चौथे राउंड को लेकर जानकारी देते हुए कहा, भारत-न्यूजीलैंड एफटीए बातचीत का चौथा राउंड गुड्स मार्केट एक्सेस, सर्विसेज, इकोनॉमिक एंड टेक्निकल कोऑपरेशन के अलावा निवेश के अवसरों पर केंद्रित था।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने अपने न्यूजीलैंड दौरे को लेकर बताया कि उन्होंने भारत और न्यूजीलैंड दोनों के बिजनेस लीडर्स के साथ भी बैठकें कीं और कई इवेंट्स में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, मेरे द्वारा दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स के साथ मीटिंग करना और इवेंट्स में भाग लेना मजबूत पीपल-टू-पीपल और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने अंत में कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ती रणनीतिक और इकोनॉमिक कनवर्जेंस के साथ एक बैलेंस्ड, कॉम्प्रिहेंसिव और आपसी फायदों वाले समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए बेहद उत्सुक हैं। इससे पहले, एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया था कि वे अपने काउंटरपार्ट टॉड मैकक्ले के साथ ते शेष पृष्ठ 6 पर

रिकॉर्ड मतदान के लिए सीएम ने जनता का किया धन्यवाद

पटना(आईएएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के बाद राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बिहार के लोगों से आग्रह किया कि 11 नवंबर को दूसरे चरण में भी इसी उत्साह के साथ मतदान करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मतदान के अगले दिन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान के लिए बिहार के लोगों का हृदय से धन्यवाद। पिछले सालों में बिहार ने अभूतपूर्व तरक्की की है। अब समय बिहार को सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का है। लोकतंत्र में मतदान सिर्फ हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी है।÷ उन्होंने आगे लिखा, ÷बिहार के लोगों से आग्रह है कि आने वाली 11 तारीख को दूसरे चरण में भी इसी उत्साह के साथ मतदान करें, ताकि बिहार और आगे बढ़े। सबका सम्मान हो, सबका विकास हो।÷ बिहार में गुरुवार को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में वोटिंग हुई।

121 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को एकमुश्त वोट मिला

पटना/ए.। बिहार चुनाव में ऐतिहासिक 64.46 फीसदी मतदान के बाद सियासत जारी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले चरण की वोटिंग में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जीत का दावा किया था।

अब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन को एकमुश्त वोट मिलने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार ने प्रथम चरण में बदलाव के लिए मतदान किया है। हर बिहारवासी ने 20 साल के अंधकार को मिटाने के लिए, घर से निकल कर परिवर्तन की ऐसी रोशनी जलाई कि पूरे बिहार में सुख, समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान, सौहार्द, शांति और खुशहाली की दस्तक सुनाई देने लगी है।

बिहार में रहने वाले बुजुर्ग और हमारे युवा साथियों ने जिस जोश, जुनून , जज़्बे, उम्मीद और उत्साह के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, उससे साफ हो चुका है कि बिहार में महापरिवर्तन होने जा रहा है। 20 वर्षों से बेरोजगारी, गरीबी, अपराध, अन्याय, गैर बराबरी, अत्याचार, भ्रष्टाचार और अनगिनत पीड़ाओं का अंत होने जा रहा है। सभी 121 सीटों पर बिहारवासियों ने महागठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में एकमुश्त वोट किया है। इसके लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं।

बिहार में महापरिवर्तन होने जा रहा है

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि 20 साल में पहली बार इस तरह की अभूतपूर्व बदलाव की लहर महागठबंधन के पक्ष में दिखाई दे रही है। हर घर से ही नहीं, हर हृदय से भी सिर्फ एक ही आवाज सुनाई दे रही है कि इस बार नई युवा सरकार लायेंगे, हर घर से सरकार चलायेंगे और हर बिहारवासी को सीएम यानी चिंता मुक्त और चेंज मेकर बनायेंगे।

परिवर्तन युग के प्रकाश पुंज हैं बिहारवासी

तेजस्वी यादव ने बिहारवासियों से कहा कि आप लोग मेरी शक्ति और बिहार के परिवर्तन युग के प्रकाश पुंज है। अभी थमना नहीं है, रुकना नहीं है। तकनीकी से तरक्की का प्रकाश थोड़ी ही दूर पर जगमगाता दिख रहा है। हमें विनम्रता के साथ मंजिल तक मजबूत कदम रखते हुए पहुंचना है। विपक्ष द्वारा उत्पन्न बाधाओं का सामना करते हुए, लोकतंत्र और संविधान पर आए खतरे को मिटाते हुए, जनता जनार्दन के हर सपने को लक्ष्य तक पहुंचाना है। आप सभी प्रथम चरण की भांति ही दूसरे चरण यानि 11 नवंबर को भी अपना प्रेम, आशीर्वाद, स्नेह और सहयोग तेजस्वी को दें। आपका बेटा, भाई और साथी, तेजस्वी वचन देता है कि अगले पांच साल में बिहार को इतना खुशहाल बनाएंगे कि 14 नवंबर की तारीख को लोग त्योहार के रूप में मनाने लगेंगे, एक ऐसे दिन के रूप में जिस दिन बिहार में विकसित बनने वाली तरक्की का आगमन हुआ था।

मारब सिक्सर के, 6 गोली छाती में, यही है 'जंगलराज' वालों का तौर-तरीका

भैया की सरकार आने पर अपहरण और रंगदारी का धंधा फिर से शुरू हो जाएगा

कैमूर(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए भभुआ में पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान एनडीए को विजय पथ पर अग्रसर बताया। पहले चरण के चुनाव के बाद एनडीए में खुशी की बात बताई। उसके अलावा उन्होंने महागठबंधन पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के बाद विरोधियों का गुब्बारा फट गया है। कांग्रेस आरजेडी का इको सिस्टम कह रहा है कि फिर एक बार एनडीए सरकार। आरजेडी कांग्रेस ने बिहार के युवाओं को बहुत भ्रमित करने की कोशिश की। सारी प्लानिंग फेल हो गई। बिहार का जागरूक नौजवान इसका कारण है। बिहार का नौवजवान देख रहा है कि आरजेडी- कांग्रेस के इरादे क्या हैं। जंगलराज के युवराज से झूठ के बारे में पूछा जाता है कि झूठे वादे कैसे पूरे करेंगे, तो कहते हैं कि प्लान है। जब पूछा जाता है, प्लान क्या है, तो उत्तर ही नहीं दे पाते हैं। आरजेडी के प्लान से अवगत कराता हूं। आरजेडी का प्लान है।

पीएम मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगलराज को आने मत दीजिएगा। आरजेडी के नेताओं के किस तरह के गाने वायरल हो रहे हैं। आरजेडी वालों का एक गाना है। आएगी भइया की सरकार। बनेंगे रंगदार। सरकार आने पर अपहरण और रंगदारी का धंधा फिर से शुरू हो जाए। आरजेडी रोजगार नहीं दी। रंगदारी वसूलेंगे। रोजगार नहीं देंगे। साथियों- आरजेडी वालों का एक गाना है। देखिए क्या- क्या कर रहे हैं। बिहार में जमानत पर लोग हैं, कैसे लोग हैं। भइया के

'भैया की सरकार आएगी तो कट्टा-फिरौती, यही सब चलेगा'

औरंगाबाद(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औरंगाबाद की जनसभा में राजद पर निशाना साधा और कहा कि 'जंगलराज वालों' के पास वह सब कुछ है, जो नौकरी और निवेश दोनों के लिए खतरा है। उन्होंने बिहार की जनता को सतर्क करते हुए कहा कि ये (राजद समर्थक) खुली घोषणा कर रहे हैं कि 'भैया की सरकार' आएगी तो कट्टा, दोनाली और फिरौती, यही सब चलेगा। लेकिन बिहार में 'कट्टा सरकार' नहीं चाहिए। औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अनुग्रह बाबू और जगदेव बाबू जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद त्याग और बलिदान की धरती है। मैं इस क्षेत्र की सभी महान विभूतियों को नमन करता हूं।

आवे दे सत्ता। कट्टा सट्टा के उठा लेब घरवा से। जंगलराज वाले वापसी के लिए बेचैन हैं। इन्हें जनता की सेवा नहीं करनी है। जनता को कट्टा दिखाकर लूटना है। उन्हें घर से उठवा लेना है। साथियों आरजेडी का एक और गाना चल रहा है। बताउं- बताऊं कैसा गाना चल रहा है। एक गाना चल रहा है। मारब सिक्सर के छ गोली छाती में। यही इनका तौर तरीका है।

'पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया': राहुल गांधी

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। हालांकि भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि राहुल गांधी अपनी नाकामी को छिपाने के लिए देश के लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि 'मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोपों पर चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है और भाजपा लगातार चुनाव आयोग का बचाव कर रही है। लेकिन, वे मेरी कही बात को गलत नहीं बता रहे हैं।' राहुल गांधी ने दावा किया था कि हरियाणा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में 25 लाख एंट्री फर्जी थीं और चुनाव आयोग ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भजापा के साथ मिलीभगत की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि 'मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग मिलकर संविधान पर हमला कर रहे हैं।'

पीएम मोदी चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने

राहुल गांधी ने आरोप लगाया, 'हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे। हम भारत के जेन ज़ी, युवाओं को साफतौर पर दिखाएंगे कि नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं और भाजपा चुनाव चोरी करती है।' बुधवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'यह एक सामान्य सी बात है। मैंने अपनी प्रेजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव, चुनाव नहीं था, और बड़े पैमाने पर चोरी हुई है।'

पहले चरण में 80 फीसदी सीट जीतेगी एनडीए

पटना(आईएएनएस)। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने महागठबंधन की ओर से सीएम पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि 20 साल में पहली बार इस तरह की अभूतपूर्व बदलाव की लहर महागठबंधन के पक्ष में दिखाई दे रही है।

मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव अनुभवहीन हैं, उनके पास क्या अनुभव है? वह बस कह सकते हैं, लेकिन हम लोग 14 नवंबर को सरकार बना रहे हैं।

जीतन राम मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव सिर्फ सपने देख सकते हैं। उससे ज्यादा कुछ नहीं कर सकते हैं, मैं विश्वास के साथ कहता हूं कि हम लोग पहले चरण की 80 फीसदी सीट जीत रहे हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने बिहार चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड 64.66 प्रतिशत मतदान में महिला मतदाताओं की भूमिका का जिक्र किया। मांझी ने कहा कि महिलाओं के लिए नीतीश कुमार ने बीते 10 साल में अभूतपूर्व कार्य किया। आज इसका नतीजा हमें वोटिंग प्रतिशत में देखने को मिला है। शिक्षा हर लड़की को मिलनी चाहिए।

हाल ही में हमारी सरकार ने रोजगार के लिए महिलाओं के बैंक खाते में 10 हजार रुपए दिए। इससे पहले पूर्व की सरकारों ने क्या किया था। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा पर हुए हमले को लेकर उन्होंने कहा कि जो लोग हारने वाले होते हैं वहीं हमला करवाते हैं। हमारे समधी पर भी हमला हुआ था। दरअसल तेजस्वी यादव ने पहले चरण के मतदान के बाद कहा कि बिहार ने बदलाव के लिए मतदान किया है। हर बिहारवासी ने 20 साल के अंधकार को मिटाने के लिए, घर से निकलकर परिवर्तन की ऐसी रोशनी जलाई कि पूरे बिहार में सुख, समृद्धि, सुरक्षा, सम्मान, सौहार्द, शांति और खुशहाली की दस्तक सुनाई देने लगी है।

20 साल में पहली बार इस तरह की अभूतपूर्व बदलाव की लहर महागठबंधन के पक्ष में दिखाई दे रही है।

लालटेन का केरोसिन बेचकर अंधेरा करने वाले अब राशन हजम करने की तैयारी में

पूर्वी चम्पारण(आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रक्सौल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए महागठबंधन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो लोग लालटेन की केरोसिन बेचकर बिहार को अंधेरे में झोंकते थे, वही अब फिर आए हैं आपका राशन हजम करने के लिए। बिहार को अब जंगलराज नहीं, बल्कि सुशासन और समृद्धि की राह पर बढ़ाना है और यह काम केवल एनडीए की डबल इंजन सरकार ही कर सकती है।

सीएम योगी ने कहा कि यह चुनाव सुशासन बनाम जंगलराज का है। बिहार को 1990 से 2005 के बीच जातीय संघर्ष, नरसंहार, अपहरण और डकैती के दौर में झोंकने वाले अब फिर नई पैकिंग में वोट मांगने निकले हैं। याद करिए ना, यह वही लोग हैं जिन लोगों ने लालटेन की धुंधली लाइट में बिहार में जातीय संघर्ष करवाया था। यह वही लोग हैं जो लालटेन की केरोसिन को बेच करके अंधेरा करते थे, फिर घरों में डकैती भी डालते थे।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार ने विकास की नई उड़ान भरी है। आज यहां सड़क, रेल, एयर कनेक्टिविटी, मेट्रो, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल संस्थान और एम्स तक हैं।

60 प्रतिशत जनता चाहती है बदलाव', जन सुराज बनी लोगों की नई उम्मीद

गया जी । बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण के मतदान के बाद जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर ने कहा है कि इस बार रिकॉर्ड मतदान बदलाव का संकेत है। उन्होंने दावा किया कि बिहार की 60त्न से अधिक जनता परिवर्तन चाहती है और जन सुराज को अब एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में देख रही है। प्रशांत किशोर ने कहा, ÷आजादी के बाद पहली बार बिहार में इतना ज्यादा वोटिंग प्रतिशत देखने को मिला है। यह दिखाता है कि लोग बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं। पिछले 30 वर्षों से बिहार की राजनीति में कोई ठोस विकल्प नहीं था, लेकिन जन सुराज के आने से लोगों को एक नया रास्ता मिला है। पीके ने कहा कि इस बार प्रवासी मजदूर चुनाव के ÷एक्स फैक्टर÷ बन गए हैं। ÷छठ के बाद जो प्रवासी मजदूर बिहार में रुके हुए थे, उन्होंने खुद वोट किया और अपने परिजनों को भी वोटिंग के लिए प्रेरित किया। महिलाओं से ज्यादा इस बार प्रवासी मजदूरों की भूमिका अहम रही है। यही लोग बिहार में बदलाव की बयार ला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 14 नवंबर को बिहार का इतिहास लिखा जाएगा, क्योंकि जनता ने इस बार लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। पीके ने कहा, ÷दो करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोट किया है। यह दिखाता है कि जनता अब डर की राजनीति से बाहर निकल चुकी है।

बिहार में कल रिकॉर्ड तोड़ मतदान का मतलब 'प्रो-इनकंबेंसी वोट'

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार में रिकॉर्ड तोड़ मतदान प्रतिशत सत्ता पक्ष के पक्ष में जा रहे रुझान यानी 'प्रो-इनकंबेंसी वोट' का संकेत है। उन्होंने विपक्ष के इस दावे को खारिज कर दिया कि यह एनडीए सरकार के लिए चेतावनी की घंटी है। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पहले चरण में 121 विधानसभा क्षेत्रों में 64.69 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राज्य के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। प्रधान ने कहा कि यह शानदार है। यह प्रो-इनकंबेंसी वोट को दर्शाता है। हाल के वर्षों में कई बार देखा गया है कि जब जनता मौजूदा सरकार से खुश होती है तो वह भारी संख्या में मतदान करने निकलती है। बिहार में भी यही हो रहा है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति लोगों का विश्वास हिमालय जितना ऊंचा और मजबूत है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाएं भी मतदान करने बाहर निकलीं। लोगों ने मीडिया से बातचीत में साफ कहा कि वे विकास और सुरक्षा के लिए वोट दे रहे हैं। प्रधान ने कहा कि यह साफ संकेत है कि हवा किस दिशा में बह रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए का 'सुशासन' का नारा अब 'जंगलराज' के युग की जगह ले चुका है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस अनुमान से पूरी तरह सहमत हैं कि एनडीए 243 सदस्यीय विधानसभा में 160 से ज्यादा सीटें जीत सकती है।

पहले चरण के बाद महागठबंधन की लुटिया डूबी : गिरीराज

14 नवंबर को बिहार में बनेगी एनडीए सरकार

बेगूसराय (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग संपन्न हो चुकी है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पहले फेज के बाद महागठबंधन की लुटिया डूब चुकी है और हार की हताशा में अब सिर्फ झूठे दावे ही किए जाएंगे। 14 नवंबर को बिहार में अगली सरकार एनडीए की बनने जा रही है।

वोट चोरी के मुद्दे पर राहुल गांधी को टारगेट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें पता है कि जब जीत दूर हो तो वोट चोरी का शोर ही सहारा रह जाता है।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा पर हुए हमले पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि विजय सिन्हा के मामले में जो हुआ, वह यादव बहुल गांव था और पहले गरीबों को वोट डालने की अनुमति नहीं थी। वो दिन अब गए जब आप गरीबों को वोट देने से रोक सकते थे।

वोटिंग प्रतिशत को लेकर जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के दावे पर गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर की दुकानदारी अब समाप्त होने वाली है। पीएम मोदी और सीएम नीतीश की जोड़ी को ही वोट मिले हैं। जनसुराज का जो लक्ष्य था, वह कभी नहीं पूरा होगा।

अमित शाह ने मतदाताओं को किया सतर्क

जरा सी गलती हुई तो बिहार में फिर लौट आएगा जंगलराज

जमुई। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए की तीन प्रत्याशियों के पक्ष में शुक्रवार की जमुई के लक्ष्मीपुर प्रखंड के बांगरडीह मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसैलाब से भरे मैदान में उन्होंने महागठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि मतदाता जरा-सी भी चूक कर बैठे, तो बिहार में दोबारा जंगलराज लौट आएगा। उन्होंने दावा किया कि एनडीए शासन ने बिहार को भय और हिंसा के दौर से बाहर निकाला है और अब राज्य विकास की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। अमित शाह ने कहा कि लालू-राबड़ी शासनकाल में नरसंहार और कट्टा संस्कृति आम बात थी। लेकिन, नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अंधकार से निकलकर शांति की ओर बढ़ा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार आएगी तो जंगलराज वापस आएगा, जबकि एनडीए सुशासन और विकास का पर्याय है।

25 साल बाद लोग बिना डरे कर पा रहे हैं मतदान

गृह मंत्री ने अपने संबोधन में जमुई में नक्सलवाद के इतिहास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कभी यह क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति और सुरक्षा सुधारों की बदौलत अब यहां शांति स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले लोग तीन बजे तक ही मतदान कर पाते थे, लेकिन अब 25 साल बाद लोग बिना डरे शाम पांच बजे तक मतदान कर पा रहे हैं, यह एनडीए सरकार की उपलब्धि है।

जमुई में बने गोला-बारूद से आतंकवाद पर प्रहार किया जाएगा

अमित शाह ने कहा कि ÷विदेश का नहीं, जमुई में बने गोला-बारूद से आतंकवाद पर प्रहार किया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि जीविका दीदियों को दो लाख रुपए तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी और किसानों को दी जाने वाली सहायता राशि छह हजार से बढ़ाकर नौ हजार की जाएगी। महागठबंधन पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पास न कोई विकास एजेंडा है, न राज्य के भविष्य की कोई योजना। नीतीश कुमार हमारे मुख्यमंत्री हैं और नरेंद्र मोदी हमारे प्रधानमंत्री। इन्हीं के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ेगा। अमित शाह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जमुई सहित क्षेत्र की चारों सीटें एनडीए के खाते में जाएं ताकि विकास की गति और तेज हो सके। उन्होंने जनसभा में कई घोषणाएं भी कीं, जिनमें बिहार को अगले पांच साल में विकसित राज्य के रूप में तैयार करने की योजना, खेतों तक नदी का पानी पहूंचाने का प्रोजेक्ट, जमुई में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक सौंदर्य का उपयोग, और डिफेंस कॉरिडोर के तहत गोला-बारूद का कारखाना स्थापित करने की बात शामिल थी।

नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस, ईडी की चार्जशीट पर फैसला सुरक्षित

29 नवंबर को अगली सुनवाई

नई दिल्ली (आईएएनएस)। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में कोर्ट 29 नवंबर को अपना फैसला सुनाएगी। इससे पहले, 30 अक्टूबर को अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा था। इस मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। यह मामला 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत से शुरू हुआ था, जिसमें आरोप लगाया गया कि कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड अखबार की मूल प्रकाशक कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों को अनुचित तरीके से हथियाने की साजिश रची।

21.73 करोड़ की लागत से जरहाभाठा में बनेगा 300 सीटर बालक छात्रावास

प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा, जनजातीय गौरव दिवस व राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बिलासपुर संभाग सहित कुल 10 जिलों बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, मुंगेली, कबीरधाम, रायगढ़ एवं कोरबा के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ, संबंधित सहायक आयुक्त एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

श्री बोरा ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं की निगरानी नियमित समीक्षा एवं फील्ड निरीक्षण के माध्यम से की जाए। उन्होंने अधिकारियों से जनजातीय समुदाय के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी देने, संपर्क एवं संवाद बढ़ाने पर भी बल दिया। शासन की योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा जब वह अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। सभी अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जो कार्य नियोजित अवधि में पूर्ण नहीं किए जा सकते, उन्हें निरस्त किया जाए, और जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनके उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) तत्काल प्रस्तुत किए जाएँ। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएँ सीधे जनहित से जुड़ी हैं, अतः इनके क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रमुख सचिव ने बताया कि 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर पूरे राज्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपरा और संस्कृति के संरक्षण हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बिलासपुर जिले में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सम्मिलित होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दिन सभी आश्रमों और छात्रावासों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 19 एवं 20 नवम्बर को अंबिकापुर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन की संभावना है।

कॉलेज प्राचार्य छात्रवृत्ति योजना में प्रगति लाएं

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक लेकर छात्रवृत्ति योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिलना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जरहाभाठा में 21.73 करोड़ की लागत से 300 सीटर अनुसूचित जाति बॉयज हॉस्टल बनाया जाएगा। इसके साथ ही 300 सीटों की क्षमता वाला गर्ल्स हॉस्टल बनाने की कार्ययोजना भी तैयार की जा रही है। इन अधोसंरचनात्मक कार्यों से छात्रों को सुरक्षित आवास, बेहतर शिक्षा वातावरण और सुविधाजनक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। जिनमें बैगा, गुनिया, हड़जोड़ सम्मान योजना, मुख्यमंत्री जनजातीय ग्राम अखरा विकास योजना शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य पारंपरिक जनजातीय समाज को सामाजिक सम्मान, सांस्कृतिक संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाना है।

■ न्यूज गैलरी

उप मुख्यमंत्री अरुण साव नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में शामिल होंगे।

भारत सरकार का केन्द्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय 8 नवम्बर और 9 नवम्बर को आयोजित इस कॉनक्लेव में विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ शहरी विकास के विभिन्न आयामों और टिकाऊ विकास पर मंथन करेगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव कॉनक्लेव में भाग लेने 7 नवम्बर को रात दस बजे नियमित विमान से नई दिल्ली के रवाना होंगे। वे रात 11:50 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। वे 8-9 नवम्बर को सवेरे साढ़े नौ बजे से नई दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) में आयोजित नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में भागीदारी करेंगे।

पीजी मेडिकल एडमिशन: डोमिसाइल आधारित आरक्षण को चुनौती

राज्य सरकार ने कहा-पीजी नियम 2025 को विधि विभाग ने दे दी है मंजूरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नीट क्वालीफाई के बाद पीजी में एडमिशन के लागू डोमिसाइल आधारित आरक्षण को डा समृद्धि दुबे ने चुनौती दी है। छत्तीसगढ़ में नियम है कि छत्तीसगढ़ से एमबीबीएस पास करने वाले चिकित्सक को पीजी में पहले प्रवेश दिया जाता है। सीट खाली होने की स्थिति में अन्य राज्य के एमबीबीएस डिग्रीधारी चिकित्सक को पीजी में एडमिशन दिया जाता है। याचिकाकर्ता डा. समृद्धि दुबे छत्तीसगढ़ की मूल निवासी हैं, एमबीबीएस की पढ़ाई छत्तीसगढ़ से बाहर रहकर की है। राज्य में लागू डोमिसाइल आधारित आरक्षण को चुनौती है। महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने डिवीजन बेंच को बताया कि राज्य सरकार पीजी रूल्स 2025 ला रही है। विधि विधायी विभाग ने इसे स्वीकार कर लिया है।

मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। महाधिवक्ता ने डिवीजन बेंच को बताया कि राज्य सरकार ने नियमों को अंतिम रूप दे दिया है। विधि विधायी विभाग की सहमति मिल गई है। जल्द ही इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। एजी डिवीजन बेंच को जानकारी दी कि साथ ही राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एनएमसी ने पीजी में एडमिशन के लिए पूर्व निर्धारित तिथि को दो दिन आगे बढ़ा दिया है। महाधिवक्ता के जवाब के बाद हाई कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच ने 10 नवंबर की तिथि तय कर दी है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव, अधिवक्ता संदीप दुबे राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन. भरत, उप-महाधिवक्ता शशांक ठाकुर के अलावा अन्य पक्षकारों की ओर से अधिवक्ता धीरज वानखेड़े का पक्ष रख रही अधिवक्ता ऐश्ले श्रीवास्तव, अधिवक्ता अनमोल शर्मा और अधिवक्ता धीरज सुराना ने पैरवी की।

पीजी मेडिकल एडमिशन में डोमिसाइल या रेजिडेंस आधारित आरक्षण असंवैधानिक

याचिकाकर्ता डॉ. समृद्धि दुबे छत्तीसगढ़ की स्थायी निवासी हैं। उन्होंने 2018 में नीट-यूजी के आधार पर वीएमकेवी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सलेम (तमिलनाडु) से एमबीबीएस में दाखिला लिया। 2023 में पढ़ाई पूरी करने के बाद इंटर्नशिप और मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने नीट-पीजी 2025 परीक्षा दी और उसमें क्वालिफाई हुई। याचिका में यह भी कहा गया कि छत्तीसगढ़ में लागू यह प्रावधान डॉ. तन्वी भेल बनाम श्रेया गोयल (2025) मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विपरीत है, जिसमें कहा गया कि पीजी मेडिकल एडमिशन में डोमिसाइल या रेजिडेंस आधारित आरक्षण असंवैधानिक है।

डॉ. मढरिया दिल्ली में आज देंगे मोतियाबिंद के एडवांस फेको ऑपरेशन में व्याख्यान

बिलासपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली में एम्स द्वारा आयोजित छठवां अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विशेषज्ञों के सम्मेलन में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर डॉ. एल. सी. मढरिया का मोतियाबिंद के एडवांस फेको ऑपरेशन में व्याख्यान देंगे। नई दिल्ली में डॉ. आर. पी. सेंटर एम्स द्वारा आयोजित छठवां बेनियल वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस आई एस एम एस आई सी एस 7 से 9 नवंबर तक होटल अशोक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में विश्व के लगभग 1000 नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे डॉ. मढरिया ने बताया सम्मेलन इंडिया हेबिटेट सेंटर होटल अशोक नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है जो डॉ आर पी सेंटर एम्स के पूर्व डायरेक्टर पद्मश्री डॉ प्रोफेसर जे एस टिटियाल व डॉ. प्रोफेसर नम्रता शर्मा विभाग अध्यक्ष कॉर्निया एवं रिफ्रैक्टिव सर्जरी आर पी सेंटर एम्स के मार्गदर्शन में हो रहा है इस सम्मेलन में अमेरिका से डॉ. उदय

देवगन, डॉ. बोरिस मलुगीना, लंदन से डॉ. फिस्टोफर, इजिप्ट से डॉ. जायदा, डॉ. अमर राडी, फिलिपींस से डॉ. कादिल, डॉ. तान सिंगापुर से व अन्य देशों के नेत्र विशेषज्ञों व भारत के प्रख्यात नेत्र सर्जन का व्याख्यान व शोध पत्र पढ़े जाएंगे। इस सम्मलेन में डा मढरिया द्वारा मोतियाबिंद के एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण की नै तकनीकी के बारे में बताएँगे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अंधत्त निवारण के विश्व स्तरीय नई तकनीकी के बारे में जिसमें मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन, डायबिटीज व काँचबिंद से होने वाले अंधत्व से बचने के लिए नई इलाज व इंजेक्शन के बारे में, बच्चों में हो रहे मायोपिया व कैंसर के इलाज व अन्य नेत्र की बीमारियों के इलाज के बारे में बताया जाएगा।

बालीजात्र महोत्सव कटक में होगा गेड़ी नृत्य का प्रदर्शन

■ **जिले की लोक श्रृंगार भारती संस्था को मिला आमंत्रण**

बिलासपुर/नवप्रदेश। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं उड़ीसा शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बालीजात्र कटक महोत्सव में इस वर्ष बिलासपुर की सुप्रसिद्ध लोक कला संस्था 'लोक श्रृंगार भारती' को गेड़ी लोक नृत्य प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रण प्राप्त हुआ है। यह संस्था लगातार तेरहवें वर्ष इस प्रतिष्ठित मंच पर अपनी प्रस्तुति देने जा रही है। लोक श्रृंगार भारती संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार गढ़ेवाल के नेतृत्व में 18 सदस्यीय दल आगामी 10 नवंबर को महानदी के तट पर आयोजित इस भव्य महोत्सव में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गेड़ी नृत्य का प्रदर्शन करेगा, अनिल गढ़ेवाल स्वयं दल का नेतृत्व करते हुए गेड़ी नृत्य का गायन करेंगे। दल में मुख्य मांदल वादक मोहन डोंगरे, बांसुरी वादक महेश नवरंग, हारमोनियम वादक सौंखी लाल कोसले, तथा सहगायक भारत वस्त्रकार और द्वारिका कोसले शामिल हैं। वहीं प्रभात बंजारे और चेतन कुर्रे मुख्य गेड़ी नर्तक के रूप में प्रस्तुति देंगे। इनके साथ लक्ष्मी नारायण माण्डले, फूलचंद ओगरे, मनोज माण्डले, चंद्रशेखर केवट, शुभम भार्गव, सुराज खांडे, शुभम भारद्वाज और उदय खांडे नृत्य में भाग लेंगे। नर्तक पारंपरिक कौड़ियों एवं चीनी मिट्टी की मालाएँ, पटसन वस्त्र, सिक बंध और मयूर पंख धारण कर छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा की झलक प्रस्तुत करेंगे।

पीएम ने नृत्य का किया था अवलोकन

उल्लेखनीय है कि हाल ही में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित लोक महोत्सव हैदराबाद में भी इस दल ने अपनी प्रस्तुति दी थी। इसके अतिरिक्त राज्योत्सव 2025 रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस गेड़ी नृत्य का अवलोकन किया था। अब तक 22 राज्यों में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी लोक श्रृंगार भारती संस्था ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

लोको पायलट की बेटियों की शिक्षा व विवाह का जिम्मा कोल कम्पनी ने लिया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर रेल हादसे में मृत लोको पायलट विद्यासागर कुशवाहा की तीनों बेटियों की शिक्षा एवं विवाह का जिम्मा क्लीन कोल इन्टरप्राईजेस प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी ने उठाने की घोषणा की है। कम्पनी के संचालक संजय अग्रवाल ने इस आशय का लिखित पत्र जिला कलेक्टर एवं डीआरएम रेल्वे बिलासपुर को सौंपा है। यही नहीं कम्पनी ने हादसे में मृत लोगों के बच्चों की संपूर्ण शिक्षा में सहयोग करने का भी वचन दिया है।

पीएम मोदी ने किया स्मरणोत्सव का शुभारंभ, जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय चेतना और स्वाभिमान के प्रतीक 'वंदे मातरम्' गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को पूरे देश में भव्य स्मरणोत्सव मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम से स्मरणोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर बिलासपुर जिले में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लिंगियाडीह सहित जिले के सभी शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों ने एक साथ जुड़कर इस राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गान किया। वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक उद्बोधन को अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सुना। आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लिंगियाडीह में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया। गीत के गूंजते सुरों के बीच देशभक्ति का वातावरण बना रहा। विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को ध्यान से सुना और उनके संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि वन्देमातरम् को पहले वे केवल राष्ट्र गीत के रूप में जानते थे लेकिन इस आयोजन से उन्हें राष्ट्र गीत के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है कि कैसे यह गीत हमारे देश के गौरव,अस्मिता और शक्ति, सम्मान का प्रतीक है स्कूली छात्रों सृष्टि, प्रवीण साहू और देव ने कहा कि आज इस कार्यक्रम ने उन्हें गौरान्वित होने का अवसर दिया है। लिंगियाडीह स्कूल के साथ ही जिले के सभी विकासखंड के शासकीय, निजी स्कूलों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों व विभिन्न विभागों में वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़कर वन्देमातरम का सामूहिक गान किया गया।

रतनपुर में कल्चुरी कलार महोत्सव 9 को, गूंजेगी संस्कृति और एकता की स्वर

बिलासपुर/रतनपुर/नवप्रदेश। कल्चुरी कलार महासंघ, छत्तीसगढ़ द्वारा इस वर्ष 'कल्चुरी कलार महोत्सव' का भव्य आयोजन रविवार, 9 नवंबर को किया जा रहा है। ऐतिहासिक कुलदेवी माँ महामाया मंदिर प्रांगण, रतनपुर इस अवसर पर समाज की परंपरा, कला और गौरवगाथा के रंगों से सराबोर होगा। यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कल्चुरी समाज की एकता, संस्कृति, धरोहर और सम्मान का विराट उत्सव बनने जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न संगठनों को एक सूत्र में पिरोना, नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ना और राज्य को कल्चुरी परंपरा की समृद्ध धरोहर से परिचित कराना है। महोत्सव का शुभारंभ प्रातः कुलदेवी माँ महामाया की आराधना से होगा। इसके बाद माता बहादुर कलंगी और सहस्त्रबाहु जी का पूजन-वंदन किया जाएगा। आस्था और श्रद्धा से भरे इस अनुष्ठान के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर प्रारंभ होगा, जिसमें समाज की कला, संगीत और परंपरा की अनोखी झलक देखने को मिलेगी। इसके बाद समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक एकता और संगठन सुदृढ़ीकरण पर विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल करेंगे।

मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि, मंत्री जायसवाल करेंगे अध्यक्षता

जिला पुलिस में आरक्षक ट्रेडमेन व चालक भर्ती के लिए ट्रेड टेस्ट 17 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला पुलिस बल में आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेडमेन के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए 17 नवम्बर से 19 नवम्बर तक ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया गया है। पूर्व में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण एवं लिखित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को इस टेस्ट के लिए बुलाया गया है। सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित यह टेस्ट संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में 17 नवम्बर से शुरू होगा। बिलासपुर सहित कोरबा एवं जीपीएम जिले के लिए आरक्षक चालक एवं ट्रेडमेनों की भर्ती इसमें की जायेगी। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि टेस्ट के पहले दिन 17 नवम्बर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 100, आरक्षक कुक ट्रेड के लिए 5, आरक्षक नाई ट्रेड के लिए 11 और आरक्षक टेलर ट्रेड के लिए 4 अभ्यर्थियों को शामिल होने के लिए बुलाया गया है। दूसरे दिन 18 नवम्बर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 65, कोरबा जिले के आरक्षक चालक के लिए 4, जीपीएम जिले में आरक्षक चालक के लिए 6 और कोरबा जिले में ही आरक्षक डीआर के लिए 15 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

आयोजन बिलासपुर, ब्रजराजनगर, रायगढ़, चांपा, कोरबा, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, पेंड्रारोड, मनेन्द्रगढ़ सहित 10 स्टेशनों में होगा आयोजन

रेलवे पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने विशेष कैंप का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशानुसार रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जोनल रेलों में 1 से 30 नवम्बर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 आयोजित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा उन्हें अपने घर से या अपनी पेंशन वितरण बैंक शाखा से डिजिटल रूप में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा प्रदान करना है।

इन विशेष कैंपों का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है- 10 नवम्बर को ब्रजराजनगर स्टेशन, 12 नवम्बर को रायगढ़ स्टेशन, 14 नवम्बर को उमरिया स्टेशन, 17 नवम्बर को चांपा स्टेशन, 19 नवम्बर को बिलासपुर के एनई इंस्टिट्यूट में, 21 नवम्बर को कोरबा स्टेशन, 24 नवम्बर को शहडोल स्टेशन, 25 नवम्बर को अनूपपुर स्टेशन, 26 नवम्बर को पेंड्रारोड स्टेशन, 28 नवम्बर को मनेन्द्रगढ़ स्टेशन में किया जाएगा। बिलासपुर मंडल के कार्मिक विभाग ने इस अभियान की सफलता हेतु पेंशन वितरण बैंकों एवं पेंशनर्स एसोसिएशनों के साथ समुचित समन्वय स्थापित किया है, ताकि अधिक से अधिक पेंशनभोगी इस डिजिटल सुविधा का लाभ उठा सकें। रेलवे प्रशासन द्वारा सभी पेंशनभोगियों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने निकटतम स्टेशन पर आयोजित इस विशेष डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट कैंप में उपस्थित होकर इस निःशुल्क फेस-आधारित सुविधा का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

बिलासपुर में 10 से 28 तक होगा आयोजन

इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल द्वारा मंडल के सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों की सुविधा हेतु 10 नवम्बर से 28 नवम्बर 2025 तक विशेष कैंपों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें फेस-आधारित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट निःशुल्क बनाए जाएंगे।

सुविचार

जब लगे कि जिंदगी में अब कुछ नहीं रखा है तब समझ लेना कि अब जिंदगी बेहतर होने वाली है। -अज्ञात

बिहार में बंपर वोटिंग के मायने

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हो गया। इस बार बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं की आशंका थी और चुनाव प्रचार के दौरान जनसुराज पार्टी के एक कार्यकर्ता की हत्या होने के बाद मतदान के बाद ही अप्रिय स्थिति निर्मित होने की आशंका जताई जा रही थी लेकिन चुनाव आयोग ने मतदान के दिन सुरक्षा के चाक चौबंध इंतेजाम कराये थे। नतीजतन पहले चरण का मतदान अपेक्षाकृत शाांति से हो गया। इस बार पिछले चुनाव के मुकाबले पहले चरण के मतदान में 65 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बंपर वोटिंग के मायने तलाशे जा रहे हैं और राजनीतिक दलों के नेता इसे लेकर अपनी अपनी ढफली पर अपना अपना राग अलाप रहे हैं। बिहार के 18 जिलों में जिन 121 सीटों पर पहले चरण का मतदान हुआ है। उसमें पिछले चुनाव में महागठबंधन को ज्यादा सीटें मिली थी। किन्तु इस बार पिछले चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा मतदान होने से एनडीए में हर्ष की लहर दौड़ गई है। उनका कहना है कि यह बंपर वोटिंग एनडीए के पक्ष में हुई है। क्योंकि इन सभी सीटों पर महिला मतदाताओं ने बढ़चढ़कर वोटिंग की है और महिलाओं के वोट एनडीए के ही पक्ष में गये हैं क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने से पहले ही महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना लागू की थी जिसके तहत जरूरतमंद महिलाओं के खाते में दस-दस हजार रूपये डाले गये थे। यही वजह है कि महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तो यहां तक दावा किया है कि पहले चरण की 121 सीटों में से एनडीए को सौ सीटें मिलने जा रही हैं और तेजस्वी यादव खुद अपनी राघोपुर विधानसभा सीट से चुनाव हारने जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के नेता इस बंपर वोटिंग को परिवर्तन की आंधी करार दे रहे हैं। उनका कहना है कि लगातार 20 साल से नीतीश कुमार का शासन देखकर अब बिहार की जनता ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है। इसलिए पहले चरण के मदतान में बिहार में पहली बार इतनी ज्यादा वोटिंग हुई है। वैसे भी मतदान के प्रतिशत में ज्यादा बढ़ौत्तरी सत्ता परिवर्तन की ही सूचक मानी जाती है लेकिन कभी कभी इसके उलट भी हो जाता है। मतदान पहले चरण के मतदान के दिन ही राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने ट्विटर पर यह पोस्ट डाली थी कि रोटी को बार बार बदलना जरूरी होता है। अन्यथा रोटी जल जाती है। बहरहाल यह तो बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों से ही पता चलेगा कि यह बंपर वोटिंग किसके पक्ष में हुई है।

सहकारी समिति कर्मियों की सुध ले सरकार

छत्तीसगढ़ी मे विष्णुदेव साय सरकार ने आगामी 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की घोषणा कर दी है और खुद मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को धान खरीदी की व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश भी दे दिये हैं। धान खरीदी की तैयारी शुरू भी हो गई है लेकिन इसी बीच सहकारी समिति के कर्मचारियों ने अपना वेतन बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल का अव्हान कर दिया है। जिससे धान खरीदी की प्रक्रिया बाधित हो सकती है। सहकारी समीति के कर्मचारियों की समस्याओं पर सरकार को तत्काल विचार करना चाहिए और उनकी सुध लेनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी की प्रक्रिया को सहकारी समिति के कर्मचारी ही अंजाम देते हैं और उनकी संख्या अपेक्षाकृत कम है। जिसकी वजह से धान खरीदी के दौरान कर्मचारियों पर काम का अतिरिक्त बोझ पड़ता है और इसकी वजह से उन्हें किसानों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ता है। सहकारी समीति के कर्मचारी कार्यस्थल पर सेवा सुरक्षा की भी गारंटी चाहते हैं और वे इस बात को लेकर भी नाराज है कि धान खरीदी केन्द्रों में धान उठाव में जो देरी होती है उसकी जिम्मेदारी भी सहकारी समिति के कर्मचारियों पर डाल दी जाती है। बहरहाल सहकारी समिति के कर्मचारियों की इस हड़ताल को सरकार गंभीरता से ले और बातचीत के जरिए उनकी समस्याओं का समाधान करें।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अपने आत्म कल्याण के लिए पूरे पश्थ्वी का भी त्याग करना पड़े तो बड़ा सस्ता सौदा है, एक क्षण की भी देरी नहीं करनी चाहिए।

❖ अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को सिर्फ पहचाना ही नहीं है अपितु जीना भी है।

❖ धर्म तो एक ही है अपने पुरुष होने का, अपनी स्त्री होने का, अपने मनुष्य होने का और वो है गुरु-गोविंद पद सेवा।

❖ अपनी दुर्बुद्धि से हमें मुक्ति पाना है, किसी और के दुर्बुद्धि पर हमारा अधिकार नहीं है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1917 प्रसिद्ध भारतीय महिला चिकित्सक कमल रणदिवे का जन्म। 1929 भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का जन्म। 1945 हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई। 1956 संयुक्त राष्ट्र(संरा) ने तत्कालीन सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की। 1957 ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया। 1959 प्रसिद्ध साहित्यकार लोचन प्रसाद पाण्डेय का निधन। जिन्होंने हिन्दी एवं उड़िया भाषाओं में काव्य रचनाएँ भी की। 1967 अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1988 चीन में विनाशकारी भूकंप से 900 लोगों की मौत हुई। 1992 जर्मनी की राजधानी बर्लिन में नस्लवाद के खिलाफ हुए प्रदर्शन में तीन लाख लोगों ने हिस्सा लिया। 1998 बांग्लादेश में देश के प्रथम प्रधानमंत्री शेख़मुजीबुर्रहमान की हत्या में 15 लोगों को मृत्युदंड। 1999 राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 331 रन की साझेदारी कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

रेल सुरक्षा : सुधार की पटरियों पर कब चढ़ेगा सिस्टम?

योगेश कुमार गोयल

जब तक सुरक्षा को मुनाफे से ऊपर नहीं रखा जाएगा, जब तक रेल बजट में सुरक्षा खंड को लागत नहीं बल्कि निवेश नहीं माना जाएगा, तब तक यह रक्तरंजित यात्रा जारी रहेगी। बहरहाल, अब समय आ गया है, जब रेल हादसों को मात्र दुर्घटनाएं कहकर टाला नहीं जा सकता क्योंकि ये घटनाएं अब प्रशासनिक अपराधों का रूप ले चुकी हैं। हर साल निर्दोष नागरिकों की जानें जाती हैं और जिम्मेदारी जांच रिपोर्टों की धूल में दबी रह जाती है। देश को अब उस मानसिकता से बाहर निकलना होगा, जहां 'हादसे के बाद कार्रवाई' ही नीति बन चुकी है। आवश्यकता है ऐसी व्यवस्था की, जो दुर्घटनाओं से पहले सतर्कता और रोकथाम सुनिश्चित करे। यात्रियों की सुरक्षा कोई दया नहीं, उनका संवैधानिक अधिकार है, जो केवल कागज पर नहीं, पटरियों पर भी सुरक्षित होना चाहिए। जब तक हर ट्रेन यात्रा भय से नहीं, विश्वास से शुरू और समाप्त नहीं होती, तब तक भारतीय रेल प्रगति की नहीं, असंवेदनशीलता की प्रतीक बनी रहेगी। सच्चा विकास तभी होगा, जब हर गंतव्य तक पहुंचने वाली ट्रेन हर यात्री को सुरक्षित जीवन की गारंटी दे सके।

भारत की रेल पटरियां देश की धमनियां कही जाती हैं, जो प्रतिदिन करोड़ों लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती हैं, जो अर्थव्यवस्था का इंजन चलाती हैं, जो इस विशाल देश की सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हैं लेकिन जब इन्हीं पटरियों पर बार-बार मौत की चीखें गूंजती हैं तो सवाल केवल हादसों का नहीं रहता बल्कि उस पूरे तंत्र की आत्मा पर उठता है, जिसने सुरक्षा को केवल एक चुनावी 'घोषणापत्र' सरीखा बनाकर रख दिया है। बिलासपुर के लालखदान में हुआ हालिया रेल हादसा इसी गहरी लापरवाही का ताजा उदाहरण है, जहां एक मेमू ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा घायल हो गए। इंजन मालगाड़ी के गार्ड केबिन पर चढ़ गया और वह मंजर किसी युद्धस्थल से कम नहीं था।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की यह दुर्घटना देश के लिए महज एक और संख्या नहीं है बल्कि इस बात की प्रतीक है कि भारत के रेल तंत्र में तकनीक, सतर्कता और जवाबदेही का घोर अभाव है। बिलासपुर कलेक्टर के अनुसार, ट्रेन कोरबा से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी और गतौरा-बिलासपुर के बीच मालगाड़ी से टकरा गई। इस टक्कर ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया कि देश में रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था आज भी 'कागज पर कवच' से ज्यादा कुछ नहीं है। इस हादसे की भयावहता के साथ ही जब हम इसी साल के कुछ अन्य रेल हादसों पर नजर डालते हैं, तो एक सिहरन सी उठती है। महाराष्ट्र के ठाणे में जून 2025 में चार यात्रियों की मौत केवल इसलिए हुई थी क्योंकि भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेनों में पायदान पर लटकते यात्रियों के बैग आपस में टकरा गए थे। बिहार के कटिहार में जून 2025 में अवध असम एक्सप्रेस रेलवे ट्रॉली से टकरा गई, जिससे एक ट्रॉलीमैन की मौत और चार कर्मचारी गंभीर घायल हुए। मार्च में ओडिशा के कटक जिले में बेंगलुरू-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। अप्रैल 2025 में झारखंड के साहेबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर में दो लोगों की मौत हुई। जुलाई 2025 में उसी जिले के बरहड़वा में बिना लोको पायलट की 14 बोगियां तेज रफ्तार से दौड़ती हुई दूसरी मालगाड़ी से जा टकराईं।

बिलासपुर का हादसा तो इस साल का सबसे बड़ी रेल दुर्घटना बन चुका है। यह स्पष्ट संकेत है कि हादसे अब अपवाद नहीं बल्कि एक भयानक पैटर्न बन चुके हैं। हर बार रेल मंत्रालय बयान देता है, 'दोषियों पर कार्रवाई होगी', 'मुआवजा दिया जाएगा', 'जांच समिति गठित की गई है', और फिर कुछ ही दिनों में सब भुला दिया जाता है। सवाल है कि क्या रेलवे अब केवल 'प्रतिक्रिया देने वाला तंत्र' बन गया है, जहां कार्रवाई केवल तभी होती है, जब हादसा हो चुका होता है?

भारत में रेल हादसों का इतिहास उतना ही पुराना है, जितनी रेल सेवा स्वयं। भारत में हर साल बहुत बड़ी संख्या में होने वाले रेल हादसों में से करीब 70 प्रतिशत हादसे मानव त्रुटि के कारण होते हैं यानी कि या तो सिग्नलिंग सिस्टम में गलती या ट्रैक निरीक्षण में लापरवाही या फिर ट्रेन संचालन में मानवीय भूल। शेष हादसे तकनीकी खराबी, पुरानी पटरियों, रखरखाव की कमी और ओवरलोडिंग के कारण होते हैं। इन तथ्यों से यह साफहो जाता है कि भारत की रेल प्रणाली में सुरक्षा संस्कृति का अभाव है। यहां तकनीक पर निवेश से अधिक जोर घोषणाओं पर है। बीते वर्षों से 'कवच' सिस्टम को लेकर खूब प्रचार किया गया, कहा गया कि यह एक ऐसा स्वदेशी एंटी-कोलिजन सिस्टम है, जो दो ट्रेनों को टकराने से बचाएगा लेकिन आज की हकीकत यह है कि देश के केवल 4 प्रतिशत रेल नेटवर्क पर ही कवच लागू हुआ है, बाकी 96 प्रतिशत ट्रैक आज भी मानव सतर्कता पर निर्भर हैं और यही सबसे बड़ा खतरा है। रेल प्रशासन का रवैया भी उतना ही असंवेदनशील है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा कर दी जाती है लेकिन यह मुआवजा न किसी बच्चे को उसका पिता लौटा सकता है, न किसी पत्नी को उसका पति, न किसी मां को उसका बेटा। जरूरत मुआवजे की नहीं, जवाबदेही की है।

यह दुर्भाग्य है कि जिस भारतीय रेलवे को 'विश्व की चौथी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था' कहा जाता है, वहां अब भी अधिकांश ट्रैक ब्रिटिश कालीन तकनीक पर चल रहे हैं। ट्रेन ड्राइवरों को 8 से 12 घंटे तक बिना विश्राम रेल चलाने की मजबूरी, सिग्नलिंग उपकरणों की खराबी और निरीक्षण प्रणाली की औपचारिकता, ये सब मिलकर दुर्घटना की जमीन तैयार करते हैं। ऐसी किसी भी घटनां के बाद हर बार राजनीतिक बयानबाजी शुरू होती है, रेल मंत्री हादसे की उच्चस्तरीय जांच का ऐलान करते हैं और कुछ हफ्तों बाद कोई नई परियोजना या वंदे भारत उद्घाटन के बीच वह घटना जनता की स्मृति से मिट जाती है लेकिन जो परिवार अपनों को खो चुके होते हैं, उनके लिए वह हादसा जीवनभर की सजा बन जाता है।

भारत में आज रेलवे की सबसे बड़ी आवश्यकता है सुरक्षा का वास्तविक आधुनिकीकरण। केवल कवच सिस्टम ही नहीं बल्कि ट्रैक मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन सर्वे, स्वचालित सिग्नलिंग, लोको पायलट के थकान-निगरानी उपकरण और रीयल-टाइम संचार प्रणाली की अनिवार्यता। 2024 में रेलवे ने दावा किया था कि 2027 तक 50,000 किलोमीटर नेटवर्क कवच से लैस होगा लेकिन आज की प्रगति देखकर यह लक्ष्य किसी दिवास्वप्न जैसा लगता है। नवंबर 2024 तक कवच सिस्टम लगभग 1,548 किलोमीटर ट्रैक पर लागू हो चुका था और उसके बाद से धीमी गति से इसका विस्तार जारी है। ऐसे में 2027 तक 50,000 किलोमीटर कवच से लैस करने का लक्ष्य प्राप्त करना अभी बहुत चुनौतीपूर्ण दिख रहा है और लक्ष्य से काफी पीछे है। विस्तृत कवच नेटवर्क के लिए काफी संसाधन और समय की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि जब देश अंतरिक्ष में चंद्रयान उतार सकता है तो पटरियों पर सुरक्षित यात्रा क्यों नहीं सुनिश्चित कर सकता? यह केवल तकनीक का नहीं, प्राथमिकता का प्रश्न है।

डरावने हैं छात्रों की आत्महत्या के आंकड़े

राजेश माहेश्वरी

लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। जो न केवल चिंताजनक है बल्कि डरावनी भी है। आत्महत्या के तेजी से बढ़ते आंकड़े यह दर्शाते हैं कि लोग मानसिक रूप से इतने कमजोर होते जा रहे हैं कि छोटी-छोटी बातों पर जिंदगी खत्म कर लेने जैसा बड़ा कदम उठा ले रहे। शोध और सरकारी दस्तावेजों से पता चलता है कि छात्रों की आत्महत्याओं के पीछे मुख्य कारण शैक्षणिक और सामाजिक तनाव के साथ-साथ कॉलेजों या संस्थाओं से मदद ना मिलना और जागरूकता का अभाव है। बीती 31 अक्टूबर से 3 नवंबर यानी चार दिनों में यूपी के प्रयागराज जिले में एक दर्जन लोगों ने अपनी जिंदगी खत्म कर ली। इनमें सबसे बड़ी संख्या किशोरों और युवाओं की है। बीती 31 अक्टूबर को करेली के जीटीबी नगर के 15 वर्षीय इमरान ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसे मां ने पढ़ाई के लिए डांट दिया था। युवाओं की आत्महत्या के मामले देश में तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रयागराज ही नहीं देशभर से ऐसी खबरें आती रहती हैं।

राष्ट्रीय अपराध रेकॉर्ड ब्यूरो के रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में देश की शिक्षण संस्थाओं में 13,892 छात्रों की मौत को गले लगाया। यह तथ्य हृदयविदारक ही है कि देश में एक साल के दौरान करीब चौदह हजार छात्रों ने आत्महत्या की। पहली नजर में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? सबसे दुखद स्थिति यह है कि यह संख्या पिछले एक दशक में पैंसठ प्रतिशत बढ़ी है। वहीं इस आंकड़े की तुलना यदि वर्ष 2019 से करें तो यह वृद्धि चौंतीस फीसदी दर्ज की गई है। जाहिर बात है कि यह वृद्धि छात्रों की मानसिक पीड़ा, हताशा और भविष्य के प्रति निराश होने की स्थिति को ही दर्शाती है। निश्चित रूप से हमारी शिक्षा की विसंगतियां भी इन आत्महत्याओं के मूल में हैं। देश में भाषा व बोर्ड स्तर पर पाठ्यक्रम व शिक्षण की स्थिति में खासा अंतर है।

इन मामलों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? विडंबना यह है कि देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है?

अहज सवाल यह भी है कि शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता। शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन तंत्र को अपने परिसर में समता, ममता और सहजता का वातावरण तैयार करना होगा। जहां किसी भी तरह तनाव, मानसिक कष्ट व भेदभाव नजर न आए और कारगर शिकायत निवारण तंत्र विकसित हो। ऐसा न होने पर ही सरस्वती के मंदिरों में तनाव की फसल उग रही है। हमारे नीति-नियंता इस दुखदायी स्थिति पर अंकुश लगाने हेतु किसी तरह की गंभीर पहल करते नजर नहीं आते। यदि गाल बजाने वाले राजनेता कोई कदम उठाने की लोकलुभावनी घोषणा करते भी हैं तो भी जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। घोषणाएं प्रभावी भी होनी चाहिए।

2019 में भारत में कॉलेज के छात्रों के बीच आत्महत्या के मामलों पर एक अध्ययन किया गया. यह अध्ययन ऑस्ट्रेलिया की मेलबर्न यूनिवर्सिटी, भारत के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेस और कई भारतीय मेडिकल कॉलेजों ने मिलकर किया था। इस अध्ययन का उद्देश्य यह समझना था कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं छात्रों पर किस हद तक असर डाल रही हैं और आत्महत्या जैसे खतरनाक कदम उठाने पर मजबूर कर रही हैं। इस अध्ययन के लिए, भारत के नौ राज्यों के 30 विश्वविद्यालयों के 8,500 से ज्यादा छात्रों के बीच सर्वे किया गया। इसमें पाया गया कि पिछले एक साल में 12 फीसदी से ज्यादा छात्रों के मन में आत्महत्या के विचार आए थे। 6.7 फीसदी ने अपनी जिंदगी में कभी ना कभी आत्महत्या का प्रयास किया।

अध्ययन में कहा गया है कि स्कूल-कॉलेजों में मानसिक सेहत से जुड़ी मदद और उपाय तुरंत शुरू करने चाहिए, ताकि इस बढ़ती हुई समस्या से निपटा जा सके। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इस स्थिति को 'आत्महत्या की महामारी' बताया. उसने मार्च में 10 सदस्यों वाले एक राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया। यह कार्यबल अभी कई तरह की जांच, परामर्श, और संस्थागत समीक्षाओं में लगा हुआ है। इसका मकसद एक व्यापक नीतिगत खाका तैयार करना है।

सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। एक व्यवहारिक दिक्कत यह भी है कि पैसे वालों के बच्चे महंगे स्कूलों में पढ़ते हैं। रही-सही कसर उनके महंगे कोचिंग सेंटरों द्वारा पूरी की जाती है। हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले छात्रों की सारी ऊर्जा अपने ज्ञान को अंग्रेजी में ट्रांसलेट करने में चली जाती है। कालांतर में वे उच्च शिक्षा संस्थानों में हीन ग्रंथि का शिकार हो जाते हैं। ऐसी तमाम ग्रंथियां छात्रों को अपराधबोध से भर देती हैं। पढ़ाई के दबाव के अलावा शिक्षा संस्थानों के परिसर में रैगिंग, हिंसा और जातिगत भेदभाव की खबरें भी आती हैं जो संवेदनशील छात्रों को हताशा से भर देती हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इक मरीचिका है

इक मरीचिका है जिसे जीवन कहते हैं कपड़े ही तो हैं बस ये रंग बिरंगे शरीर क्या ही कमाल है मन का देव होने आए थे सब यहाँ राक्षस और भिखारी बन गए आगे क्या बनेंगे सोचो हम? दिखता है, पर आँखें नहीं बोलता है पर कान नहीं चलता है, पर पैर नहीं क्या उसे देखा है दिल में? ठग नहीं रहे, ठगे जा रहे हैं अनमोल से , बे-मोल होते बीते जा रहे हैं दिन - प्रतिदिन और हम मगन हैं तमाशे में।

- केदारनाथ शब्द मसीहा

कैसे कहूँ ?

कैसे कहूँ ? ठहरे जल में उठती हिलोरों को अकेलेपन की छटपटाहट को मौन हृदय की आकुलता को कि वह अब साथ नहीं है जिसके होने से... फुसफुस धमनी अपनी क्रिया में संलग्न रहती है रक्त नलिकाओं में निरंतरता बनी रहती है जिसके होने से.. रस रूप गंध स्पर्श और शब्द का भान होता है कि अब वो नहीं है कहीं नहीं है....

- नीरज वर्मा

आँखें भरी भरी हैं अब नींद आ

आँखें भरी भरी हैं अब नींद आ रही है पलकें भी भारी भारी झपकी लुभा रही है शादी है मायके में बीबी को कल है जाना साड़ी बदल बदल कर मुझको दिखा रही है। **- संजय कुमार गिरि**

तना हुआ वृक्ष तुम देख रही हो ना नदी क

तना हुआ वृक्ष तुम देख रही हो ना नदी के तट पर नारियल के तने हुए वृक्ष असंख्य वे खड़े रहते हैं नदी के लिए हर अच्छे-बुरे मौसम में होना चाहता हूं मैं भी नारियल का वह वृक्ष खड़ा /झूमता/तना हुआ तुम्हारे लिए जीवन के सभी मौसम में तुम बनो नदी मैं बनूं नारियल का वृक्ष झूमता हुआ तना हुआ। **- सरिता सैल**

दर्द सीने में मेरे यूँ ही मुसलसल होगा

दर्द सीने में मेरे यूँ ही मुसलसल होगा आपकी दीद से ही हिज्र मुकम्मल होगा जान से जायेंगे ,तब जान में जान आयेगी यह तो होना ही है, जो आज़ नहीं कल होगा इश्क़ वालों से सहूलत का सौदा ना करो यह अज़ीयत से गुज़र कर ही तो अव्वल होगा। **- अनु मित्तल**

उसे लगा वो बदल गई है नही

उसे लगा वो बदल गई है नही बदली है वो बस अब तुम अकेले हो तेरे पक्ष में अब उसे कोई झुकाता नही वो तो खैर अकेली ही थी अब उसकी मुस्कान कुटिल सी लगती है तुम्हे क्योंकि उसकी मुस्कान कोई छीनने वाला नही अब तुम अकेले हो वो तो खैर अकेली ही थी। (अधेड़ व्याहता)। **- प्रीति श्रीवास्तव**

इक दिन... सब बन जाएंगे बुत... सब

इक दिन... सब बन जाएंगे बुत... सब खड़े रह जाएंगे... कुछ धन कमा जाएंगे.. कुछ जन कमा जाएंगे.. कुछ मन कमा जाएंगे.. दुख तकलीफ का दरिया भी पार कर जाएंगे... हर्ष विषाद के सागर में भी गोता लगा जाएंगे... "होगा नहीं इंसान कभी कमजोर" गर रहे मन से मजबूत...?? आप सभी का दिन शुभ व सफल हो?? **- शत्रुंजय तिवारी**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपका मानसिक संतुलन स्थिर नही रहेगा असमंजस की स्थिति के कारण पल पल में निर्णय बदलेंगे।

वृष: आज का दिन आशानुकूल रहने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित नही रहेगी। थकान को छोड़ सेहत ठीक रहेगी।

मिथुन: आज का दिन बनते कार्यो में विघ्न खड़े करेगा। सेहत में भी कुछ ना कुछ कमी लगी रहेगी।

कर्क: आज का दिन अकस्मात लाभ की प्राप्ती कराएगा लेकिन ध्यान रखें लापरवाही से कार्य करने पर आज जो विचार में नही रहेगा।

सिंह: आज के दिन सार्वजिनक कार्यो आपका महत्त्वपूर्ण योगदान स्वयं के साथ परिजनों का भी मान बढ़ाएगा।

कन्या: आज का दिन पूर्वार्ध में अस्त व्यस्त रहेगा लेकिन आज आपके सभी कार्य सही दिशा में आगे बढ़ेंगे। उधारी अथवा अन्य लेन देन के कारण किसी से गरमा गरमी होने की संभावना है।

तुला: आज का दिन प्रतिकूल रहेगा खराब सेहत आज प्रत्येक कार्य मे बाधक बनेगी फिर भी जबरदस्ती कार्य करेंगे।

वृश्चिक: आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी भाग्य का साथ भी मिलने से सोची हुई योजनाए निर्विघ्न पूर्ण कर सकेंगे।

धनु: आज का दिन धन-धान्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। दिन का आरंभिक भाग घरेलू व्यस्तता के कारण व्यावसायिक कार्यो से लाभ नही उठा सकेंगे।

मकर: आज के दिन आप अपनी कमियों को छुपाने का प्रयास करेंगे। लोगो के आगे अपनी बुद्धि चातुर्य का प्रदर्शन करेंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिये विपरीत फलदायक रहेगा। परिवार के सदस्य आपसे अधिक सहयोग की अपेक्षा रखेंगे।

मीन: आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध और अंत मे शुभ कर्म के लिये प्रेरित होंगे। शारीरिक कमजोरी अनुभव होगी।

सूर्योदय : 06:45, सूर्यास्त : 05:36, चन्द्रोदय : 18:46, चन्द्रास्त : 08:37, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : शिव, प्रथम करण : गर (11:05 तक), द्वितीय करण : वणिज (21:16 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : वृष, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बनाये गए नए जिलों के नाम क्या है?

2) यूनीफाइड पेंशन स्कीम लागू करने वाला पहला राज्य कौन बना है?

3) हाल ही में किस योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई गई है?

4) पृथ्वी पर दिन-रात की अवधि कहाँ समान होती है?

5) एम करूणानिधि के सम्मान में शताब्दी स्मारक सिक्का किसने जारी किया?

Ramaquiz

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -221

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 220 का हल

सीएम साय ने किया ऊर्जा विभाग के मण्डप का अवलोकन

साय ने ऊर्जा विभाग द्वारा सु-सज्जित एवं प्रदर्शित विभिन्न प्रादर्शों की सराहना की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के अवसर पर राज्योत्सव में लगे ऊर्जा विभाग के मण्डप का अवलोकन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 नवंबर को किया। इस अवसर पर पॉवर कंपनी के अध्यक्षगण सुबोध कुमार सिंह एवं डॉ. रोहित यादव तथा तीनों एमडी सर्वश्री एस.के. कटियार, राजेश शुक्ला, भीमसिंह कंवर उपस्थित थे। साय ने ऊर्जा विभाग द्वारा सु-सज्जित एवं प्रदर्शित विभिन्न प्रादर्शों की सराहना की।

रायपुर ग्रामीण के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया कि पिछले एक माह से राज्योत्सव की तैयारियां की जा रही थी। ऊर्जा विभाग के मण्डप में मॉडल के माध्यम से पम्प स्टोरेज बिजलीघर, कंपोस्ड बायोगैस सिस्टम, सोलर सिटी, आदर्श सोलर गांव, नियद नेल्लानार तथा विद्युत सुरक्षा संबंधी मॉडल का प्रदर्शन किया गया। पीएम सूर्यघर योजना के चल-चित्र एवं कठपुतली प्रदर्शन के माध्यम से योजना की डबल सब्सिडी की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई। राज्योत्सव में कुल 1500 रजिस्ट्रेशन दर्ज किए गए। इसके अलावा जनता के लिए रोचक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें जीतने वाले प्रत्येक व्यक्ति को क्यूआर इनबिल्ड की-रिंग पुरस्कृत किए गए। 5 दिवसीय राज्योत्सव में कुल 4 हजार प्रतिभागियों ने प्रश्नोत्तरी का आनंद उठाया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने मण्डप का अवलोकन किया और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को मॉडल के माध्यम से समझा। ज्ञानवर्धक एवं रोचक जानकारियों से लोग प्रफुल्लित एवं आकर्षित हुए। मण्डप के जनदर्शन में सभी श्रेणी एवं वर्ग के लोगों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 5 दिनों तक चले राज्योत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आगंतुकों को योजनाओं की जानकारी हेतु पत्रक वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुरारी श्रीहरि, नीरज वर्मा, मनोज बजाज, राजू साहू, आशीष चंदेल, रूद्र कश्यप, राजीव साहू, मनोज वर्मा, विवेक मिंज, अश्विनी कुमार, तेजराम कोसरिया, ओमकार चंद्राकर, सुशांत फुलजले, सौरभ भरदिया, श्री आयुष पांडेय, हरिश बंजारे, दाऊरेम आडिल, हुमेंद्र राजपूत, रेखचंद एवं रेखराज चौरे ने मण्डप का सफल संचालन किया।

'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण मंत्रालय में मना स्मरणोत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज मंत्रालय महानदी भवन में वंदे मातरम् स्मरणोत्सव÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्रालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया।

कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में वंदे मातरम् को देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बताया तथा देशवासियों से राष्ट्रभक्ति की भावना को सदैव जीवित रखने का आह्वान किया। यह उत्सव एक वर्ष तक 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि मां भारती के प्रति आराधना है।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत के सुरों से हुई, जिसके पश्चात् वक्ताओं ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला।

संक्षिप्त खबरें

विशेष स्वास्थ्य चिंतन शिविर 9 को

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल और ज्येष्ठ नागरिक मंच 'सहयोग' वरिष्ठ नागरिकों के लिए रविवार, 9 नवंबर को महाराष्ट्र मंडल में दोपहर 12 बजे से विशेष स्वास्थ्य चिंतन शिविर लगा रहा है। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को हड्डियों एवं दांत के रोगों के बचाव के बारे में विशेषज्ञ डॉक्टर आवश्यक जानकारी व मार्गदर्शन देंगे।

सहयोग की अध्यक्ष अपर्णा कालेले और महाराष्ट्र मंडल के स्वास्थ्य प्रभारी प्रशांत बक्षी ने बताया कि विशेष स्वास्थ्य चिंतन शिविर में सीता मेमोरियल डेंटल क्लिनिक के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सराफ वीवाय हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद जोशी, सीएसओडीसीएल के चिकित्सा सलाहकार डॉ. विवेक गोले शिविर में उपस्थित रहेंगे।

भारतीय कुष्ठ निवारक संघ को राज्य स्तरीय 'यति यतनलाल सम्मान'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जांजगीर-

चांपा जिले के कात्रेनगर सोठी स्थित भारतीय कुष्ठ निवारक संघ को यति यतनलाल सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। संस्था को यह सम्मान अहिंसा, गौरक्षा एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

भारतीय कुष्ठ निवारक संघ वर्षों से समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर कुष्ठ रोगियों के पुनर्वास, पशु संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा की जा रही सेवाएं पूरे राज्य के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आश्रम परिवार को बधाई देते हुए कहा कि ङ्क यह सम्मान केवल एक संस्था का नहीं, बल्कि उन सभी सेवाभावियों का सम्मान है जो अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलकर समाज के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिले के लिए यह सम्मान गर्व की बात है। भारतीय कुष्ठ निवारक संघ ने अपने सतत प्रयासों से समाज में मानवीय संवेदनाओं, गौरक्षा और सेवा की नई मिसाल कायम की है।

संस्था के इस राज्य स्तरीय सम्मान से जांजगीर-चांपा जिला एक बार फिर सेवा, करुणा और अहिंसा की परंपरा के लिए पूरे प्रदेश में गौरवान्वित हुआ है।

'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पर सामूहिक गायन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजभवन, रायपुर में भावपूर्ण सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ी रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नई दिल्ली से किया गया, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ किया। राजभवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और एक स्वर में ÷वंदे मातरम÷ का सामूहिक गायन किया। राजभवन के छत्तीसगढ़ मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने राष्ट्रीय भावना और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना के साथ राष्ट्रीय गीत का सामूहिक रूप से गायन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

लुकेश ठाकुर के धर्मिक भजन सुनकर झूम उठे दर्शक

रायपुर/नवप्रदेश। लुकेश ठाकुर के द्वारा दिनांक 03 नवम्बर को जिला धमतरी व 04 नवम्बर को बालोद में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित रजत जयंती राज्योत्सव में सुपरहिट धर्मिक भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा गया। जिसको सुनकर दर्शक दिर्घा में बैठे श्रौता मंत्रमुग्ध हो गये। लुकेश ठाकुर को संगीत के प्रति लगाव विरासत के रूप में मिला है इनके पिता स्व. करण सिंह ठाकुर एक जाने माने शास्त्रीय संगीतज्ञ थे जिससे प्रेरणा लेकर 10 वर्ष की उम्र से ही तबला वादन में रूचि रही।

विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

युक्तियुक्तकरण नीति से विद्यार्थियों को मिला विशेषज्ञता का लाभ

■ मिडिल स्कूल लैंगा में शिक्षक गोरेलाल कंवर के आने से हिंदी विषय में बढ़ी विद्यार्थियों की रुचि

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। इसी कड़ी में कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, लैंगा में हिंदी विषय के शिक्षक गोरेलाल कंवर की नियुक्ति हुई है। विद्यालय में उनके आने के बाद से हिंदी विषय विद्यार्थियों के लिए रोचक और प्रेरणादायक बन गया है।

हिंदी बनी बच्चों के लिए मनोरंजन और ज्ञान का स्रोत

शिक्षक गोरेलाल कंवर के प्रयासों से अब हिंदी विषय विद्यार्थियों के लिए कठिन नहीं बल्कि मनोरंजक और ज्ञानवर्धक बन गया है। रस, छंद, अलंकार जैसे व्याकरण के अंश अब बच्चों को सहज लगने लगे हैं। छात्र-छात्राएँ कु. अनुसुइया, अंश, रश्मि, कल्पना, महिमा और लवकेश ने बताया कि अब उन्हें हिंदी पढ़ना आनंददायक लगता है और वे कविता पाठ, कहानी लेखन व भाषण जैसी गतिविधियों में भी भाग लेने लगे हैं। कंवर केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहते, बल्कि बच्चों में अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। वे छात्रों को कहानी रचना, पत्र लेखन, कविता पाठ और भाषण देने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

शिक्षण शैली ने बच्चों में जगाई सीखने की जिज्ञासा

कंवर की शिक्षण शैली अत्यंत रोचक, जीवंत और प्रभावशाली है। वे गद्य, पद्य, व्याकरण और साहित्य के हर पहलू को बच्चों तक सरल और रचनात्मक ढंग से पहुँचाते हैं। नाट्य रूपांतरण, संवाद, कहानी, गीत और गतिविधि-आधारित शिक्षण के माध्यम से वे बच्चों को सीखने में सम्मिलित करते हैं।

कक्षा 8 वीं के छात्रों ने बताया कि जब श्री कंवर ने इतिहास विषय में तैमूर लंग के भारत आक्रमण से संबंधित पाठ का मंचन कराया, तो इतिहास जैसे विषय जीवंत हो उठा। बच्चों की आँखों में जिज्ञासा की चमक और सीखने का उत्साह देखने लायक था।

अभिभावकों और प्रधानपाठक ने की नीति की सराहना

विद्यालय के प्रधानपाठक एवं अभिभावकों ने राज्य सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति की सराहना करते हुए कहा कि विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति से शिक्षा की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। यह नीति शिक्षकों की विशेषज्ञता का लाभ सही रूप में विद्यार्थियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम सिद्ध हो रही है।

जशपुर जम्बुरी : पर्यटकों के लिए 8 होम स्टे की सुविधा

■ स्थानीय संस्कृति और आतिथ्य का अनोखा अनुभव

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में चल रहे जशपुर जम्बुरी आयोजन के दौरान पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति, परंपरा और आतिथ्य का सजीव अनुभव देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ग्राम केरे में 8 आधुनिक होम स्टे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन होम स्टे में पर्यटक न केवल ठहरने का आनंद ले रहे हैं, बल्कि जशपुर की पारंपरिक जीवनशैली, खानपान और लोकसंस्कृति को भी करीब से महसूस कर रहे हैं।

भिलाई से आए वरिष्ठ नागरिकों का एक परिवार भी इन होम स्टे में ठहरा हुआ है। उन्होंने बताया कि यहां का वातावरण अत्यंत शांत और आत्मीय है, भोजन स्वादिष्ट है और स्थानीय लोगों का व्यवहार अतिथि देवो भवः की भावना को साकार करता है। उन्होंने कहा कि जशपुर जम्बुरी में यह पहल वास्तव में प्रशंसनीय है, जिसने हमारे प्रवास को यादगार बना दिया।प्रशासन द्वारा तैयार किए गए इन होम स्टे में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे स्वच्छ कमरे, भोजन, नाश्ता और स्थानीय गाइड की व्यवस्था उपलब्ध है। इससे जशपुर आने वाले पर्यटकों को होटल जैसी सुविधा के साथ ग्रामीण परिवेश का सजीव अनुभव मिल रहा है।

÷होम स्टे÷ पर्यटन की वह अवधारणा है, जिसमें पर्यटक स्थानीय परिवार के साथ रहकर उनकी संस्कृति, परंपराओं और भोजन का अनुभव कर सकते हैं।

भाजपा सरकार में नशे का कारोबार फल फूल रहा है : वंदना राजपूत

■ ट्रिपल इंजन की सरकार में पाकिस्तान से छत्तीसगढ़ में ड्रग्स की सप्लाई किसके संरक्षण में

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा के ट्रिपल इंजन की सरकार में नशे का कारोबार फल फूल रहा है। लगातार पाकिस्तान से ड्रग का खेप छत्तीसगढ़ में पहुंच रही है। नौजवान नशीले पदार्थों का सेवन कर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, निरंतर बढ़ते नशे के प्रचलन से युवा पीढ़ी खोखली होती जा रही है। लेकिन नशे के कारोबार को नहीं रोका जा रहा है, नशे का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सरकार नशे के कारोबार पर रोक लगाने में विफल साबित हो रही है। पिछले 2 साल में शराब, गांजा, हफीम, हीरोइन जैसे नशों के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत महामारी का रूप ले चुकी है। चंद पैसों के लिए सत्तासीन लोग नशे के बढ़ते कारोबार को रोकने की बजाय संरक्षण दे रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ नशे के मामले में पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल को पीछे छोड़ चुका है। रायपुर के नए राजधानी, वीआईपी रोड और शहर के आउटर जैसे इलाकों में शाम ढलते ही युवा नशे की गिरफ्त में साफ देखे जा रहे हैं। राजधानी के आउटर की कैफे तो युवाओं को नशा परोसने का केंद्र बन चुके हैं। कांग्रेस की सरकार थी तब वर्षों से चल रहे हैं हुक्का बारों को बंद करवाया था, राज्य में सूखे नशे के कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया गया था।

भाजपा की सरकार बनने के बाद एक बार फिर से नशे का कारोबार फल फूल रहा है।

काकड़ आरती के समापन पर उत्सव जैसा माहौल

रायपुर/नवप्रदेश। कार्तिक मास के अंतिम दिन कलचुरी काल से प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान मंदिर तात्यापारा में सुमधुर संगीतमय काकड़ आरती की। अलसुबह की जाने वाली इस आरती के लिए परंपरानुसार सभी भक्त घर पर स्नान- ध्यान व पूजा करके मंदिर पहुंचे और लगभग घंटेभर भजन करने के बाद काकड़ आरती की।

इस अवसर पर विश्वास शेष, मनोहर शेवलीकर, निशा राहटगांवकर, अनिल गनोदवाले, अलका संत, अनिल ठोंबरे, रंजन मोड़क, सुमीत मोड़क, वैभव डांगे, राहुल खानखोजे, अशोक भाले, सतीश अग्रवाल, सौरभ देव, नंदकुमार लेले, अजय पोतदार, शरद देशपांडे, नवीन शेष, सुकृत गनोदवाले, वैभव कान्हे, शरद डांगे, मिलिंद कौड़ीसाव, विशाल डांगे, रिया खानखोज, श्याम शेष, संजीव बल्लाल, सुनील शेष, नमिता शेष, सुरभि गनोदवाले, दीपाली भालेराव, आराधना शेष, साक्षी जोशी सहित अनेक श्रद्धालु भक्तिभाव से भजन करते और काकड़ आरती करते दिखे। इन भक्तों का कार्तिक मासभर सुबह 5:30 बजे आने और इसी तरह भजन-कीर्तन और काकड़ आरती करने का क्रम जारी है।

काकड़ आरती की प्रथा कब और कैसे शुरू हुई, इसके बारे में एक पौराणिक कथा है। लोगों को भगाने वाले, डराने वाले महाक्रूर तारकासुर का वध भगवान शिव के पुत्र कार्तिक स्वामी ने किया था। इसी कार्य के लिए उनका जन्म कार्तिक माह में हुआ था।

छत्तीसगढ़ में सड़कों के सुधार कार्य में तेजी

■ सरगुजा जिले में 195 किमी लंबाई में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य प्रगति पर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार के सुगम और सुरक्षित सड़कों वाले छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क मरम्मत और सुधार कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में सरगुजा जिले में लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) संभाग अम्बिकापुर द्वारा कुल 30 मार्गों पर 195 किलोमीटर लंबाई में बी.टी. पैच रिपेयर कार्य तेजी से किया जा रहा है। इन कार्यों के लिए राशि 654.85 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी 30 मार्गों को 6 समूहों में विभाजित कर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा सभी कार्यों के लिए कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। अब तक लहपटराङ्कबेलखरिखा, जमगला एप्रोच, अमगसीङ्कचैनपुर, टपरकेला-धनपुरी, जरहाडांड़-मुन्दाराडांड़, तथा मेण्ड्रा-हरिहरपुर - शिवपुर- करजी मार्गों पर बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

वर्तमान में अम्बिकापुर-प्रतापपुर, केदमा- बनकेसमा, एवं दरिमा- बड़ेदमाली- लखनपुर मार्गों पर कार्य तेजी से जारी है। अब तक 53 किलोमीटर लंबाई में मरम्मत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष 142 किलोमीटर क्षेत्र में कार्य दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सभी मार्गों पर कार्य गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप किया जा रहा है। सड़कों की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और मरम्मत कार्यों का लाभ लंबे समय तक जनता को मिले।

रायपुर शहर में 1 लाख फर्जी मतदाता

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर शहर में 1 लाख फर्जी मतदाता वाले बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर शहर में एक लाख फर्जी मतदाता वाले बयान से कांग्रेस के वोट चोरी का आरोप पुख्ता हो गया है। बृजमोहन अग्रवाल के बाद चुनाव आयोग के बचाव में खड़ी भाजपा को शर्म आना चाहिए। रायपुर शहर में भाजपा की जीत का राज बृजमोहन अग्रवाल ने खोल दिया है, किस प्रकार से 2003 के बाद लगातार रायपुर शहर में भाजपा की जीत होते रही है और आज भी अगर भाजपा जीती है उसके पीछे सिर्फ मतदाता सूची में गड़बड़ी है।प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल आठ बार के विधायक रहे हैं, राजेश मूणत चार बार विधायक एवं उत्तर में श्रीचंद सुंदरानी एवं पुरन्दर मिश्रा 1-1 बार विधायक जीते है, दक्षिण विधानसभा एवं पश्चिम विधानसभा में बड़ी लीड के साथ जीत दर्ज करने का कारण फर्जी मतदाता है। बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर शहर में एक लाख फर्जी मतदाता के दावा से यह स्पस्ट गया है कि रमन सरकार ने 15 साल में प्रदेश के अन्य शहरों में कितने फर्जी मतदाताओ का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर चुनाव को प्रभावित किया और सत्ता हासिल की है।

खनिज न्यास निधि का उपयोग केवल 25 किमी क्षेत्र तक नहीं हो पूरे जिले में हो : सर्व आदिवासी समाज

बीजापुर/नवप्रदेश। सर्व आदिवासी समाज जिला बीजापुर ने जिला खनिज न्यास निधि के उपयोग को केवल खदान क्षेत्र से 25 किमी के दायरे तक सीमित रखने के निर्णय का विरोध करते हुए पूरे जिले में इसके उपयोग की मांग की है। समाज ने इसे बीजापुर जैसे अति पिछड़े, नक्सल प्रभावित और जनजाति बहुल जिले के साथ घोर अन्याय बताया है।जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा कि बीजापुर जिला खनिज संपदा से समृद्ध होते हुए भी विकास की दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा है। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा का लाभ सिर्फ खदान क्षेत्र तक सीमित रखना तर्कसंगत नहीं है। जिले के भोपालपट्टनम, उसूर, भैरमगढ़, बीजापुर ब्लाकों सहित सुदूर ग्राम भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। छस्न्न फंड का उपयोग पूरे जिले में समान रूप से होना चाहिए।उन्होंने बताया कि डीएमएफ की स्थापना का मूल उद्देश्य खनिज उत्खनन से प्रभावित समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास और पर्यावरणीय क्षति की भरपाई करना था। जबकि वास्तविकता में इसका लाभ केवल चुनिंदा क्षेत्रों को ही मिल रहा है।सर्व आदिवासी समाज ने मांग की है कि बीजापुर की विशेष परिस्थितियों नक्सल प्रभावितता, जनजातीय बहुलता, और अविकसित आधारभूत संरचना को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन डीएमएफ नियमों में संशोधन करे और जिले की समस्त पंचायतों एवं विकासखंडों में निधि के उपयोग की अनुमति प्रदान करे। समाज ने यह भी कहा कि यदि शासन ने मांग पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो इसे लेकर व्यापक उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

लाई बभनी नाला में एनीकट निर्माण से आई हरियाली की नई सुबह

एमसीबी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम लाई के बभनी नाला में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत ऐनीकट निर्माण एवं नाला गाद हटाने का कार्य कर ग्रामीण जीवन में स्थायी परिवर्तन लाया गया है लगभग 16.97 लाख रुपए की लागत से निर्मित यह एनीकट परियोजना ग्राम पंचायत एजेंसी द्वारा पूर्ण की गई है ।

खरीफ से रबी तक पहुंची समृद्धि की राह

पूर्व में बभनी नाला का पानी बरसात के बाद सीधे हसदेव नदी में बहकर चला जाता था जिससे आसपास की भूमि शीघ्र सूख जाती थी और किसान केवल खरीफ फसल तक ही सीमित रहते थे रबी सीजन में जल की उपलब्धता न होने के कारण अधिकांश भूमि अनुपजाऊ हो चुकी थी एनीकट निर्माण के बाद अब पानी का ठहराव संभव हुआ है जिससे लगभग 5.60 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो रही है इस परियोजना ने किसानों को खरीफ के साथ-साथ रबी और अन्य फसलों की खेती का अवसर प्रदान किया है ।

सामूहिक प्रयास से बदला ग्रामीण परिदृश्य

महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत एजेंसी द्वारा यह कार्य समुदाय की मांग और तकनीकी सर्वेक्षण के आधार पर किया गया । कार्य के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों तकनीकी सहायकों और स्थानीय श्रमिकों ने समर्पण और निष्ठा के साथ भागीदारी निभाई ग्रामीणों ने भी श्रमदान एवं निगरानी में सक्रिय सहयोग देकर इसे सफल बनाया यह सामूहिक प्रयास अब ग्राम लाई में जल संरक्षण और विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है

किसानों की बढ़ी आमदनी, जीवन में आई समृद्धि

अब बभनी नाला के एनीकट से संचित जल के कारण किसान धान के साथ-साथ आलू टमाटर मटर बैंगन मिर्च जैसी सब्जियों की खेती कर रहे हैं जिससे उनकी कृषि उत्पादकता और आर्थिक स्थिति दोनों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है ग्राम लाई के लाभार्थी रामचरण और शिवप्रसाद बताते हैं कि अब वे लगभग 1.20 एकड़ भूमि में दोहरी फसल ले पा रहे हैं एनीकट के पानी से सब्जी उत्पादन कर उन्हें प्रति सप्ताह लगभग 3500 रुपए की अतिरिक्त आमदनी हो रही है पहले जो किसान केवल वर्षा पर निर्भर थे अब वे आत्मनिर्भर बन चुके हैं

सतत विकास की मिसाल बनी लाई पंचायत

एनीकट निर्माण से क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर बढ़ा है मिट्टी की नमी और उत्पादकता में सुधार हुआ है किसानों की आमदनी में वृद्धि और रोजगार के नए अवसर खुले हैं यह परियोजना इस बात का सशक्त प्रमाण है कि सामूहिक प्रयास तकनीकी समन्वय और समुदाय की सहभागिता से ग्रामीण अंचल में जल एवं कृषि विकास की नई दिशा संभव है लाई बभनी नाला का यह एनीकट अब जल संरक्षण आत्मनिर्भरता और सतत ग्रामीण विकास की प्रेरक मिसाल बन चुका है ।

मानसिक स्वास्थ्य पर परामर्श एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन

कांकेर / नवप्रदेश। शासकीय पॉलीटेक्निक में गुरूवार को विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के लिए मानसिक स्वास्थ्य हेतु मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं मार्गदर्शन विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान श्रीमती जयश्री पंचागम शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय धमतरी रहीं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, जीवन में तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा आत्म नियंत्रण के उपायों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित अपने शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। वक्ता द्वारा दिए गए सुझाव विद्यार्थियों के व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जीवन में निश्चित रूप से उपयोगी सिद्ध होगा।

शिक्षा मंत्री के गृह प्रवेश में शामिल हुए मछुआ बोर्ड अध्यक्ष मटियारा

कांकेर / नवप्रदेश। गत दिनों राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार के केबिनेट शिक्षामंत्री के नवा रायपुर स्थित सरकारी कार्यालय का विधिवत पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश किया गया।इस दौरान मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा सरकारी कार्यालय में पहुंचकर बधाई शुभकामनाए प्रेषित किया गया।इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह सहित छत्तीसगढ़ के सांसद मंत्री विधायक मौजूद रहे। विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी से सौजन्य भेंट करते हुए कुशाल क्षेम जाना।

लोक निर्माण विभाग ने सड़कों का मरम्मत कार्य किया प्रारंभ

बलरामपुर/ नवप्रदेश। शासन के मुंषानुरूप लोक निर्माण विभाग अंतर्गत जिले के क्षतिग्रस्त सड़कों में सुगम आवागमन सुनिष्चित करने मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। वर्षा ऋतु के समाप्त होते ही जिले में सड़कों के संधारण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी आ गई है। लोक निर्माण विभाग संभाग रामानुजगंज द्वारा जिले की सड़कों को सुगम बनाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है। विभाग के अंतर्गत कुल 945.74 किलोमीटर सड़कों में से 256.95 किलोमीटर सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत एवं बी.टी. पैच रिपेयर के माध्यम से सुधारने का लक्ष्य तय किया गया है।वर्षा ऋतु के दौरान लगातार बारिश के कारण जिले की कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। विशेष रूप से राज्य मार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों पर गड्ढों की स्थिति ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग ने सबसे पहले राज्य मार्गों और अधिक ट्रैफिक वाले मार्गों को बी.टी. पैच रिपेयर के लिए चयनित किया है।

कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी है कि सड़कों के संधारण कार्य के लिए राज्यमार्ग, मुख्य जिला मार्ग और ग्रामीण सड़कों के कुल 13 कार्यों के लिए 6 एजेंसी निर्धारित की गई है। इन सड़कों में यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्गों को सूची में प्राथमिकता दी गई है। इन एजेंसियों को कार्य की तकनीकी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय-सीमा के भीतर सड़कों का मरम्मत करना है।

विधायक नेताम पहुंचे डाइट विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिक के सहयोग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सौजन्य से डाईट कांकेर में जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन विधायक श्री आशाराम नेताम द्वारा आज किया गया। उन्होंने कांकेर धमतरी एवं नारायणपुर जिलों से पहुंचे बाल वैज्ञानिकों द्वारा लगाए गए मॉडल प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जोन स्तरीय बाल मेला में नारायणपुर जिले से 11 तथा धमतरी एवं कांकेर जिले से 46-46 स्कूली बच्चों द्वारा अपने विज्ञान मॉडल का प्रदर्शनी किया गया। सतत कृषि अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प हरित ऊर्जा उभरती हुई प्रौद्योगिक, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य और स्वच्छता तथा जल संरक्षण और प्रबंधन विषय पर आधारित इस विज्ञान मेला का विधायक नेताम ने तारीफकी तथा लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के लिए बाल वैज्ञानिकों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने अनुसंधान और विज्ञान को लगातार आगे बढ़ाते रहे ।

जिले के प्रत्येक गांवों को सहकारिता से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता : सियो पोटाई

- **सहकारी विकास निगम द्वारा दी गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी**
- **राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण पर कार्यशाला**

कांकेर / नवप्रदेश। अंतराष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 के अंतर्गत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम रायपुर द्वारा 6 नवम्बर को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण के विषय पर कांकेर जिले में स्थित सहकारी समिति प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियों, लघुवनोपज, मत्स्य सहकारी समिति पैक्स हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई एवं संचालक मंडल के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। उक्त कार्यशाला में कांकेर जिले के विभिन्न सहकारी समितियों के कुल 55 सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में सर्वप्रथम सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की 56 प्रमुख पहलों पर चर्चा किया गया इसके बाद राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से आये शुभम साहू ने एनसीडीसी की योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण के विषय जानकारी प्रदान की । उन्होनें समितियों को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का सुलभ प्रयोग करने तथा सहकारिता मंत्रालय के सभी प्रमुख पहलों के बारे में बताते हुए योजनाओं के अंतर्गत युवा सहकारी के उपयुक्त प्रस्ताव का सृजन करने हेतु प्रेरित किया गया। उपस्थित सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से शासन एवं एन सी डी सी की योजनाओं को बारिकी से समझाया। कार्यक्रम में उपस्थित आशुतोष डड़सेना, उप आयुक्त सह उप पंजीयक आशुतोष डड़सेना ने उपस्थित सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों को सहकारिता आन्दोलन को मजबूत करने हेतु आग्रह किया तथा सहकारिता से संबंधित सभी समस्याओं के निराकरण की बात कही। तथा सहकारी समितियों के पंजीयन से संबंधित आ रही दिक्कतों से अवगत कराने को कहा। जिला सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने कहा कि जिले के प्रत्येक गांवों को सहकारिता से जोड़ना हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि हम अधिक से अधिक महिलाओं को सहकारिता से जोड़े। राज्य सहकारी संघ के प्रतिनिधि एवं जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने प्रशिक्षण में उपस्थित सदस्यों से कृषक आधारित सहकारी समिति बनाने पर बल दिया तथा जिला सहकारी संघ के माध्यम से जिले के सहकारी नेताओं को राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली में प्रशिक्षण हेतु भेजे जाने की बात कही। कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों से उनके संस्थाओं के गतिविधियों के विषय में भी जानकारी ली गई।कार्यशाला में महेश मरकाम वरिष्ठ सहकारी निरिक्षक रामेशवर मरकाम सहकारी विस्तार अधिकारी उप आयुक्त सहकारी कांकेर नितिन पोटाई प्रतिनिधि राज्य सहकारी संघ मर्यादित कांकेर कमला गुप्ता, गोमती सलाम, मोहिनी साहू, सुमति नेताम, सुनिता सलाम माधुरी मंडावी, लता मंडावी, ममता ठाकुर, शिवभान सिंह ठाकुर, रोहिदास शोरी, नंदलाल मंडावी, सियाराम कोसमा, भूमिका कोरेटी, डोमन सिंह ठाकुर दिलदार पोया, मैनूराम शोरी, लखन सलाम, बुधराम कोरेटी, सोनसाय कावड़े, अहिमत दुग्गा, दिनेश साहू, कमलेश मरकाम, संतोष बघेल, समारू वट्टी, योगेश्वर रामटेके, सुधराम कुंजाम, युगल साहू, पुनित राम उईके, राकेश कुमार अमर शोरी सोनू राम ध्रुव यशवंत दर्रो अर्जुन कोडोपी लक्ष्मीनारायण पन्ना लाल हिडकों पुप्पलता कवर लखन चंद्रवंशी संजय दास, विशेष पटेल, जगत राम कुंजाम, शिवकुमार दर्रो, रामसिंग मंडावी ए आर नेताम, सहित विभिन्न सहकारी समिति प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

श्रमिक की मौत पर परिवार को मिला आर्थिक संबल

- **पति के बिछुड़ने के बाद टूटा सहारा, सरकार ने थामा कौशल्या का हाथ**

बलरामपुर/ नवप्रदेश। राज्य सरकार श्रमिक वर्ग के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। इन्हीं योजनाओं में से एक है मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना जिसके तहत पंजीकृत श्रमिक की मृत्यु या दिव्यांग होने की स्थिति में उसके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना ने ऐसे परिवारों को आर्थिक मदद देने के साथ उनको जीवन में फिर से खड़ा होने का हौसला दिया है।

विकासखंड बलरामपुर के ग्राम नवाडीह की निवासी कौशल्या सिंह को इस योजना के तहत 01 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। यह राशि उनके जीवन कौशल्या के बिखरे जीवन को संवारने के लिए संबल बनी। कौशल्या बताती हैं, जब मेरे पति का निधन हुआ, तो लगा जैसे अंधकार से घिर गई हूँ। परिवार की जिम्मेदारियाँ और बच्चों की परवरिश के बोझ से हर दिन संघर्ष सा प्रतीत हो रहा था।पति की मृत्यु के बाद कौशल्या आर्थिक रूप से असहाय थीं। ऐसे कठिन समय में उन्हें श्रम विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना की जानकारी दी।विभाग के द्वारा आवेदन की प्रक्रिया में कौशल्या को मदद मिली और सभी औपचारिकताओं को पूरा करवाया।

महतारी वंदन योजना से भी मिल रही नियमित सहायता

कौशल्या को महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है, जिसके तहत उन्हें हर माह 1000 रुपये की राशि प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि इस योजना से मुझे घर का खर्च चलाने में बड़ी मदद मिलती है। बच्चों की पढ़ाई और घर के जरूरी सामानों के लिए अब मुझे दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता । शासन की योजनाओ से जीवन जीने का हौसला मिला है।

उल्लेखनीय है कि शासन और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से आज जनकल्याणकारी योजनाएँ गाँव-गाँव तक पहुँच रही हैं। शासन की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का परिणाम है कि कौशल्या जैसी जरूरतमंद महिलाओं को समय पर सहायता मिल रही है।

सरोज बाला का व्याख्याता पद पर पदोन्नति उपरांत विदाई समारोह आयोजित

कांकेर / नवप्रदेश। पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कांकेर में सेवारत शिक्षिका सरोज बाला नेगी का व्याख्याता पद पर पदोन्नति होने पर विद्यालय परिवार द्वारा ससम्मान विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों ने उपस्थित होकर उन्हें भावपूर्ण विदाई दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य आर पी एस ठाकुर ने की। विशिष्ट आतिथ्य सरिता भास्कर प्राचार्य हायर सेकेंडरी इच्छापुर, प्रधानपाठक मोहन लाल जैन ने किया। प्राचार्य आर पी एस ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में श्रीमती नेगी का समर्पण अनुशासन तथा स्नेहपूर्ण व्यवहार सदैव अनुकरणीय रहा है।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रधानपाठक मोहन लाल जैन ने कहा कि श्रीमती नेगी ने अपने सुदृढ़ विषयज्ञान और सहज शिक्षण शैली से विद्यार्थियों में सीखने के प्रति रुचि जगाई। वे सदैव सहकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहीं।

किसानों कि फसल नष्ट होने पर कई किसान परेशान

अंतागढ़ / नवप्रदेश। अंतागढ़ क्षेत्र के कई किसानों की मेहनत पर इस वर्ष बे मौसम बारिश ने पानी फेर दिया है खेतों में कटाई के लिए पूरी तरह तैयारी खड़ी फैसले अचानक वर्षों से बर्बाद होगी कई जगह धान की फसल खेतों में गिर गई जिससे धन का अंकुरण शुरू हो गया है वही लगातार हो रही नमी से से फसलो में किट -पतंग और बीमारियों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है इस वजह से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है गंभीर स्थिति को देखते हुए आप यूथ विंग जिला अध्यक्ष शिव पोटाई ने कहाँ कि इस बार बेमौसम बारिश और ठीक प्रकोप के कारण फसल उत्पादन मे भारी गिरावट आई है जैसे किसानों कि कमर ढूढ गई है फसल भी योजना के तहत बीमा राशि शीघ्र प्रधान कि जाए तकि वे अपने आर्थिक संकट से उबर सके!. प्रदेश संगठन मंत्री राजू सलाम ने कहाँ कांकेर जिले के किसानों की खरीफ सीजन की फसलें – जैसे धान, मक्का, अरहर, उड़द आदि – लगातार हो रही भारी वर्षा एवं जलभराव के कारण गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष सुनहेर हिड़को ने कहाँ कई स्थानों पर खेतों में पानी भरे रहने से फसलें पूरी तरह गल-सड़ चुकी हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।इस वर्ष सामान्य से अधिक वर्षा होने एवं बेमौसम बारिश से समुचित व्यवस्था न होने के कारण उ. ब.कांकेर जिले के किसान बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।क्षेत्रीय राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावित ग्रामों का सर्वे कराया जाए।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत संबंधित बीमा कंपनी को सूचित किया जाए, ताकि किसानों को शीघ्र बीमा दावा भुगतान मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा राहत सहायता हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाए, जिससे किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता मिल सके। इन सभी ऋृणी किसानों की ऋृण माफ करने की माग करती है

प्रदेश संगठन मंत्री
राजू सलाम यूथ

25 किलोमीटर की 'बैंक-यात्रा' से त्रस्त कोयलीबेड़ा के किसान

अंतागढ़/ नवप्रदेश। कोयलीबेड़ा विकासखंड के हजारों किसानों की वर्षों पुरानी पीड़ा अब आक्रोश में बदल गई है। 06 नवंबर, 2025 को कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में, 18 ग्राम पंचायतों के किसानों ने तत्काल जिला सहकारी बैंक की शाखा कोयलीबेड़ा में स्थापित करने की मांग की है। किसानों का दर्द यह है कि उन्हें ऋण लेने, या अपनी मेहनत से कमाए धान का पैसा निकालने/जमा करने के लिए, हर बार 25 किलोमीटर की लंबी और खर्चीली यात्रा करके अंतागढ़ जाना पड़ता है। अक्सर उन्हें एक ही दिन में बैंक के सभी काम पूरे न हो पाने के कारण खाली हाथ लौटना पड़ता है, जिससे उनका बहुमूल्य समय और श्रम बर्बाद होता है।

प्रथम पेज का शेष

देश की जीडीपी चालू वित्त...

क्षमताओं पर बढ़ाने पर होनी चाहिए। नागेश्वरन का कहना था कि देश को ग्लोबल सप्लाई चेन के साथ जुडने् के तरीकों पर विचार करना चाहिए। नागेश्वरन ने अमेरिका और भारत के बीच टैरिफ डील को लेकर कहा कि यह डील बहुत जल्द पूरी हो सकती है। उनका कहना था कि भारत में हाल ही में हुई उपभोग वृद्धि सप्लाई-साइड विस्तार थी, जिसे मजबूत निवेश गति ने बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कंपनियों ने इस वर्ष प्राइमरी मार्केट से 2 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं, जो निवेशकों के मजबूत विश्वास का संकेत है।

मातृभूमि की स्तुति ...

कालातीत रचना के 150 वर्ष पूरे होने का गौरवपूर्ण अध्याय है। इस अवसर पर वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा स्मारक सिक्के का जारी होना एक ऐतिहासिक स्मृति है। श्री बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा रहा है, जिसने सदैव राष्ट्रीय गौरव, एकता और आत्मसम्मान की ज्योति प्रज्वलित की है। यह मातृभूमि की शक्ति, समृद्धि और दिव्यता का प्रतीक है, साथ ही भारत की एकता और आत्मगौरव की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है।

बिहार में 'वोट चोरी' ...

की जनता के बारे में नहीं जानते हैं। बिहार की जनता यहां किसी कीमत पर 'वोट चोरी' नहीं होने देगी। राहुल गांधी ने जनता से वादा करते हुए कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार किसी एक जाति, धर्म की सरकार नहीं होगी, यह हर नागरिक की सरकार होगी। महागठबंधन की सरकार में पूरे बिहार की आवाज होगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार में दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, अल्पसंख्यक, गरीब जनरल कास्ट, किसान, मजदूर और युवा समेत हर वर्ग की आवाज होगी।

पाकिस्तान की हरकत...

पर लंबा सा पोस्ट करके पाकिस्तानी मीडिया की तीखी आलोचना की।

मैं अगले साल भारत ...

हां, ऐसा हो सकता है। उन्होंने अपनी पिछली भारत यात्रा (साल 2020) को भी याद किया और कहा, प्रधानमंत्री के साथ मेरी वहाँ बहुत अच्छी यात्रा रही। ट्रंप ने यह भी कहा कि भारत ने रूस से तेल खरीदना काफी कम कर दिया है। हाल ही में व्हाइट हाउस ने भी कहा था कि ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी के प्रति गहरा सम्मान रखते हैं और दोनों नेताओं की बातचीत अक्सर होती रहती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने मंगलवार को भारत-अमेरिका संबंधों पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ट्रंप द्विपक्षीय संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक हैं। उन्होंने बताया कि व्यापार के मुद्दों पर दोनों देशों के बीच गंभीर स्तर पर चर्चा चल रही है।

सिग्नल फेल होना हादसे ...

ने ट्रेन दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में तथ्यात्मक त्रुटियों का आरोप लगाया है. जिसमें घटना के लिए ट्रेन के चालक दल को जिम्मेदार ठहराया गया है. पांच रेलवे विशेषज्ञों द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में मेमू ट्रेन के चालक दल को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है, जिसमें कहा गया है कि वे लाल सिग्नल पर ट्रेन को नियंत्रित करने में विफल और फिर मालगाड़ी से टक्कर हो गई। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने आरोप लगाया कि प्रारंभिक जांच काल्पनिक विवरणों पर आधारित है और रिपोर्ट में गलत सिग्नल संख्याएं दर्ज की गई हैं।

भारत-न्यूजीलैंड एफ्टीए बातचीत ...

पुके कीवीफ्रूट के बगीचे में भ्रमण के लिए गए थे। इस बगीचे में अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने भारतीय किसानों से खास बातचीत की। उन्होंने किसानों द्वारा किए गए भव्य स्वागत का आभार भी जताया। इस भ्रमण को लेकर उन्होंने पोस्ट में लिखा, मैंने भारतीय किसानों से बगीचे की वैरायटी, क्वालिटी, खेती के तरीकों और सस्टेनेबिलिटी की कोशिशों पर एक प्रोडक्टिव बातचीत की। साथ ही प्रोडक्टिविटी और क्वालिटी बढ़ाने की कोशिशों के बारे में भी बेहद कीमती जानकारी मिली।

पीएम मोदी ने किया स्मरणोत्सव का शुभारंभ

बलरामपुर/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 साल पूर्ण होने के अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में वंदे मातरम् स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस खास अवसर पर उन्होंने पूरे साल भल चलने वाले इस स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने वंदे मातरम् डाक टिकट एवं 150 रुपये का स्मारक सिक्का भी जारी किया। साथ ही वंदे मातरम् पोर्टल को लांच किया। साथ ही सभी लोगों ने वंदे मातरम् गीत का गायन भी किया। इस अवसर पर वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ पर देश-प्रदेश के साथ ही बलरामपुर जिले के शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में विशेष आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष एवं सभी विकासखण्डों, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में किया गया।जिला मुख्यालय में संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, अपर कलेक्टर आर.एस. लाल, आर.एन. पाण्डेय, चेतन बोरघरिया, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानूप्रकाश दीक्षित सहित जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का भी श्रवण किया गया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है, आज ही के दिन 07 नवम्बर 1875 को स्वर्गीय बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के द्वारा रचित वंदे मातरम् गीत का प्रकाशन हुआ था। जिसे संविधान सभा ने 1950 में राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया। राष्ट्रीय गीत के रूप में वंदे मातरम् हमें प्रेरणा एवं नई ऊर्जा से भर देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर गीत, गाने का मूल भाव/संदेष होता है। उसी प्रकार वंदे मातरम का मूल भाव है भारत, मां भारती, भारत की शाश्वत कल्पना। इस दौरान उन्होंने बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के जीवनी के बारे में भी बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के

न्यूज गैलरी

एशिया मास्टर चैंपियनशिप में भिलाई के गंगेश्वर को तीसरा स्थान

भिलाई। 23वीं एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भिलाई के मास्टर एथलीट गंगेश्वर ने 800 मीटर रनिंग में तीसरा स्थान पाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भारतीय दल के मैनेजर ताजुद्दीन ने इस संबंध में जानकारी दी। ताजुद्दीन ने बताया कि 23 वीं एशिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज 5 नवंबर को चेन्नई में हुई। प्रतियोगिता के 800 मीटर रेस में 60 वर्ष से अधिक वर्ग में भिलाई के गंगेश्वर ने तीसरी पोजिशन पाई है। प्रतियोगिता में 18 देशों के एथलीट विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और ऐसे में मास्टर एथलीट की यह उपलब्धि सराहनीय है।

दुर्ग-भिलाई में चेन स्नेचिंग

दुर्ग। भिलाई और दुर्ग में दो स्थानों पर चेन स्नेचिंग की घटना हुई। बुधवार को सुबह करीब 6:40 बजे एक गृहणी से उसके ही घर के बाहर सोने की चेन झपटकर एक अज्ञात बदमाश फरार हो गया। घटना के समय महिला अपने घर की बाउंड्रीवाल के अंदर रोज की तरह गुड़हल के फूल तोड़ रही थी। तभी एक अज्ञात व्यक्ति स्कूटी लेकर उनके घर के सामने रुका और अचानक तेजी से अंदर आकर उनके गले में पहनी हुई करीब दो तोले की सोने की चेन झपटकर भाग गया। महिला स्कूटी का नंबर नहीं देख सकीं। बाद में महिला ने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी तरह मोहन नगर थाना क्षेत्र के सिंधिया नगर इलाके में महिला मार्निंग वॉक कर सुबह करीब 6.30 बजे घर लौट रही थी। उसी समय डॉ. तमेर के घर के सामने एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल सवार ने महिला के गले में पहनी करीब दो तोला वजनी सोने की पुरानी चेन झपट ली।

कोरिया अमृत ब्रांड ने राज्योत्सव में बढ़ाई स्थानीय उत्पादों की चमक

कोरिया /नवप्रदेश। कोरिया जिले में 2 से 4 नवम्बर तक आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह में 'वोकल फॉर लोकल' की अवधारणा को नई ऊर्जा मिली। जिला पंचायत कोरिया के अंतर्गत बिहान योजना से जुड़ी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने 'कोरिया अमृत' ब्रांड के उत्पादों के माध्यम से अपनी व्यवसायिक पहचान को और अधिक मजबूत किया। इस दौरान महिला समूहों के स्टॉलों पर ग्राहकों की उल्लेखनीय भीड़ रही और उत्पादों की अच्छी-खासी बिक्री हुई।राज्योत्सव में कोरिया अमृत मोदक, कोरिया अमृत आचार, मिलेट्स कैफे, गढ़ कलेवा, महिला युग एफपी.सी. के कृषि उत्पाद, टेराकोटा कला, बांस हस्तशिल्प तथा वंदना मसाला जैसे स्थानीय एवं पारंपरिक उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने।

बिहान-योजना की राशि का गबन: बुक-कीपर ने 9 महिला स्व-सहायता समूहों से ठगी की

दुर्ग/नवप्रदेश। बिहान योजना के तहत महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अब ठगी की शिकार हो रही है। पुलगांव थाना क्षेत्र के कोटनी में महिला स्व-सहायता समूहों की राशि के गबन का मामला उजागर हुआ है। अलग-अलग समूहों में बुक कीपर का काम कर रही महिला मनीता निषाद पर करीब 6 लाख 19 हजार 420 रुपए की राशि गबन करने का आरोप लगा है।

इस मामले का खुलासा होने के बाद पुलगांव थाना पुलिस ने धारा 420 और 406 भादंवि के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कोटनी की हेम कल्याणी साहू ने बताया कि वो रगति स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष हैं। अलग-अलग समूहों ने स्वरोजगार के लिए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, नगपुरा शाखा से ऋण लिया था। समूह की सदस्य किस्तों में राशि जमा करने मनीता निषाद को नगद देती थीं, जिसे बैंक में जमा कराना उसकी जिम्मेदारी थी। मनीता ने यह राशि बैंक में जमा न कर अपने पास रख ली। आवेदिका हेमकल्याणी साहू, निवासी ग्राम कोटनी व प्रगति स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने थाना पुलगांव में एक लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि कोटनी में बिहान योजना के अंतर्गत गठित 9 महिला स्व-सहायता समूहों की राशि मनीता निषाद ने धोखाधड़ीपूर्वक अपने पास रख ली।

बैंक ने 5 नवम्बर 2023 को नोटिस जारी की तब पता चला कि कई समूहों की किस्तें जमा नहीं हुई

हैं। इसके बाद पूरा मामला सामने आया। फरवरी 2024 में एक बैठक रखी गई, जिसमें मनीता निषाद को राशि लौटाने के लिए कहा गया। महिला पैसे लौटाने के बजाय 4 मार्च 2024 की रात को गांव छोड़कर भाग गई। इसके बाद 17 महीने तक फरार रही। महिलाओं ने बताया कि करीब 17 माह बाद मनीता निषाद गांव वापस लौटी है। सभी समूहों की महिलाएं फिर से थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचीं।

थाना पुलगांव पुलिस ने बताया कि आवेदन की जांच के बाद प्रथम दृष्ट्या मामला धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वास भंग का पाया गया, जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है। गांव की महिलाओं का कहना है कि यह राशि सरकार की बिहान योजना के तहत स्वरोजगार के लिए दी गई थी, जिससे वे छोटे व्यवसाय और आजीविका के कार्य चला रही थीं। अब यह गबन उनके लिए आर्थिक संकट का कारण बन गया है। पुलिस ने आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित बैंक से अभिलेख तलब किए हैं। मनीषा निषाद से पूछताछ के बाद जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

9 समूहों से इस तरह की गई ठगी

क्रमांक	समूह का नाम	गबन की गई राशि (रुपए में)
1.	सरस्वती महिला स्व-सहायता समूह	60,000
2.	मां बगदई महिला स्व-सहायता समूह	1,44,000
3.	लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह	40,000
4.	एकता महिला स्व-सहायता समूह	1,92,000
5.	सखी महिला स्व-सहायता समूह	10,400
6.	धनलक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह	33,000
7.	दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह	87,720
8.	गरीमा महिला स्व-सहायता समूह	20,000
9.	प्रज्ञा महिला स्व-सहायता समूह	32,300
कुल राशि		6,19,420

चेम्बर ऑफ कॉमर्स का शपथ ग्रहण व दिवाली मिलन समारोह 8 को, विस अध्यक्ष डॉ. रमन दिलाएंगे शपथ

जिले भर से जुटेंगे सैकड़ों व्यापारी, चैम्बर के सदस्यों की संख्या बढ़ाने चलेगा अभियान

दुर्ग/नवप्रदेश। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इडस्ट्रीज की दुर्ग जिला इकाई द्वारा 8 नवंबर को आनंद रिसोर्ट, शिवनाथ नदी रोड पुलगांव में शपथ ग्रहण एवं व्यापारिक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। यह समारोह संध्या 6 बजे शुरु होगा। समारोह में चेम्बर के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष व दुर्ग जिला इकाई के पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे। अध्यक्षता स्कूली शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थॉरानी करेंगे। विशेष अतिथि सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, एसएसपी विजय अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, चेम्बर प्रदेश संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चेम्बर प्रमुख सलाहकार संजय रुंगटा, जिला भाजपा

अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, चेम्बर प्रदेश कोषाध्यक्ष नीतेश बरड़िया मौजूद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रमुख सलाहकार संजय रुंगटा, दुर्ग जिला चेम्बर अध्यक्ष अनूप गटागट ने गुरुवार को मीडिया से संयुक्त चर्चा के दौरान बताया कि समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के अलावा साइबर फ्रॉड पर जागरुकता फैलाने एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा व्यापारियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। 55 वर्ष पुरानी संस्था चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा समारोह में दुर्ग जिले के सभी छोटे-बड़े व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में करीब 500 से अधिक व्यापारियों के शामिल होने की उम्मीद है।

इस दौरान चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, मंत्री दीपक चोपड़ा, जवाहर जैन, दुर्ग जिला चेयरमैन किशोर जैन, कार्यकारी अध्यक्ष अटल गोदवानी, विनय खंडेलवाल, उत्तम भंडारी, महामंत्री कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मुरली सचदेवा, जिला मंत्री उदयशंकर त्रिपाठी, पोषण साहू मौजूद रहे।

उन्होने बताया कि दुर्ग जिला चेम्बर के वर्तमान में 1600 सदस्य है। सदस्यों की संख्या में विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दुर्ग शहर के बाजारों में पार्किंग बड़ी समस्या है। इसके समाधान के लिए चेम्बर द्वारा प्रशासनिक स्तर पर लगातार पहल व प्रयास किए गए है। पार्किंग की समस्या से उपभोक्ताओं को राहत दिलाने नगर निगम द्वारा योजना तैयार की गई है। जीएसटी के स्लैबों में छूट मिलने से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जीएसटी में छूट का व्यापारी व उपभोक्ताओं दोनों को लाभ मिला है।

एमआरडी ने एलडी स्लैग प्रेषण में बनाया नया रिकॉर्ड

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल रिकवरी विभाग ने अक्टूबर 2025 माह में 55,91,011 टन एलडी स्लैग का प्रेषण कर नया सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित किया है।

जो सितंबर 2025 में दर्ज 51,03,605 टन के पिछले सर्वोच्च रिकॉर्ड से अधिक है।

कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि मटेरियल रिकवरी विभाग, सेवाएं और संबद्ध विभागों के सहयोगात्मक कार्यप्रणाली का परिणाम है।

मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सेवाएं तुषारकांत ने कहा कि सभी इकाइयों के बीच समुचित तालमेल और सामूहिक प्रयासों से ही यह रिकॉर्ड संभव हुआ है।

मुख्य महाप्रबंधक मटेरियल रिकवरी विभाग सुशील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि महाप्रबंधक ऑपरेशन आलोक माथुर के नेतृत्व में प्राप्त हई, जिन्होंने सभी शिफ्टों और इकाइयों के बीच प्रभावी समन्वय और सतत निगरानी सुनिश्चित किया।

गुरुनानक जयंती पर गुरुद्वारा में मंत्री गजेन्द्र, महापौर अलका ने माथा टेका

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री गुरु नानक देव के 556 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा स्टेशन रोड दुर्ग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव और महापौर अलका बाघामार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और समस्त जनमानस के कल्याण की

कामना की। इस अवसर पर यादव ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को सत्य, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके उपदेश आज भी समाज को एकता और मानवता का संदेश देते हैं। मंत्री यादव ने गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों से भेंट कर उन्हें इस पावन अवसर की शुभकामनाएं दीं और सिख समाज द्वारा जनसेवा और समाजहित में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, गुरदर्शन सिंह, मोहेन्दर सिंह सहित सिख समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहे। दुर्ग नगर निगम की महापौर अलका बाघमार ने गुरुद्वारा में माथा टेका और गुरु नानक देव के उपदेशों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने नगरवासियों और सिख समाज को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद अरोड़ा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व संयोजक सतविंदर सिंह दुआ, कुलबीर सिंह सलूजा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार, गगनदीप सिंह, सहित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान महेंद्र पाल सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

कोयले से भरे ट्रक में लगी भीषण आग

कुम्हारी/नवप्रदेश। खारून नदी पुल पर रायपुर की ओर जा रहे एक ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में कोयला भरा था। पुल के ऊपर पहुंचते ही ट्रक धू-धू कर जलने लगा। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दुर्ग से रायपुर जा रहे कोयले से भरा ट्रक (सीजी 10 बीएच 9459) दुर्ग से रायपुर की ओर जा रहा था। खारुन नदी पुल पर पहुंचते ही अचानक ट्रक से धुआं उठने लगा। ड्राइवर फौरन नीचे उतर गया। देखते ही देखने आग केबिन और ट्राले में फैल गई और धू-धू कर ट्रक और कोयला जलने लगा। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया था। आग लगने का कारण अज्ञात है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्ट्या इंजन में तकनीकी खराबी को संभावित कारण माना जा रहा है। जिला सेनानी और जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हमारी टीम तत्काल रवाना हुई।

राहुल ने किया 25 लाख वोट चोरी का खुलासा वोरा बोले फर्जी तरीके से चुनाव जीतती है भाजपा

दुर्ग/नवप्रदेश। बुधवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई कथित वोट धांधली के सबूत पेश किए। कांग्रेस की रिसर्च टीम ने महीनों तक मतदाता सूची का बूथ-वार विश्लेषण किया। इस मामले का खुलासा होने के बाद पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि देश के लोकतंत्र में चुनाव की निष्पक्षता सर्वोपरि है। चुनाव आयोग को राहुल गांधी द्वारा उठाए गए हर बिंदु का जवाब सार्वजनिक रूप से देना चाहिए और डिजिटल वोटर-रोल उपलब्ध कराना चाहिए। वोरा ने आगे कहा कि राहुल

गांधी ने बल्कि चुनाव आयोग के वास्तविक डेटा पर आधारित दस्तावेजों से फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। यह भारतीय लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। राहुल गांधी का यह खुलासा लोकतंत्र के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी है। वोरा ने कहा कि राहुल गांधी के खुलासे सिर्फ हरियाणा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को झकझोरने वाले हैं। वोरा ने कहा कि साल 2023 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में भी बड़े पैमाने पर साज़िश के तहत वोटों की धांधली की गई, जिसके कारण कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा।

साध्वी समुदाय का चातुर्मास का अंतिम प्रवचन

- **जय आनंद मधुकर रतन भवन में ज्ञान ध्यान सिखने और चातुर्मास में विशेष सहयोग करने वालों का हुआ अभिनंदन**

दुर्ग/नवप्रदेश। चार माह तक चातुर्मास में ज्ञान, ध्यान, त्याग, तपस्या, जप, अनुष्ठान की अलख जगाने वाले साध्वी समुदाय का कल अंतिम प्रवचन हुआ। धर्मसभा में चातुर्मास में विशेष सहयोग करने और धार्मिक ज्ञान सीखने वाले नेमीचंद चोपड़ा, नवीन संचेती, नितिन संचेती, सूरजमल कांकरिया का धर्म सभा में अभिनंदन किया गया।

जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में

आयोजित धर्मसभा में श्रमण संघ महिला मंडल और जय आनंद मधुकर रतन पाठशाला के बच्चों ने गीतों से भावनात्मक प्रस्तुति दी। कृतज्ञता सभा में निर्मल बाफना, प्रवीण श्री श्रीमाल, पारसमल संचेती, नीलम बाफना दिनेश बाफना, यश चंचल, रतन बोहरा, रचिता श्री श्रीमाल, प्रकाश रतन बोहरा ने भी अपने भाव रखे। चातुर्मास लगने के साथ ही नवकार महामंत्र नवपद जी का जप अनुष्ठान प्रारंभ था। जप अनुष्ठान में स्वाध्यायी किरण देवी संचेती का 79 उपवास की उग्र तपस्या पर श्रमण संघ परिवार ने हर्ष और उल्लास के वातावरण में चातुर्मास के अंतिम दिवस पर अभिनंदन किया। धर्म सभा का संचालन संघ के मंत्री राकेश संचेती और टीकम छाजेड़ ने किया। श्रमण संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा ने संघ के उत्थान और अधिक समर्पण लाने अपने भाव व्यक्त किये। जयमल महाराज की दीक्षा जयंती सामायिक व एकासना तप के साथ मनाई जाएगी। साध्वी समुदाय के सानिध्य में आचार्य सम्राट जयमल महाराज की दीक्षा जयंती दो सामायिक और एकासना तप के साथ महावीर भवन महावीर कलोनी में गुणानुवाद सभा के रूप में मनाई जा रही है। संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा और मंत्री राकेश संचेती ने सभी वर्ग के लोगों से उपस्थिति का आह्वान किया है।

-: निधन :-

जवाहर लाल शुक्ला

दुर्ग/नवप्रदेश। नयापारा निवासी जवाहर लाल शुक्ला का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे सतरूपा शीतला मंदिर समिति सिविल लाइन कसारीडीह के मुख्य पुजारी और मंदिर समिति के सदस्य पंडित धीरज शर्मा के पिताजी थे। उनके निधन पर सतरूपा शीतला मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

आलोक त्रिपाठी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई के डायरेक्टर मदन मोहन त्रिपाठी और प्राचार्य सविता त्रिपाठी के पुत्र आलोक त्रिपाठी का निधन चेन्नई के रेला अस्पताल में सुबह लगभग 4:30 बजे हो गया। कल दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी स्थित मुक्तिधाम में होगा।

समय-सीमा बैठक | **कलेक्टर ने अफसरों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

धान उपार्जन, सिकलसेल, शिक्षा और राजस्व कार्यों की समीक्षा

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पोर्टल खुलने से पहले दोबारा सत्यापन सुनिश्चित करें और इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारू संचालन के लिये 6 नवम्बर को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अधिकारी अपने सभी संदेहों का समाधान कर सकते हैं। कलेक्टर सिंह ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों, पटवारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के लिए स्पायरो पोर्टल के अनिवार्य उपयोग के निर्देश दिए हैं ताकि वार्षिक कार्य मूल्यांकन किया जा सके। बैठक में उन्होंने बताया कि 400 केवी पावरग्रिड से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा वितरण करने कहा। इसके लिए सभी एसडीएम को निर्देश जारी किए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि जिन मतदाताओं का सूची से मिलान हो गया है, उनकी प्रविष्टि बीएलओ एप के माध्यम से तत्काल करवाई जाए। विश्वास पात्र ऑपरेटर की ड्यूटी लगाकर उनकी मॉनिटरिंग भी करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने सिकलसेल परीक्षण और वय वंदना कार्ड की स्थिति की जानकारी लेकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग के अफसरों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का अपार आईडी और विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट शीघ्र किया जाए। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने कहा। धान उपार्जन की तैयारी की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी समितियों में पीडीएस बारदाना समय पर पहुंचे और उसकी एंट्री पोर्टल पर सुनिश्चित की जाए। खाद्य अधिकारी ने बताया कि अब तक 10 हजार गठानें भेजी जा चुकी हैं। सभी सीईओ को निर्देश दिया कि हाई मास्क लाइट लगाने के लिए सरपंच और सचिव मिलकर स्थान चिन्हांकित करें, ताकि कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से संबंधित आवश्यक जानकारी एनआईसी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर योगिता देवांगन और वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस, जिपं. सीईओ बजरंग दुबे, एसडीएम महेश राजपूत, लवकेश ध्रुव, हितेश पिस्दा व उत्तम ध्रुव, आयुक्त राजीव पाण्डेय, सुमित अग्रवाल, मोनिका वर्मा उपस्थित थे।

नवीनीकृत मुस्कान दिव्यांग विद्यालय का हस्तांतरण

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा 4 नवम्बर को सेक्टर 2 भिलाई स्थित मुस्कान दिव्यांग विद्यालय में परिसर नवीनीकरण के बाद हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया गया। नवीनीकृत विद्यालय परिसर का हस्तांतरण प्राचार्य अशोक साहू को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुस्कान मानसिक दिव्यांग विद्यालय एवं पुनर्वास केंद्र त्रिविधा विकास समिति द्वारा संचालित है। निदेशकगण अजय कांत भट्ट, सुधीर जोशी, अशोक कुमार गुप्ता और सनत कुमार जैन हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक शॉप्स हरीश कुमार सचदेव और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग शिवराजन उप

महाप्रबंधक, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग अपर्णा चंद्रा उप प्रबंधक, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग केके वर्मा रहे। विभागीय कर्मचारी बुधेलाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुधीर जोशी ने विद्यालय परिसर के नवीनीकरण कार्यों में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र के योगदान की जानकारी दी और विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक हरीश कुमार सचदेव ने मुस्कान दिव्यांग विद्यालय के प्राचार्य अशोक साहू और शिक्षकगण द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उन्हें जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देना अत्यंत प्रशंसनीय प्रयास है। उन्होंने भविष्य में आवश्यकता पडने़ पर संस्था को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र नगरार में कम्युनिटी पुलिसिंग का आयोजन

■ स्थानीय बच्चों को स्कूल बैग, चप्पल एवं ग्रामीणों को साल व साड़ी वितरण किया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। कम्युनिटी पुलिसिंग कार्यक्रम के अंतर्गत गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने टीम के साथ आज थाना मैनपुर क्षेत्रातंर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम नगरार के ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी समस्याएं सुने। गांव के बच्चों, प्रमुखों एवं महिलाओं से बातचीत किये। बातचीत के दौरान वहां के लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, स्कूल, भवन आदि के संबंध में समस्या पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुखों से बात कर शीघ्र मूलभूत सुविधा दिलाए जाने के संबंध में आश्वासन दिये। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बच्चों को स्कूल बैग, चप्पल, चॉकलेट, बीस्किट एवं ग्रामीणों को साल एवं साड़ी वितरण किया गया। शासन के आत्मसमर्पण निती के तहत जो नक्सली अपने परिवार एवं समाज से बिछड कर हिंसा को अपनाएं है।

गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा देने छात्राओं को साइकिल वितरित

शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है : शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने भाटापारा में नगर पालिका उच्चतम (कन्या) विद्यालय में छात्राओं को साइकिल वितरित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें।

सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके उपरांत प्राचार्य राजेंद्र जोशी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया..

इस दौरान शिवरतन शर्मा ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। बेटियां हैं तो कल है। सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें, हमारे प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास

करना। शिवरतन शर्मा ने कहा यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है, शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ हमारी छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है।

हमारी सरकार के मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में आगे की ओर अग्रसर होते हुए प्रदेश में बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। भाटापारा विधानसभा के सभी स्कूलों को व्यवस्थित और बेहतर बनाया जाएगा, किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी.

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका आभा व्यास एवं आभार प्रदर्शन रेखा वर्मा द्वारा किया गया..

उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, नीरा साहू, आशीष जायसवाल, नंद किशोर अग्रवाल, आशीष पुरोहित, भास्कर देवांगन, दुर्गेश शर्मा, अशोक तिवाड़ी, आनंद शर्मा, अंजनी जायसवाल, तनूजा धृतलहरे, रितु यादव, शकून ध्रुव, गीता साहू, नंदकिशोर शर्मा, शिक्षक किरण साहू, शिवानी पुरोहित, खुशी गुप्ता, द्रोपती पारस, सुमित वर्मा, आकाश यादव, योगेवर, दलेश्वरी ठाकुर उपस्थित रहे..

न्यूज गैलरी

समय पर नहीं खुला तहसील कार्यालय

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतर्गत नवगठित बेलर तहसील कार्यालय में शासन-प्रशासन के नियमों का पालन होते नहीं दिखाई दे रहा है। गुरुवार की सुबह लगभग 10:30 बजे तक तहसील कार्यालय का मुख्य द्वार बंद मिला, जिस पर ताला लटक रहा था। कार्यालय आए कुछ लोगों ग्रामीणों ने बताया कि शायद आज छुट्टी होगी समझकर वे निराश होकर वापस लौट गए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यालय निर्धारित समय पर खोले जाएं और आमजन के कार्यों में लापरवाही न बरती जाए। बेलर तहसील में वर्तमान में अधिकारी तहसीलदार ,दो बाबूसाहब, एक चपरासी, एक कोटवार और तीन आर.आई.पदस्थ हैं, परंतु वही समय पर निरीक्षण के दौरान कोई भी कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं पाया गया। है जिसमे यह स्थिति शासन की कार्यप्रणाली और जनसेवा की भावना पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

नगरी में सरकारी आवासों आवंटन में मनमानी, पात्र कर्मचारी आवास से वंचित

■ प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय अनदेखी से बढ़ रहा असंतोष

नगरी/नवप्रदेश। ब्लॉक मुख्यालय नगरी में सरकारी कर्मचारियों के लिए बनाए गए आवासों में नियमों की अनदेखी और मनमानी की शिकायतें बढ़ती जा रही हैं। पात्र कर्मचारियों को आवास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जबकि कुछ सरकारी भवनों पर वर्षों से ऐसे लोगों का कब्जा बना हुआ है जिनकी तैनाती संबंधित विभागों में नहीं है। इससे सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल उठने लगे हैं।

विभागवार अनियमितताओं की चर्चा तेज

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरी में शिक्षा, राजस्व, वन, कृषि और पंचायत सहित कई विभागों के लिए अलग-अलग आवास बनाए गए हैं। नियमों के अनुसार इन भवनों में केवल संबंधित विभाग के ही कर्मचारी रह सकते हैं, लेकिन कई स्थानों पर यह व्यवस्था कागजों तक सीमित रह गई है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि कई बार नोटिस जारी होने के बावजूद अवैध कब्जों को हटाया नहीं गया।

कर्मचारियों में रोष, पारदर्शी जांच की मांग

कर्मचारियों का कहना है कि सरकारी आवास का उद्देश्य कर्मचारियों को सुविधा देना था, किंतु अब यह व्यवस्था कुछ लोगों के प्रभाव में आ गई है। कई विभागों ने इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन से शिकायतें की हैं, लेकिन कार्रवाई के अभाव में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारी संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी सरकारी आवासों की सूची और आवंटन की स्थिति का सत्यापन कराया जाए तथा जो आवास अपात्रों के कब्जे में हैं, उन्हें नियमानुसार खाली कराया जाए। साथ ही पात्र कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटित किया जाए।

प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया तो विवाद और गहरा सकता है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि समाधान न मिलने पर वे सामूहिक रूप से जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन का मार्ग अपनाने को विवश होंगे।

पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में छह साल से कब्जे का मामला चर्चा में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के आवासों में भी इसी तरह की स्थिति बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार एक सरकारी मकान पर बीते कई वर्षों से विभाग से असंबंधित व्यक्ति का कब्जा है। विभागीय कर्मचारियों द्वारा बार-बार आवास की मांग और उच्चाधिकारियों को पत्राचार किए जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

देवपुर जे.डी. कॉलोनी में भी अनियमित आवंटन की शिकायतें

देवपुर स्थित जे.डी. कॉलोनी में भी आवास आवंटन को लेकर असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। यहां कुछ कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि पात्रों की अनदेखी कर अपात्रों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। इसके चलते नए पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी किराए के मकानों में रहने को मजबूर हैं।

नगर पालिका में गौ-सुरक्षा को लेकर नगरवासियों की बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका के सभाकक्ष में गौधाम के समग्र विकास, गौ-सुरक्षा तथा नगर में घूमंतु गौवंश से संबंधित समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में नगर पालिका परिषद् के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गौधामों की आधारभूत संरचना, गोधन के भोजन की उपलब्धता, नियमित चिकित्सा सुविधा, उचित देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में नागरिकों को अधिक से अधिक पैरा दान के लिए प्रेरित करने, घास एवं हरे चारे के उत्पादन को प्रोत्साहित करने, गौधाम में गोधन मालिकों द्वारा छोड़े गए पशुओं को रखने तथा ऐसे मालिकों पर दंडात्मक कार्यवाही करने, दो माह के चारे का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने, रसीद प्रणाली के माध्यम से दान प्राप्त करने तथा गौधाम के गोबर से छेना निर्माण एवं गौमूत्र विक्रय जैसी योजनाओं को क्रियान्वित करने के सुझाव दिए गए।इस अवसर पर संजय वार्ड के युवा पार्षद श्रेणिक गोलछा द्वारा दिसंबर एवं मार्च माह में एक-एक ट्रॉली चारे की व्यवस्था करने की घोषणा की गई। वहीं गोलछा परिवार द्वारा ?11,000 एवं रामरतन मूंधड़ा द्वारा 1,00,000 का सहयोग प्रदान किया गया।

डीडब्ल्यूपीएस में राष्ट्रीय विज्ञान मेला 10 से

भाटापारा/नवप्रदेश। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खमरिया में 10 नवम्बर से 12 नवम्बर तक तीन दिवसीय "राष्ट्रीय विज्ञान मेला – विक्रम साराभाई स्पेस एग्ज़ीबिशन" का भव्य आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला साइंस क्लब के सहयोग से होने जा रहा है।इस वर्ष की थीम है – "परंपरा से प्रगति", जो भारत की वैज्ञानिक परंपरा को आधुनिक तकनीकी उपलब्धियों से जोड़ते हुए प्रगति की नई राह दिखाएगी। आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने से पूरे क्षेत्र के साथ-साथ देशभर के छात्रों और वैज्ञानिक समुदाय को इससे जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के 20 से अधिक वरिष्ठ वैज्ञानिक अपने प्रयोगात्मक उपकरणों और अत्याधुनिक मॉडलों के साथ शामिल होंगे, जिससे विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की गहराइयों को नज़दीक से समझने का अनूठा अवसर मिलेगा। 10 नवम्बर को होने वाले उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री टंकराम वर्मा, मंत्री, रहेंगे, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिव रतन शर्मा,वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़, तथा डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे, रजिस्ट्रार, NIT रायपुर, समारोह की गरिमा बढ़ाएँगे।

सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में रजत जयंती महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित

नवापारा राजिम। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा, खेल प्रभारी डॉ. शिव कुमार पाण्डेय, कार्यक्रम प्रभारी प्रो. नयना पहाड़िया व कार्यक्रम संयोजिका व संचालिका प्रो. प्रीति शाह उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी व सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल बीते 25 वर्षों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे राज्य की सामूहिक उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं का प्रतीक है।

उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रजत जयंती केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि यह हमारी सामूहिक यात्रा और प्रगति का प्रतीक है। 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, संस्कृति और औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की है।

आगे इन कार्यक्रमों में स्वागत गीत, लोकगीत (सुवा, कर्मा, ददरिया, पंथी), कविता, भाषण, पहेली, पोस्टर इत्यादि में क्रमशः जीतेश्वरी, ममता, पूनम देवी, गोपेश साहू, योगेन्द्र साहू, वंदना, खुशबू लता साहू, खिलेश्वरी, चांदनी, रश्मि, अवंतिका दिवान व वर्षा मंडल इत्यादि ने प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम में डॉ. सारिका साहू, प्रो. तरूण साहू, प्रो. चंद्रहास साहू, प्रो. अखिलेश शर्मा, डॉ. संतोष शर्मा, ज्ञान प्रकाश साहू, प्रशिक्षु शिक्षकों में दीपक साहू, उमाशंकर, मनीष, मेघा, राहुल, लालचंद, गुलशन, कुनाल साहू, टिकेश्वरी, मार्टिना, उर्वशी, निधि वर्मा सहित बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम की कार्यक्रम संयोजिका व संचालिका प्रो. प्रीति शाह रही। कार्यक्रम का संचालन जानू जॉनसन व मोनिका ने संयुक्त रूप से किया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी प्रो. नयना पहाड़िया ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य "छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा" को बताते हुए आभार प्रदर्शन किया।

साहू समाज भाटापारा की दीपावली मिलन समारोह संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन साहू छात्रावास भवन, दानवीर भामाशाह चौक, परशुराम वार्ड, भाटापारा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाजिक एकता, संगठन सुदृढ़ीकरण एवं आगामी योजनाओं पर सारगर्भित चर्चा की गई। साथ ही आगामी समय में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह में जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार-भाटापारा सुनील साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ बलौदाबाजार पारसमणी साहू तथा संगठन सचिव तहसील साहू संघ बलौदाबाजार विष्णु साहू (पूर्व सैनिक), जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रवि साहू की उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष सुनील

साहू ने नगर साहू समाज के जन-कल्याणकारी कार्यों की सराहना करते हुए समाज एवं युवाओं में नशामुक्ति जागरूकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया एवं आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रम को भाटापारा नगर में कराए जाने की बात कहीं। नगर अध्यक्ष राजेश साहू ने समाजिक विषयों, सुझावों एवं शिकायतों को सोशल मीडिया के बजाय प्रत्यक्ष बैठकों में रखने को समयबद्ध एवं न्यायसंगत निराकरण के लिए आवश्यक बताया और संगठनात्मक सहयोग एवं समन्वय पर जोर देते हुए जल्द ही अपने कार्यकारिणी विस्तार करने की जानकारी समाजजनों को दी। कार्यक्रम का सफल संचालन जीत नारायण साव ने किया। समारोह में नीरादेवी साहू (उपाध्यक्ष), मनहरण (लाला) साहू (उपाध्यक्ष), तिलक साहू (संगठन सचिव), मुकेश साहू (अंकेक्षक), अमृत साहू (मीडिया प्रभारी), चंद्रप्रकाश साहू, नभ नारायण साहू, पिलाराम साहू, डॉ.वीणा साहू, कल्याणी साहू, तथा लिकेश साहू (प्रतिनिधि, धुरंधर वार्ड) ने विशेष सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम का आभार समाज के सह सचिव जीत नारायण साव ने किया ।

गट्टासिल्ली में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत में गट्टासिल्ली में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन दिन गुरुवार को किया गया इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि यह सामुदायिक भवन गांव के सभी वर्गों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। चाहे सांस्कृतिक कार्यक्रम हों, विवाह समारोह या कोई अन्य सामाजिक आयोजन अब ग्रामवासियों के पास एक सशक्त मंच उपलब्ध रहेगा। ग्राम सरपंच रामकुमार सामरथ ने भवन निर्माण की स्वीकृति के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक गांव में किसी जगहों पर ऐसा बड़ा मंच नहीं था जहाँ शादी विवाह, धार्मिक कार्यक्रम,सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। जिसमे सामुदायिक भवन बनने से ग्रामवासियों में हर्ष का वातावरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच रामकुमार सामरथ विशेष अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमसिंह सलाम, तथा ग्राम पटेल पुष्पराज पटेल पच गण गांव के लोग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

नाटक को प्रभावी ढंग से पेश किया

30 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंच पर कलाकार की भूमिका निभाई

राज्योत्सव में 'दंड से न्याय की ओर' मंचन ने खींचा सबका ध्यान

■ वरिष्ठ आईपीएस शशि मोहन सिंह के निर्देशन में हुआ मंचन – छत्तीसगढ़ पुलिस की अनूठी पहल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव में न्यू क्रिमिनल लॉ पर आधारित नाट्य मंचन 'दंड से न्याय की ओर' ने दर्शकों का मन मोह लिया। नया रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में अपराध से लेकर न्याय तक की पूरी प्रक्रिया को नए आपराधिक कानूनों की भावना के अनुरूप प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

इस नाट्य प्रस्तुति का निर्देशन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एवं रंगकर्मी शशि मोहन सिंह ने किया। उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के 30 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंच पर कलाकार की भूमिका निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत उस दृश्य से हुई जब एक युवती अपनी शिकायत ई-एफआईआर के माध्यम से दर्ज कराती है। इसके बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई, साक्ष्य संकलन, आरोपी की गिरफ्तारी और न्यायालय में सुनवाई की प्रक्रिया को क्रमवार रूप से दिखाया गया। नए क्रिमिनल लॉ के तहत 90 दिनों में जांच पूरी करने और 7 दिनों के भीतर पीड़िता को केस की स्थिति बताने जैसी प्रावधानों को नाटक में बेहद प्रभावशाली अंदाज में दर्शाया गया।

'दंड से न्याय की ओर' नाटक का मंचन अब तक चंडीगढ़, जयपुर सहित चार प्रमुख शहरों में किया जा चुका है। नया रायपुर में इसका पांचवां मंचन हुआ, जिसे हजारों दर्शकों ने देखा और पुलिस विभाग की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

डोंगरगांव के मेजर संदीप देशमुख का प्रभावी अभिनय बना आकर्षण का केंद्र

इस मंचन में डोंगरगांव थाने में पदस्थ मेजर संदीप देशमुख ने अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान खींचा। वे पुलिस सेवा में रहते हुए भी लंबे समय से छत्तीसगढ़ के चर्चित रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता रहे हैं। उन्होंने कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों में अपने अभिनय से पहचान बनाई है। राज्योत्सव के मंच पर उनकी प्रस्तुति को दर्शकों और अधिकारियों द्वारा विशेष सराहना मिली। लोगों ने कहा कि उनका अनुभव और भावनात्मक अभिनय इस मंचन में वास्तविकता और जीवंतता लेकर आया।

न्याय की नई दिशा की ओर एक कदम

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मंचन का उद्देश्य जनता को यह समझाना है कि ÷दंड से न्याय की ओर÷ अब केवल नारा नहीं, बल्कि एक नई व्यवस्था की शुरुआत है-जहाँ कानून में तकनीक, समयबद्धता और संवेदनशीलता के साथ आम नागरिक को त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

सड़क पार करते समय बस की चपेट में आया हिरण, मौके पर मौत

नगरी/नवप्रदेश। नगर के मेन रोड वार्ड क्रमांक-1 हरदीभांठा चौक के पास शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब सड़क पार कर रहे हिरणों के झुंड में से एक हिरण यात्री बस की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि हिरण की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत हिरण के शव को कब्जे में लेकर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई प्रारंभ की। विभागीय सूत्रों के अनुसार यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ है, जहां अक्सर हिरणों और अन्य जंगली जानवरों का



विचरण देखा जाता है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के किनारे स्थित वन क्षेत्र से जंगली जानवर अक्सर सड़क पार करते हैं, जिससे इस मार्ग पर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से इस क्षेत्र में गति नियंत्रण बोर्ड (स्पीड लिमिट साइन) तथा चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

न्यूज गैलरी

वार्ड क्रमांक 3 राजापारा में कार्तिक रामायण हुआ समापन

सक्ती/नवप्रदेश। शारदा मानस मंडली राजापारा एवं मोहल्लेवासी के सहयोग से कार्तिक रामायण कार्यक्रम ही भक्तिमय के साथ शुभारंभ किया गया कार्तिक रामायण कार्यक्रम 15 दिनों तक चला जिसका समापनकार्यक्रम 6 नवंबर को हुआलगभग 65 वर्षों से शारदा मानस मंडली द्वारा किया जा रहा है मानस शारदा मंडली के साथ-साथ महिला मंडली के द्वारा कीर्तन भजन रात्रि में किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य कार्यकर्ता पारस यादव ने बताया की लगभग 65 -70 साल से राजापारा में कार्तिक रामायण का आयोजन होता रहा है। इस कार्तिक रामायण समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं साथ-साथ प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम में वार्ड वासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए इसअवसर पर मंडली के सदस्य सुंदर प्रधान, परस यादव, नारायण सिंह परिहार कृष्ण कुमार देवांगन अधिवक्ता, चौबे महाराज जूनियर, प्रेमलाल प्रधान पार्षद, महादेव, शंकर, गोरेलाल, होरीलाल, रघुनंदन, तेजराम, अंजोर दास ब्रेट, कार्तिक, नवीन प्रधान, प्रासू परिहार, एवं महिला मंडली के नोनी बाई, गायत्री बाई , सरोज पांडे, मंगती बाई, भुरी बाई, तुलसी कंवर, गंगोत्री बाई, काफी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित थे आगे भी कार्तिक रामायण कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 3 राजापारा में किया जाएगा।

सक्ती में गुरु नानक का 556वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

सक्ती/नवप्रदेश। प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व सक्ति के गुरुद्वारा सिंह सभा में भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन में भाग लिया। धार्मिक आयोजनः दिन की शुरुआत सुखमनी साहिब पाठ, भजन-कीर्तन और गुरु वाणी के मधुर स्वरों से हुई। दोपहर में श्रद्धालुओं के लिए विशाल लंगर का आयोजन किया गया। अग्रसेन चौक पर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। अस्पताल चौक में मुस्लिम समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी तैय्यब अली रिज़वी, महबूब खान,हाजी वाहेद खान,शम्स तमरेज खान,सोनू कुरैशी,अफरोज साबरी, अज़लाल खान, रज्जब अली,वसीम खान,आवेश कुरैशी, शैफी शेख़, रज्जाक खान, साबा खान,वारिस खान,फैजल खान, तैय्यब अंसारी,रज्जाक अली,आरिफ़ खान,कुकी ,अंशु और कॉफी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।

दिसंबर तक सभी मुख्य मार्ग होंगे सुगम, आमजनों को मिलेगी राहत

लोक निर्माण विभाग ने शुरू किया सड़कों के मरम्मत कार्य

बलरामपुर/नवप्रदेश। शासन के मुंषानुरूप लोक निर्माण विभाग अंतर्गत जिले के क्षतिग्रस्त सड़कों में सुगम आवागमन सुनिष्चित करने मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। वर्षा ऋतु के समाप्त होते ही जिले में सड़कों के संधारण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी आ गई है। लोक निर्माण विभाग संभाग रामानुजगंज द्वारा जिले की सड़कों को सुगम बनाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है। विभाग के अंतर्गत कुल 945.74 किलोमीटर सड़कों में से 256.95 किलोमीटर सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत एवं बी.टी. पैच रिपेयर के माध्यम से सुधारने का लक्ष्य तय किया गया है।वर्षा ऋतु के दौरान लगातार बारिश के कारण जिले की कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। विशेष रूप से राज्य मार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों पर गड्ढों की स्थिति ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग ने सबसे पहले राज्य मार्गों और अधिक ट्रैफिक वाले मार्गों को बी.टी. पैच रिपेयर के लिए चयनित किया है।कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी है कि सड़कों के संधारण कार्य के लिए राज्यमार्ग, मुख्य जिला मार्ग और ग्रामीण सड़कों के कुल 13 कार्यों के लिए 6 एजेंसी निर्धारित की गई है। इन सड़कों में यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्गों को सूची

में प्राथमिकता दी गई है। इन एजेंसियों को कार्य की तकनीकी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय-सीमा के भीतर सड़कों का मरम्मत करना है। इसके साथ ही विभागीय इंजीनियर नियमित रूप से स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

18 किलोमीटर सड़कें पहले ही सुधरीं

लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी कि अब तक 18.00 किलोमीटर सड़कों में बी.टी. पैच रिपेयर का कार्य 06 नवम्बर 2025 तक पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें बलरामपुर-रामानुजगंज के प्रतापपुर, सेमरसोत मार्ग में 14 किलोमीटर बीटी पैच रिपेयर का कार्य और अंबिकापुर, धनवार, वाराणसी मार्ग (राज्य मार्ग) का कार्य शामिल है। इन सड़कों में क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का चयन किया गया है, जहाँ यातायात का दबाव सबसे अधिक रहता है। शेष मार्गों में भी कार्य तेजी से जारी है साथ ही शेष अन्य मार्गों को बीटी पैच रिपेयर कर 31 दिसंबर 2025 तक सभी प्राथमिक मार्गों को पूर्ण रूप से गड्ढा मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल हुए शामिल

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे जिले में विभिन्न स्थानों पर हुआ कार्यक्रम

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रगौरव और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत आज जिला पंचायत सभाकक्ष में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर विलास भोसकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, अमृत लाल ध्रुव सहित जिले के अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने दूरदर्शन पर प्रसारित राष्ट्रव्यापी लाइव कार्यक्रम का अवलोकन किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर वर्षभर चलने वाले विशेष समारोह की औपचारिक शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि, वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति श्रद्धा, समर्पण और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान संगीत महाविद्यालय अम्बिकापुर के छात्रों ने स्वरबद्ध तरीके से राष्ट्रीय गीत'वंदे मातरम' प्रस्तुत किया, जिसे मुख्य अतिथि सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने खड़े होकर दोहराया।

पूरा सभाकक्ष देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम् भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा रहा है। यह गीत आज भी देशवासियों में मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को प्रज्वलित करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस गीत को अपने जीवन में आत्मसात करें और नई पीढ़ी तक इसकी भावना पहुंचाएं।राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर जिले में चरणबद्ध कार्यक्रम का आयोजन वर्षभर किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरणः 07 से 14 नवंबर 2025, द्वितीय चरणः 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरणः 07 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) और चतुर्थ चरणः 01 से 07 नवंबर 2026 (समापन सप्ताह) इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा vandemataramvz®.in नामक विशेष पोर्टल भी प्रारंभ किया गया है, जिसमें नागरिक 'वंदे मातरम' की धुन के साथ अपने स्वर में यह गीत गाकर अपलोड कर सकते हैं। पोर्टल पर गीत के बोल, संगीत और सार्टिफिकेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इस राष्ट्रीय उत्सव में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकें।तो आइए, राष्ट्रीय गीत का उत्सव मनाएं जिसने करोड़ों देशवासियों के हृदय में मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना जगाई।

सेजेस स्कूल सरसीवां की मनमोहक प्रस्तुति

सारंगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित जिला स्तरीय रजत जयंती महोत्सव में पी एम श्री सेजेस स्कूल सरसीवां की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के खेलभाटा मैदान में विभिन्न स्टाल और विभागीय झांकियों का आयोजन किया गया था। पीएम श्री सेजेस सरसीवां के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी लोकगीत पर शानदार प्रस्तुति दीऔर इस मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने प्रतिभागी बच्चों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। विद्यालय की ओर से प्राचार्य बी एल कुर्रे, रजनी राठौर, रसिया भोई, आरती पटेल, प्रफुल्ल साहू, कुलदीप, कमल पटेल, केशव एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं ने छात्रों की प्रस्तुति को तैयार करने में भूमिका निभाई।

सात दिवसीय राष्ट्रीय शिविर का आयोजन

सारंगढ़/नवप्रदेश। शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महा विद्यालय सारंगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जिसमें जिला मुख्यालय के ग्रापं रामटेक के आश्रित ग्राम गंधराचुवा में 4 नवंबर से प्रारंभ हो गया है जिसका समापन 10 नवंबर तक चलेगा। ग्राम पंचायत रामटेक के सरपंच कौशल्या पटेल गणमान्य नागरिक गंधराचुना रामटेक के श्याम कुमार पटेल, दीनानाथ पटेल, गोकुल बरीहा, नीलमणी पटेल, मायाराम पटेल रामगुलाल चौहान, गोरतन पटेल एवं महाविद्यालय के प्राचार्य एवं से रक्षक डॉ लोकेश्वर पटेल श्यामाचरण नेताम सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, मुकेश कुमार सहायक प्रोफेसर प्राणि विज्ञान तथा रा.से.यो. के 53 स्वयं सेवकों तथा महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी उसत राम पटेल की उपस्थिति थे।

जैतपुर महानदी पुल पर भारी वाहनों का आवागमन बंद, लोगों को हो रही परेशानी

सारंगढ़/नवप्रदेश। जिले में सरसीवा से महज़ नौ किलोमीटर दूर जैतपुर महानदी पुल कई सालों से बड़ी वाहनों के लिए बंद है। पुल के बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोज़मर्रा के सफर और बसों की आवाजाही प्रभावित होने से आसपास के गांवों के लोग काफी परेशान हैं। बताया जा रहा है कि यह पुल शक्ति, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों को आपस में जोड़ता है। इस पुल से रोज़ाना हज़ारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन बड़ी वाहनों और बसों के नहीं चलने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बताते हैं कि कई किलोमीटर तक पैदल चलकर हसौद और सरसीवां पहुंचना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रशासन से जल्द इस पुल पर बसों और बड़ी गाड़ियों का आवागमन शुरू करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, यह पुल वर्ष 2018 से दोनों छोरों पर बैरिकेटिंग कर बंद किया गया है। बताया जा रहा है कि

पुल की स्थिति जर्जर हो चुकी है, जिसके चलते बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। वहीं दूसरी ओर, भटगांव से बिर्रा को जोड़ने वाला सालियाघाट महानदी पुल जैतपुर पुल से भी बदतर स्थिति में होने के बावजूद वहां बड़ी गाड़ियों का आवागमन जारी है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सालियाघाट पुल जर्जर होने के बावजूद चालू है, तो आखिर जैतपुर महानदी पुल पर बड़ी गाड़ियों का आवागमन क्यों बंद है। जैतपुर महानदी पुल पर भारी वाहनों का आवागमन बंद, लोगों को परेशानी हो रही है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में सरसीवां से महज़ नौ किलोमीटर दूर जैतपुर महानदी पुल कई सालों से बड़ी वाहनों के लिए बंद है। पुल के बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोज़मर्रा के सफर और बसों की आवाजाही प्रभावित होने से आसपास के गांवों के लोग काफी परेशानी होती है। जहां सरसीवां क्षेत्र आसपास गांव के छात्र छात्राऐ कालेज जाते हैं।बताया जा रहा है कि यह पुल शक्ति, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों को आपस में जोड़ता है। इस पुल से रोज़ाना हज़ारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है, लेकिन बड़ी वाहनों और बसों के नहीं चलने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोग बताते हैं कि उन्हें कई किलोमीटर तक पैदल चलकर हुसौद और सरसीवां पहुंचना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रशासन से जल्द इस पुल पर बसों और बड़ी गाड़ियों का आवागमन शुरू करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, यह पुल वर्ष 2018 से दोनों छोरों पर बैरिकेटिंग कर बंद किया गया है। बताया जा रहा है कि पुल की स्थिति जर्जर हो चुकी है, जिसके चलते बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है।

नकाबपोश लूट के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

सारंगढ़/नवप्रदेश। ग्राम सराईपाली (अमझर) में हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने चंद घंटों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक आजनेय वार्ष्णेय, अति. पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय एवं एसडीओपी स्नेहिल साहू के निर्देशन पर थाना प्रभारी कामिल हक के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। प्रार्थिया रमशीला चौहान ने 4 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नकाबपोश बदमाशों ने उनके घर से करीब ?6 लाख के सोने-चांदी के जेवर व नगदी लूट लिए। जांच में संदेही सुकेश कुमार सिदार और पुरुषोत्तम सिदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिनके पास से कुल 2.5 लाख के जेवर व नगदी बरामद हुई।

राशन वितरण में अनियमितता और बुजुर्ग महिला से अभद्र व्यवहार की शिकायत

मनेन्द्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत उजियारपुर निवासी नीलू बावरिया ने खाद्य अधिकारी मनेन्द्रगढ़ को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत उजियारपुर के राशन विक्रेता चंद्रप्रकाश साहू के विरुद्ध राशन वितरण में अनियमितता और अभद्र व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में नीलू बामरिया ने उल्लेख किया है कि 05 नवम्बर 2025 को सुबह लगभग 10 बजे उनकी माता सुन्दरा देवी पति स्व. छोटे लाल बामरिया राशन लेने पहुँची थीं। उस दौरान चंद्रप्रकाश साहू ने यह कहते हुए राशन देने से मना कर दिया कि दुकान बंद होने का समय हो गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, इसके बाद उसी

समय अन्य हितग्राहियों को राशन दे दिया गया,पत्र में यह भी उल्लेख है कि यह पहली बार नहीं है साहू द्वारा ग्राम के अन्य हितग्राहियों के साथ भी इस प्रकार का अभद्र व्यवहार और राशन वितरण में गड़बड़ी की जाती रही है। सुन्दरा देवी ने बताया कि जब उन्होंने राशन कार्ड जमा करने की बात कही, तो विक्रेता चंद्रप्रकाश साहू ने कथित रूप से उनका कार्ड बाहर फेंक दिया और उनके साथ अपमानजनक भाषा में व्यवहार किया। उन्होंने कहा मैं केवल राशन लेने गई थी, लेकिन मेरे साथ दुर्व्यवहार किया गया। इसकी शिकायत मैंने खाद्य अधिकारी से की है। प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी जतिन देवांगन ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और जांच के लिए फूड इंस्पेक्टर को पत्र भेजा गया है। चूंकि संबंधित क्षेत्र के फूड इंस्पेक्टर मेडिकल अवकाश पर हैं, इसलिए जांच का कार्य केल्हारी फूड इंस्पेक्टर ममता भगत को सौंपा गया है। 'जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। '

गौ सेवा कल्याण समिति ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में घुमंतू और घायल गौवंशों की संख्या बढ़ने से संकट गहराता जा रहा है। गौ सेवा कल्याण समिति ने इस समस्या को लेकर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय और नगर पालिका परिषद के सीएमओ होरी सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। समिति ने कहा कि हालात नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं और प्रशासन को तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है। प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में 2-3 गौवंश घायल हो रहे हैं, जिन्हें अस्थायी शेड में रखा जाता है। वर्तमान में बांस और त्रिपाल से बने इस शेड में 40-50 गौवंशों की देखभाल हो रही है, लेकिन संसाधनों की कमी है। समिति ने मांग की है कि शहर में जल्द सर्वसुविधायुक्त स्थायी गौशाला बनाई जाए, जिससे घायल और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय और उपचार मिल सके। उन्होंने प्रशासन को 1 जनवरी 2026 तक की समयसीमा दी है और चेतावनी दी कि यदि गौशाला नहीं बनी तो घायल पशुओं को सीधे जिला पंचायत और नगर पालिका भवनों में लाया जाएगा।

कार्रवाई: 400 क्विंटल से अधिक धान जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। खाद्य विभाग एवं मंडी टीम ने संयुक्त रूप से गल्ला व्यापारियों के यहां छापामार कर पुराने और अवैध रूप से संग्रहित धान जब्त किया। ओम ट्रेडिंग संचालक पार्वती डड़सेना के यहां 112 क्विंटल, डड़सेना ट्रेडर्स पथरिया के मेलाराम के यहां 97 क्विंटल, सारधा लोरमी में संजय फूड ग्रेन से 150 क्विंटल, दुर्गा ट्रेडर्स मुंगेली से 22 क्विंटल और डोंगरिया लोरमी के रंगनाथ श्रीवास के यहां 50 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि अवैध धान मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया गया है और सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

टेबल टेनिस में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में आयोजित जिला सब जूनियर, जूनियर और सीनियर पुरुष-महिला टेबल टेनिस चौंपियनशिप लोरमी खेल केंद्र में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के कुल 65 खिलाड़ी शामिल हुए और उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने कौशल का परिचय दिया। मुख्य अतिथि वर्षा ठाकुर, अध्यक्ष जनपद पंचायत लोरमी ने कहा कि खेल ही देश को आगे बढ़ाते हैं और खिलाड़ियों का उत्साह युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्गों के विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल, टेबल टेनिस बैट, बॉल और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सब जूनियर बालिका वर्ग में महेश्वरी मेहर प्रथम, नम्रता जायसवाल द्वितीय और नम्रता खंडेलवाल तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में विजय कुमार प्रथम, सागर ध्रुव द्वितीय और लोमस तृतीय स्थान पर रहे।

पूजा-अर्चना

चावल से बने पकवानों के लगाए गए भोग, सुख-शांति की कामना

अगहन के पहले गुरुवार को की गई मां लक्ष्मी की पूजा

मुंगेली/नवप्रदेश। अगहन के पहले गुरुवार को महिलाओं ने भोर में उठ कर मां लक्ष्मी की पूजा की एवं बेसन, चावल आटा से बने पकवानों के भोग लगाए। आरती कर घर, परिवार में सुख-शांति रहने की कामना की।

माना जाता है कि अगहन मास के दौरान मां लक्ष्मीं पृथ्वी लोक में भ्रमण करती हैं। वे विशेष रूप से ऐसे घरों में प्रवेश करती हैं, जहां स्वच्छता, सच्चाई, ईमानदारी और आध्यात्मिक वातावरण होता है। गुरुवार को मां लक्ष्मी का दिन माना जाता है, इसलिए इस पूजा को मानने वाले घरों में इस दिन घर के द्वार से लेकर पूजा स्थल और तुलसी चौरा तक नए चावल के आटे से लक्ष्मी के पदचिंह एवं अल्पना सजाए गए। सुबह-सुबह घर के दरवाजे खोलकर दीप प्रज्ज्वलित कर मां लक्ष्मी के आगमन की कामना की गई। चरण चिह्नों के पास फूल अर्पित कर देवी का स्वागत किया गया।

अलग-अलग भोग-गुरुवारी पूजा में प्रत्येक गुरुवार को अलग-अलग पकवानों के भोग लगाए जाएंगे। मां लक्ष्मी को लगाए जाने वाले भोग खासकर नया चावल से तैयार वाला पकवान रहता है। इसमें फरा, चीला सहित अन्य चीजें शामिल रहती है।एक

दिन पहले हो जाती है तैयारी-इस पूजा को भोर में ही करने के कारण इसकी एक दिन पहले यानी बुधवार को ही पूरी तैयारी कर ली जाती है। दूसरे दिन गुरुवार को भोर में उठ कर महिलाएं हल्दी, आंवला पत्ता का लेप लगा कर स्नान करती हैं। फिर दरवाजा व पूजा स्थल में दीप प्रज्जवलित कर माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस दिन साबुन लगाने से परहेज किया जाता है। कई लोग व्रत भी रखती हैं। माह की शुरुआत व समापन दोनों गुरुवार को-6 नवंबर से अगहन माह की शुरुआत हुई। इसी दिन मास का पहला गुरुवार रहा। इस दिन घरों में महालक्ष्मी का पूजन किया गया। खास बात यह है कि अगहन मास का समापन 4 दिसंबर को गुरुवार के दिन ही हो रहा है। इस तरह इस मास में पांच गुरुवार को महालक्ष्मी का पूजन किया जाएगा।

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के तहत घर-घर सर्वे कार्य प्रारंभ

मनेन्द्रगढ़ एमसीबी। तहसील मनेन्द्रगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) का प्रशिक्षण कार्यक्रम 01 नवम्बर 2025 को जनपद पंचायत सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को मताधिकार से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में एसडीएम लिंगराज सिदार, मास्टर ट्रेनर टी. विजय गोपाल राव, सुशील तिवारी,

आर.के. पांडे, तहसीलदार श्रुति धुर्वे एवं उमंग जैन उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बी.एल.ओ. को घर-घर सर्वेक्षण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, दस्तावेज़ सत्यापन तथा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अद्यतन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

राष्ट्रीय गीत की 150 वीं वर्षगांठ पर वंदे मातरम् का सामूहिक गायन

साल भर तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत, रचनाकार बंकिम चंद्र चटर्जी और शहीदों को स्मरण भी किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय गीत बंदे मातरम की रचना के 150 वीं वर्षगांठ पर संपूर्ण देश में साल भर तक चलने वाली विभिन्न कार्यक्रमों का बिलासपुर जिले में भी आगाज़ हुआ। मुख्य समारोह जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में राष्ट्रीय गीत के संपूर्ण पद के सामूहिक गायन के साथ हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवंत संबोधन को भी इस अवसर पर सुना गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक थे। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिले की सभी ग्राम पंचायतों और शासकीय

कार्यालयों में भी देशभक्ति पूर्ण राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। राष्ट्रीय गीत के रचना की पृष्ठभूमि और इसके रचनाकार बंकिम चंद्र चटर्जी और देश के शहीदों का स्मरण भी किया गया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी मौजूद थे। बिल्हा विधायक कौशिक ने इस अवसर पर कहा कि वन्देमातरम गीत हमारे स्वाभिमान, शक्ति और गौरव का प्रतीक है, इसकी 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चार चरणों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन देशभर में किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में इस गीत के 150 वीं वर्षगांठ को उत्साह से मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से वन्देमातरम् गीत के स्मरणोत्सव पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता और अपने आसपास के लोगों को भी वन्देमातरम गीत के प्रति जागरूकता का संदेश देने की अपील की है।

नगर पालिका परिषद रतनपुर में किया गया आयोजन

मां भारती को समर्पित देशभक्ति और आध्यात्मिकता के भाव से भरा गीत वंदे मातरम का राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुभारंभ किया गया जिसके तहत नगर पालिका परिषद रतनपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं लव कुश कश्यप अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर पालिका कार्यालय राष्ट्रीय गीत का कार्यक्रम संपन्न कराया गया किसके साथ है समस्त शासकीय कार्यालय में चार चरणों में कराए जाने का अध्यक्ष द्वारा बात कही गई साथ निकाय के सामान्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

सब्जी मंडी के पास अधजली लाश मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तिफरा सब्जी मंडी के पास अधजली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि सुबह स्थानीय लोगों ने झाड़ियों के पास धुआं उठता देखा, पास जाकर जब उन्होंने देखा तो वहां एक युवक की अधजली लाश पड़ी थी। सूचना पर सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस को शुरुआती जांच में शक है कि युवक की हत्या कर उसकी लाश जलाने की कोशिश की गई है ताकि पहचान छिपाई जा सके। मौके से कपड़ों के टुकड़े और जले हुए सामान बरामद किए गए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। गौर करने वाली बात यह है कि कुछ दिन पहले ही इंदिरा सेतु पुल के पास भी एक अर्धजली लाश मिली थी। लगातार ऐसी घटनाओं से शहर में दहशत का माहौल है और कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। अधिकारियों ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का भरोसा दिया है।

पम्पलेट बांटने को लेकर हुआ विवाद, बच्चे को गोद में लेकर रोकती रही पत्नी

आचार्य इंस्टीट्यूट के स्टाफ ने शिक्षक से की मारपीट, पत्नी से की अभद्रता

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में एक निजी इंस्टीट्यूट के स्टाफ की सरेराह गुंडागर्दी करने का मामला सामने आया है। कोचिंग सेंटर व सीएमडी कॉलेज के सामने पम्पलेट बांटने को लेकर उन्होंने ट्यूटर और उसकी पत्नी से अभद्रता की, जिसके बाद बेरहमी से पीट दिया। मामला तारबहार थाना क्षेत्र का है। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस दौरान पत्नी अपने 2 साल के बच्चे को गोद में लिए हुए आरोपियों को मारने से रोक रही थी।

दरअसल आरोप है कि ट्यूटर कोचिंग सेंटर के सामने खड़े होकर पम्पलेट बांट रहे थे, इसलिए उन्होंने मारा है। थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। दरअसल, क्रांति नगर के रहने वाले अभय अग्रवाल होम ट्यूटर है। वो अपनी पत्नी सेफाली कला मौर्य के

साथ घर में बच्चों को कोचिंग पढ़ाता है। 6 नवंबर को अभय और उसकी पत्नी सेफाली दो साल के मासूम बच्चे को गोद में लेकर अपनी संस्थान का पम्पलेट बांट रहे थे। इस दौरान दोनों सीएमडी कॉलेज के सामने स्थित आचार्या कोचिंग के पास पहुंच गए। यहां वो पम्पलेट बांट कर अपनी संस्था का प्रचार कर रहे थे। तभी आचार्य इंस्टीट्यूट के दो शिक्षक आदिल और सर्वेश वहां पहुंच गए। पहले उन्होंने अभय और उसकी पत्नी के साथ अभद्रता की, जिसके बाद गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वहीं, दोनों टीचर उसे सरेराह धमकाते हुए मारपीट करते रहे। पीड़ित शिक्षक और उसकी पत्नी ने इस मामले की शिकायत तारबाहर थाने में दर्ज कराई है। टीआई कृष्णचंद सिदार ने कहा कि मामले में मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

सोशल मीडिया में वायरल हो रहा वीडियो

आचार्य इंस्टीट्यूट के टीचर और स्टाफ की गुंडागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें ट्यूटर के साथ बहस हो रही है, जिसके बाद वो गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्के चलाते दिख रहे हैं। वहीं ट्यूटर अभय की पत्नी अपने मासूम बच्चे के साथ खड़ी होकर उन्हें रोकने की कोशिश कर रही है। वीडियो में टीचर उन्हें सरेराह धमकी देते भी नजर आ रहे हैं। दरअसल, इस पूरे विवाद और मारपीट के पीछे कोचिंग सेंटर संचालकों की आपसी प्रतिस्पर्धा प्रमुख वजह है।

छात्र-छात्राओं को आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र कोटा में इंडस्ट्री का कराया गया भ्रमण

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सल्का नवागांव में समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के द्वारा नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम 2025 से संचालित हुआ है, जिसका उद्देश्य छात्र छात्राओं के अंदर रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करना है इसके लिए उन्हें रोजगारपरक आई टी ट्रेड की प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिसके अंर्तगत विषय की महत्ता को समझने के लिए छात्र-छात्राओं को समय-समय पर इंडस्ट्री भ्रमण कराया जाता है, संस्था के प्राचार्य विजय कौशिक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक अंकुर सिंह के नेतृत्व में आई टी आई प्रशिक्षण केंद्र कोटा में इंडस्ट्री भ्रमण के लिए बच्चों को ले जाया गया जहां पर आई टी ट्रेड की वर्तमान में उपयोगिता और इस क्षेत्र में रोजगार की संभावना कैरियर कैसे बनाये ताकि आने वाले समय मे रोजगार प्राप्त की जा सके प्रशिक्षण केंद्र कोप्पा विभाग के पंकज दास ने वर्तमान में एआई आर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स के बारे में भी चर्चा किया और बतलाया आने वाला दौर एआई का दौर होने वाला है एवं संचालित सभी ट्रेड (कोप्पा, फीटर, इलेक्ट्रिकल, स्टेनो) का भम्रण कराया और विस्तार से प्रत्येक ट्रेड की जानकारी प्रदान किया।

लौहपुरुष पटेल की 150वीं जयंती पर एकता का संकल्प

■ **कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच का अधिवेशन 9 को**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच इस वर्ष भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को सामाजिक एकता, संगठन और चेतना का पर्व बना रहा है। समाज के सर्वांगीण विकास को समर्पित यह आयोजन 09 नवंबर 2025, रविवार को पं. देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण, बिलासपुर में संपन्न होगा। प्रेस क्लब बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। पहला सत्र प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, संगठन प्रतिवेदन, राष्ट्रीय कुर्मी चेतना पंचांग 2026 का विमोचन, विचार गोष्ठी, प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी। प्रेस वार्ता में छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कौशिक, प्रदेश महासचिव अनिल कुमार वर्मा, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी कुमार गहवई, प्रदेश सचिव देवनारायण कश्यप, प्रांतीय कोषाध्यक्ष ईश्वरीय लाल चंद्राकर, प्रांतीय उपाध्यक्ष माला चंद्राकर, प्रांतीय महासचिव महिला प्रकोष्ठ सुमन कौशिक, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य ऋषि कश्यप, अशोक कौशिक, जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ यज्ञेश कौशिक, सलाहकार पूना राम कश्यप मौजूद रहे। इस सत्र के मुख्य अतिथि अमर अग्रवाल (विधायक, बिलासपुर) होंगे, जबकि अध्यक्षता कुर्मी व्यास नारायण कश्यप (विधायक, जांजगीर-चांपा) करेंगे।

एकता की डोर और सामाजिक चेतना का उत्सव

जब समाज अपने पुरखों की स्मृति में इकट्ठा होता है, तो वह केवल उत्सव नहीं मनाता — अपनी जड़ों से जुड़ने का संस्कार भी जगाता है। छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती इसी भावना का प्रतीक है। लौहपुरुष पटेल ने जिस राष्ट्रीय एकता और अखंड भारत का स्वप्न देखा था, वही विचार समाज के भीतर 'संगठन और सशक्तिकरण' के रूप में जीवित है। आज जब सामाजिक संरचनाएँ बदल रही हैं, तब इस प्रकार के आयोजन समाज में सद्भाव, सहयोग और आत्मगौरव की भावना भरते हैं। चेतना मंच केवल कार्यक्रमों का आयोजक नहीं, बल्कि वह एक संवेदनशील सामाजिक प्रयोगशाला है — जहाँ शिक्षा, रोजगार, संस्कार और संस्कृति के सूत्र एक साथ जुड़ते हैं।

सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 16 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2025 तक शाखा प्रबंधक शुभम मित्तल के पास बैंक कार्यालय बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड में अथवा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आर के गुप्ता के समक्ष कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बिलासपुर में प्रस्तुत कर सकते है।

रेल हादसे के घायलों से मिले विधायक अमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीते मंगलवार को बिलासपुर के लालखदान क्षेत्र में हुए दर्दनाक रेल हादसे में घायल हुए लोगों से नगर विधायक अमर अग्रवाल ने अरपा मेडिसिटी, रेलवे अस्पताल,सिम्स और अपोलो अस्पताल में जाकर मुलाकात की और उनका हाल जाना। अमर अग्रवाल ने चारों अस्पतालों में उपचाररत मरीजों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। नगर विधायक ने घायलों

के परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन घायलों की हर संभव मदद कर रही हैं,तथा लगातार उनकी स्थिति में सुधार हो इसका प्रयास किया जा रहा है। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और सरकार द्वारा मिल रही सहायता पर अपनी संतुष्टता व्यक्त की। जानकारी के मुताबिक हादसे में 17 लोग घायल हुए है, जिनमें से तुलाराम अग्रवाल, आराधना निषाद, नीरज निषाद सहित 6 लोग अभी विशेष चिकित्सा निगरानी में है। इस हादसे में देवरीखुर्द का डेढ़ वर्ष का मासूम बालक भी हताहत हुआ है। अमर अग्रवाल ने अस्पताल में उस बच्चे की बुआ से मुलाकात कर उनसे संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढस बंधाया।अपोलो अस्पताल में उन्होंने प्रबंधन प्रभारी अभय गुप्ता से घायलों के इलाज संबंधित सभी आवश्यक उपकरणों और समाग्री की जानकारी ली और समुचित उपचार की व्यवस्था करने को कहा साथ ही मरीजों के परिजनों से मिलकर उन्हें सरकार की ओर से सभी संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। अमर अग्रवाल ने यह विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और सभी घायलों को आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है।

मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिलाः धरमलाल कौशिक

बोदरी और बरतोरी मण्डल में मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला में हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बोदरी मंडल एवं बरतोरी मंडल में आयोजित एस.आई. आर मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला में शामिल हुए इस मौके पर उन्होंने इस कार्यशाला में निर्वाचन प्रक्रिया को सशक्त बनाने तथा अधिकाधिक मतदाताओं के नामांकन और जागरूकता के उद्देश्य से महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने मतदाता सूची को लोकतंत्र की आधारशिला बताया। उन्होंने प्रत्येक

कार्यकर्ता से अपील की कि वे अपने- अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस अभियान को केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा की उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण का कार्य पहले भी होता रहा है और यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक प्रक्रिया है। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग द्वारा मतदाता सूची को अद्यतन करने का यह कदम जनता के हित और लोकतंत्र की पारदर्शिता को सुनिश्चित करेगा। सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह और सहभागिता देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई।

गुरुनानक दरबार में 40 दिवसीय अखंड जपजी पाठ साहब आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिंधी कॉलोनी स्थित डेरा संत थाहिरिया सिंग साहेब धन गुरु नानक दरबार में विगत 40 दिन पूर्व अखंड जपजी पाठ साहेब आरंभ किया गया था जो कि 5 नवंबर गुरु नानक देव के 556 वें प्रकाश उत्सव के दिन भोग साहेब के साथ संपन्न हुआ रात्रि 8 बजे भोग साहब लगाया गया, गुरु साहेब की पौड़ी पड़ी गई, विश्व कल्याण के लिए दरबार के प्रमुख प्रबंधक भाई साहब मूलचंद नारवानी जी के द्वारा अरदास की गई एवं अपने अमृत वचनों में गुरु की प्यारी साध संगत को गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव की एंव 40 दिवसीय अखंड जपजी पाठ साहेब के संपन्न होने की सभी गुरु प्रेमियों को लख-लख बधाइयां दी और जिन गुरु प्रेमियों संगत ने इन 40 दिनों में गुरु घर आकर हाज़री लगाई और गुरु की सेवा की है उन सभी के घर में सुख शांति, समृद्धि आएगी और गुरु की कृपा बरसेगी, कार्यक्रम के आखिर में प्रसाद वितरण किया गया आए हुए सभी साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर बरताया गया बड़ी संख्या में साध संगत ने गुरु का अटूट लंगर चखा।

उपलब्धि ज्ञानेश्वरी ने बहरीन में वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में देश का किया था प्रतिनिधित्व, चांदनी ने 38वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ को दिलाया था सिल्वर मेडल

वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी और तीरंदाज चांदनी को मिला राज्य खेल अलंकरण

बिलासपुर/नवप्रदेश। उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने राज्य अलंकरण समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव को गुंडाधुर सम्मान और छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय गौरव दिलाने वाली तीरंदाज चांदनी साहू को महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान प्रदान किया। राजनांदगांव जिले के भोड़िया गांव की रहने वाली 22 वर्ष की ज्ञानेश्वरी यादव ने दिसम्बर-2024 में बहरीन के मनामा शहर में आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वे वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही थीं।

वहीं महासमुंद जिले के बागबहरा की 15 साल की सुश्री चांदनी साहू ने जनवरी-फरवरी-2025 में उत्तराखंड में संपन्न 38वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ को रजत पदक दिलाया था। वे नेशनल गेम्स में तीरंदाजी के टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ की चार सदस्यीय टीम में भी शामिल थीं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए राज्य अलंकरण मिलने पर बधाई दी है। कक्षा दसवीं में पढ़ रही सुश्री चांदनी साहू अभी बिलासपुर के बहतराई स्थित आवासीय तीरंदाजी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वे वहां वर्ष 2023 से प्रशिक्षण ले रही हैं। चांदनी ने वर्ष-2024 में जमशेदपुर में हुई सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी टीम इवेंट में रजत पदक जीता था। उन्होंने पश्चिम बंगाल के भोलपुर में इस साल आयोजित जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था।

इन खिलाड़ियों को दिया जाता है राज्य खेल अलंकरण

राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष उन खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ी को गुंडाधुर सम्मान प्रदान किया जाता है जिन्हें भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर के खेल अलंकरण हेतु विचार क्षेत्र में लिया जाता है। इसके लिए इन खेलों के ऐसे खिलाड़ी का चयन किया जाता है जिन्होंने विगत एक वर्ष में सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेते हुए स्वर्ण पदक या रजत पदक या कांस्य पदक प्राप्त किया हो या अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो।

न्यूज गैलरी

एलन मस्क के 1 ट्रिलियन डॉलर के भारी-भरकम पैकेज को मंजूरी, खुशी से नाचे सीईओ

ऑस्टिन। इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने वाली कंपनी टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने अपने ष्टश्वह्र एलन मस्क के लिए एक ऐतिहासिक और भारी-भरकम वेतन पैकेज को मंजूरी दे दी है। यह पैकेज 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। इस खबर के बाद मस्क की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और वह टेक्सास में टेस्ला की वार्षिक आम बैठक में अपनी कंपनी के ह्यूमनॉइड रोबोट 'ऑप्टिमस' के साथ ब्रेक डांस करते नजर आए। नए सैलरी पैकेज को मंजूरी मिलने की घोषणा के कुछ ही देर बाद, एलन मस्क ने मंच पर कदम रखा और अपने सिग्नेचर डांस मूव्स शुरू कर दिए। मंच पर मौजूद दो रोबोट ने भी उनके मूव्स की नकल की। मस्क ने इस मौके पर शेयरहोल्डर्स की भीड़ से कहा, दूसरे शेयरहोल्डर्स की बैठकें एकदम बोरिंग होती हैं, लेकिन हमारी बैठकें धमाकेदार होती हैं। इसे देखें ङ्क यह तो कातिलाना है। इसके बाद मस्क ने अपने बगल में मौजूद ह्यूमनॉइड की ओर इशारा करते हुए घोषणा की कि टेस्ला न केवल कारों में, बल्कि रोबोटिक्स और ्रढ्ढ में एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। यह जश्न इस बात का भी प्रतीक है कि टेस्ला का भविष्य ऑप्टिमस रोबोट से कितनी गहराई से जुड़ा हुआ है। मस्क के अनुसार, ये रोबोट न सिर्फ एक दिन मैन्युफैक्चरिंग करेंगे बल्कि डिलीवरी और यहां तक कि पर्सनल असिस्टेंट के तौर पर भी काम करेंगे। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला के एक अधिकारी ने कंपनी की वार्षिक बैठक में बताया कि एलन मस्क के लिए इस वेतन पैकेज को 75 प्रतिशत से अधिक शेयरहोल्डर्स का समर्थन मिला है। यह भारी-भरकम पैकेज यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है ताकि एलन मस्क टेस्ला को छोड़कर नहीं जाएं और कंपनी के लीडर के रूप में काम करते रहें।

ईडी ने दी चेतावनी, 7 साल तक की जेल के अलावा संपत्ति भी हो सकती है कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम नागरिकों को चेताया है कि ऑनलाइन सट्टेबाज़ी और जुए में शामिल होने, उसका प्रचार करने या इसमें निवेश करने से बचें। एजेंसी ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ न सिर्फ भारी आर्थिक नुक़सान की वजह बनती हैं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य गैर-कानूनी कामों को बढ़ावा देती हैं; उल्लंघन की स्थिति में गिरफ़्तारी, जाँच, बैंक खातों पर रोक और संपत्ति कुर्क जैसी कड़ी कार्रवाई हो सकती है। ईडी ने देश के आम लोगों को ऑनलाइन सट्टेबाजी या जुए के प्रचार या निवेश से दूर रहने की सलाह दी है। ईडी ने कहा है कि गैर-कानूनी सट्टेबाजी और जुआ न सिर्फ आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों को भी बढ़ावा देते हैं। ईडी ने आम लोगों को दी सलाह में क्या कहा है अपने बैंक खाते, डेबिट कार्ड, UPI ID या वॉलेट किसी और को इस्तेमाल करने न दें।

'हमें ऐसा इकोसिस्टम और माहौल बनाना होगा, जिसमें अधिक बैंक काम कर सकें और बढ़ सकें

सरकारी बैंकों का होने जा रहा है मर्जर, निर्मला सीतारमण ने दिए बड़े संकेत

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि बैंकों को अपने ग्राहक आधार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी के साथ पर्सन-टू-पर्सन कांटेक्ट पर भी फोकस करने की भी आवश्यकता है। साथ ही, ग्राहकों की सुविधा के लिए स्थानीय भाषा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार देश के बैंकिंग क्षेत्र में नई दौर की एकीकरण और विस्तार प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में काम कर रही है।

सीतारमण ने कहा, 'भारत को बहुत सारे बड़े बैंक चाहिए, विश्वस्तरीय बैंक चाहिए। इसके लिए हमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (ऋक्चढ्ढ) और बैंकों के साथ बैठकर चर्चा करनी होगी कि वे इसे आगे कैसे ले जाना चाहते हैंज् इस पर काम पहले ही शुरू हो चुका है।' वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार और आरबीआई बैंकिंग क्षेत्र के अगले चरण को आकार देने के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें मौजूदा बैंकों का विलय और नए वित्तीय संस्थानों का गठन भी शामिल है। उनका कहना था कि भारत की बैंकिंग व्यवस्था को और अधिक गतिशील बनाना होगा ताकि यह बढ़ती क्रेडिट मांग और इंफ्रा फाइनेंसिंग की जरूरतों के अनुरूप काम कर सके। सीतारमण ने कहा, 'हमें ऐसा इकोसिस्टम और माहौल बनाना होगा, जिसमें अधिक बैंक काम कर सकें और बढ़ सकें।'

बता दें कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एकीकरण किया है, ताकि कार्यक्षमता और पैमाना (efficiency and scale) बेहतर हो सके। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले सुधार केवल विलय तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इससे आगे भी जा सकते हैं। भारत ने अब तक दो बड़ी मर्जर की लहरें देखी हैं। 2017 में, भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपने सहयोगी बैंकों का विलय किया। इसके बाद 2019 में, 10 सरकारी बैंकों को मिलाकर चार बड़े बैंक बनाए गए। इन कदमों के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या 27 से घटकर अब 12 रह गई है।

हाल ही में 27 अक्टूबर को स्द्गठ्ठ्र की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार एक नया ब्लूप्रिंट तैयार कर रही है ताकि चुनिंदा सार्वजनिक बैंकों का पुनः विलय किया जा सके और उनके संचालन को सुव्यवस्थित किया जा सके।

AI पर 'सॉफ्ट टच' नीति

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को लेकर संतुलित नियामक दृष्टिकोण अपनाने की तैयारी में है। उन्होंने कहा, 'मैं्रढ्ढ और उसके नियमन को लेकर RBI और नीति आयोग दोनों के साथ चर्चा कर रही हूं।' उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य इनोवेशन को प्रोत्साहित करना है, लेकिन साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा और एथिकल उपयोग पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

डॉलर-यूरो पर घट रहा भरोसा

सोने की कीमतों में तेजी वैश्विक वित्तीय प्रणाली में बड़े बदलाव का संकेत

नई दिल्ली। केयरएज रेटिंग्स ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा, अमेरिकी डॉलर और यूरो जैसी पारंपरिक मुद्राओं को संप्रभु जोखिम एवं संरचनात्मक कमजोरियों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन मुद्राओं के प्रति भरोसे में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, सोना राजनीतिक रूप से तटस्थ और महंगाई प्रतिरोधी मूल्य भंडार के रूप में फिर से उभरा है।

आर्थिक अनिश्चितता, व्यापार युद्ध और दुनियाभर में बढ़ते जोखिम के बीच सुरक्षित एसेट के रूप में सोने की कीमतों में हालिया तेजी वैश्विक वित्तीय प्रणाली में बड़े बदलाव का संकेत है। साथ ही, सोने की लगातार बढ़ती मांग राजकोषीय कमजोरियों, महंगाई के दबाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को उजागर करती है। केयरएज रेटिंग्स ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा, अमेरिकी डॉलर और यूरो जैसी पारंपरिक मुद्राओं को संप्रभु जोखिम एवं संरचनात्मक कमजोरियों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इन मुद्राओं के प्रति भरोसे में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, सोना राजनीतिक रूप से तटस्थ और महंगाई प्रतिरोधी मूल्य भंडार के रूप में फिर से उभरा है।मौजूदा वैश्विक हालात के बीच खासकर ब्रिक्स समूह के केंद्रीय बैंक अपने आधिकारिक नकदी भंडार रणनीतियों को नए सिरे से तैयार कर रहे हैं। वे अमेरिकी डॉलर आधारित एसेट पर अपनी निर्भरता घटा रहे हैं और अपने नकदी भंडार में विविधता लाते हुए अधिक लचीला बना रहे हैं, जिसमें सोना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रणनीतिक बदलाव न सिर्फ मौद्रिक स्वायत्तता की इच्छा को दर्शाता है, बल्कि बाहरी झटकों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास का भी संकेत है।

यह वैश्विक आर्थिक प्रभाव के व्यापक पुनर्संतुलन को भी दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी पिछले दो दशकों से लगातार घट रही है। 2000 में केंद्रीय बैंकों के विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर की हिस्सेदारी 71.1 फीसदी थी, जो 2024 में घटकर 57.8 फीसदी रह गई है। यह बताता है कि केंद्रीय बैंक डॉलर से धीरे-धीरे दूरी बना रहे हैं। केंद्रीय बैंक सक्रियता से अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रहे हैं।

चेटजीपीटी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का संगीन आरोप

ओपन एआई के खिलाफ 7 मुकदमे; 4 मौतों से जुड़ा मामला

वाशिंगटन। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी ओपनएआई एक बड़े कानूनी संकट में घिर गई है। कंपनी के लोकप्रिय चैटबॉट पर लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाने और उनमें भ्रम की स्थिति पैदा करने का आरोप लगाते हुए सात अलग-अलग मुकदमे दायर किए गए हैं। गुरुवार को कैलिफोर्निया की अदालतों में दायर इन मुकदमों में कंपनी पर गलत कारण से मौत , आत्महत्या के लिए उकसाना, अनजाने में हत्याऔर लापरवाही बरतने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

यह मुकदमा छह वयस्कों और एक किशोर (के परिवार) की ओर से दायर किया गया है। मुकदमों में कहा गया है कि ओपनएआई ने जानबूझकर अपने नए मॉडल GPT-yo को समय से पहले जारी किया। आरोप है कि ऐसा तब किया गया जब कंपनी के भीतर ही यह चेतावनी दी गई थी कि यह मॉडल खतरनाक रूप से चापलूसी करने वाला और मनोवैज्ञानिक रूप से भ्रमित करने वाला है। मुकदमों के अनुसार, चार पीड़ितों की मौत आत्महत्या से हुई, जिनके बारे में दावा किया गया है कि उन्हें पहले से कोई ज्ञात मानसिक समस्या नहीं थी। सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में दायर एक मुकदमे के अनुसार, 17 वर्षीय अमाउरी लेसी ने मदद पाने के लिए चैटजीपीटी का इस्तेमाल करना शुरू किया था। लेकिन आरोप है कि मदद करने के बजाय, चैटजीपीटी ने लेसी में लत और डिप्रेशन पैदा कर दिया।मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि चैटबॉट ने लेसी को यह सलाह दी कि फांसी का फंदा कैसे बांधा जाए और वह कितनी देर तक बिना सांस लिए जीवित रह पाएगा। याचिका में कहा गया है, 'अमाउरी की मौत न तो कोई दुर्घटना थी और न ही कोई संयोग, बल्कि यह ओपनएआई और सैमुअल ऑल्टमैन के सुरक्षा परीक्षण में कटौती करने और चैटजीपीटी को जल्दबाजी में बाजार में लॉन्च करने के फैसले का परिणाम थी।'कनाडा के ओंटारियो में रहने वाले 48 वर्षीय एलन ब्रूक्स द्वारा दायर एक अन्य मुकदमे में दावा किया गया है कि दो साल से ज्यादा समय तक ChatGPT उनके लिए एक रिसोर्स टूल के रूप में काम करता रहा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-144-25-26, दि. 04-11-2025 कार्य : सीनियर डीईएन/सेटलमेंट/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर सेटलमेंट क्षेत्र में 1500 मी की चारदीवारी और 1200मी की कॉलोनी परिसर की कम्पाउंड दीवार का प्रवेश द्वार एवं गार्ड रूम के साथ निर्माण एवं 30 कक्षाओं के निर्माणके साथ एचएसएस नंबर 1 स्कूल का विस्तार तथा कोचिंग डिपो बिलासपुर में पिट लाइन 1-3 के कोच वाटरिंग हाइड्रेंट पाइप लाइनों का प्रतिस्थापन। निविदा मूल्य: 9,33,01,434.28/-, अमानत राशि: ₹ 6,16,500.00/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-145-25-26, दि. 04-11-2025 कार्य : एडीईएन/सेटलमेंट-II/बीएसपी के अंतर्गत एसएसई /वर्क्स /ईस्ट /बीएसपी अनुभाग में आरबीएमएस की शिकायत के अनुसार स्टाफ क्वार्टरों में फर्श और प्लास्टर की मरम्मत और क्षतिग्रस्त बाड का सुधार कार्य। निविदा मूल्य: 1,57,21,063.32/-, अमानत राशि: ₹ 2,28,600.00/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 17-11-2025 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: 01-12-2025 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/FL/437

South East Central Railway @secrail

दिल्ली विश्वविद्यालय
UNIVERSITY OF DELHI

विज्ञापन संख्या R&P/313/2025

दिल्ली विश्वविद्यालय के **मैनेजमेंट स्टडीज़, फिजिक्स और एस्ट्रोफिजिक्स, और सोशल वर्क विभागों में** 7वें केंद्रीय वेतन मैट्रिक्स के एकेडमिक पे लेवल 13A में एसोसिएट प्रोफेसर और 7वें केंद्रीय वेतन मैट्रिक्स के एकेडमिक पे लेवल 14 में प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित एप्लीकेशन फॉर्म में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से दो सप्ताह है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.du.ac.in** पर जाएं और "**WORK WITH DU**" हेड के तहत "जॉब्स एंड अपॉर्चुनिटीज़" पर क्लिक करें। **कोई भी अतिरिक्त जानकारी/शुद्धिपत्र केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।**

CBC 21231/12/0005/2526 **रजिस्ट्रार**

कार्यालय, नगरपालिका परिषद् रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक/1649/तक.शा./न.पा.प./2025/ रतनपुर, दिनांक 06.11.2025

-:: ई- प्रोक्यूरमेंट चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना ::-

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद रतनपुर में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत -शहरी 2.0 मद अंतर्गत निम्नानुसार कार्यों का ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.	सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्य का विवरण	लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि
1.	177929	स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत आकांक्षीय शौचालय निर्माण	16.92	13000.00

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेबसाईट http//eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, रतनपुर

खेल, मनोरंजन

न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया, सीरीज में हासिल की बराबरी

नईदिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 3 रन से हराते हुए सीरीज में फिलहाल 1-1 से बराबरी हासिल की। ईडन पार्क में कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्क चैपमैन के अर्धशतक (78) की मदद से 207/5 का स्कोर बनाया। जवाब में कैरेबियाई टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 204/8 का स्कोर ही बना सकी।

आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। न्यूजीलैंड से डेवोन कॉनवे (16) और रचिन रविंद्र (11) जल्दी आउट हुए। इसके बाद टिम रॉबिन्सन (39) और चैपमैन (78) ने तेजी से बल्लेबाजी की। आखिरी ओवरों में डेरिल मिचेल (28*) और मिचेल सैंटनर (18*) ने टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में ब्रैंडन किंग शून्य पर आउट हुए। वहीं, एलिक एथानेज (33) और शाई होप (24) बड़ी पारी नहीं खेल सके। इनके बाद रोवमैन पॉवेल (45) और रोमारियो (34) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके। एक समय वेस्टइंडीज ने 155 रन के स्कोर पर अपना 7वां विकेट खोया था। तब 19 गेंदों में वेस्टइंडीज को 53 रन की दरकार थी। ऐसे बल्लेबाजी के लिए आए मैथ्यू फोर्ड ने मैच को रोचक कर दिया। उन्होंने रोवमैन पॉवेल के साथ 17 गेंदों में 47 रन की साझेदारी की। वेस्टइंडीज को आखिरी गेंद पर 5 रन की दरकार थी और फोर्ड सिर्फ 1 रन ही बना सके। वह 13 गेंदों में 29 रन बनाकर नाबाद रहे। चैपमैन ने सिर्फ 28 गेंदों का सामना किया और 78 रन बनाए। उनके बल्ले से 6 चौके और 7 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 278.57 की रही। इस खिलाड़ी ने केवल 19 गेंदों का सामना करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया।

उन्होंने मिचेल के साथ केवल 18 गेंदों में 57 रन की साझेदारी निभाई। वहीं, रचिन के साथ मिलकर इस खिलाड़ी ने 29 गेंदों में 48 रन जोड़े। टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का यह उनका 10वां अर्धशतक रहा। न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में 31 रन देते हुए 3 विकेट हासिल किए। अनुभवी स्पिनर ईश सोढ़ी को भी 3 सफलताएं मिली। उन्होंने अपने 4 ओवर में 9.80 की इकॉनमी रेट के साथ 39 रन दिए। जेकब डफी ने 4 ओवर में 21 रन देते हुए 1 विकेट लिया। उन्होंने 1 ओवर मेडन भी किया। जकारी फाउलकेस ने 2 सफलताएं हासिल की।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ: स्मृति मंधाना

नईदिल्ली। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने अक्टूबर महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्मृति मंधाना को नामांकित किया है। उनके साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की लौरा वोल्वार्ड्ट और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नामित हुई हैं। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के सेनुरन मुथुसामी, पाकिस्तान के नोमान अली और अफगानिस्तान के राशिद खान नामांकित हुए हैं। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

मंधाना के लिए वनडे विश्व कप 2025 शानदार बीता। उन्होंने 9 मैचों की इतनी ही पारियों में 54.25 की औसत और लगभग 100 की स्ट्राइक रेट के साथ 434 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 2 अर्धशतक लगाए हैं। वह फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाकर आउट हुई थी। दिलचस्प रूप से मंधाना विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज बनी थी।सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट महिला विश्व कप 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 9 मैच खेले और इसकी 9 पारियों में 71.37 की औसत और 98.78 की स्ट्राइक रेट से 571 रन बनाए। उन्होंने 460 रन अक्टूबर में हुए विश्व कप मैचों में बनाए। विश्व कप में गार्डनर ने 7 मुकाबले खेले, जिसमें 328 रन बनाने में सफल रहीं। उनके बल्ले से 2 शतक और 1 अर्धशतक निकला। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 115 रन रहा।दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर मुथुसामी ने पाकिस्तान के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में बल्लेबाजी में 3 पारियों में 53.00 की औसत के साथ 106 रन बनाए थे। दूसरी तरफ गेंदबाजी में 18 की औसत के साथ 11 विकेट लिए थे। उसी सीरीज में नोमान ने 2 मैचों में 23 की औसत के साथ सर्वाधिक 14 विकेट लिए थे। उन्होंने लाहौर टेस्ट में कुल 10 विकेट (6/112 और 4/79) लिए थे। अक्टूबर में राशिद ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4.82 की शानदार इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए थे। इस बीच उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 6 और जिम्बाब्वे के विरुद्ध 3 विकेट लिए थे। हालांकि, उनका असली दबदबा बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज़ में देखने को मिला। 27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने बांग्लादेश के विरुद्ध 3 मैचों की सीरीज में 2.73 की शानदार इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए।

पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया

नई दिल्ली। देश भर के 60 से ज्यादा सक्षम तीरंदाजों के बीच समान परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए जम्मू-कश्मीर की 18 वर्षीय तीरंदाज शीतल सोनीपत में हुए चार दिवसीय राष्ट्रीय चयन ट्रायल में तीसरे स्थान पर रहीं।

जन्म से ही भुजाहीन पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने गुरुवार को एक और उपलब्धि हासिल करते हुए जेद्दा में होने वाले आगामी एशिया कप चरण तीन के लिए भारत की सक्षम जूनियर टीम में जगह बनाई। विश्व कंपाउंड चैंपियन शीतल के लिए एक सक्षम अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में शामिल होना एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है। शीतल ने टीम की घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लिखा, 'जब मैंने प्रतिस्पर्धा शुरू की थी तो मेरा एक छोटा सा सपना एक दिन सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करना था।

शुरुआत में मैं इसमें सफल नहीं हो पाई, लेकिन मैं हर असफलता से सीखते हुए आगे बढ़ती रही। आज वह सपना एक कदम और करीब आ गया है।'पेरिस पैरालंपिक 2024 में मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाली शीतल ने तुर्की की पेरिस पैरालंपिक चैंपियन ओजनूर क्यूर गिर्डी से प्रेरणा ली जो विश्व स्तर पर सक्षम तीरंदाजों की स्पर्धाओं में भी भाग लेती हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 41/न.पा.नि./जोन क्रमांक- 06/2025-26 रायपुर, दिनांक 06/11/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से पंजीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर) / फर्म एवं संस्था / एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा ''अ'' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं ''ब'' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 19/11/2025 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनाँक 27/11/2025 तक पंजीकृत डॉक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाये दिनाँक 28/11/2025 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष खोली-जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा का प्रकार	मद का नाम	अगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	श. पंकज विक्रम वार्ड क्र. 58 अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य डा. राजेन्द्र नगर गोवर्धन चौक रायपुर कार्य।	प्रथम	विधायक निधि	9.80	7400.00	750.00	PWD Building SOR 01.01.2015 & Electrical 2020	6 माह

कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ'' में :-
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर (निविदा खोलने तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति । (2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत् शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षों का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्तेः- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डॉक / स्पीड़ पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी.विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
(निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में आकर प्राप्त की जा सकती है)

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

जशपुर जम्बुरी 2025 : 120 पर्यटक ले रहे रॉक क्लाइंबिंग का रोमांच

■ **विशेषज्ञों की निगरानी में सुरक्षित साहसिक अनुभव**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभरते जशपुर जिले में आयोजित जशपुर जम्बुरी 2025 के दौरान रोमांच और प्रकृति प्रेमियों के लिए अद्भुत अनुभव देखने को मिला। जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देशदेखा में लगभग 120 पर्यटकों ने रॉक क्लाइंबिंग जैसे साहसिक खेल का रोमांचक आनंद लिया। यह गतिविधि पूरी तरह सुरक्षा मानकों के अनुरूप और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की निगरानी में कराई गई। प्रतिभागियों ने ऊँची प्राकृतिक चट्टानों पर चढ़ाई करते हुए न केवल अपने साहस की परीक्षा दी, बल्कि प्रकृति की गोद में सुकून और उत्साह से भरे पल भी बिताए। रॉक क्लाइंबिंग एक साहसिक पर्वतारोहण खेल है, जिसमें प्रतिभागी प्राकृतिक चट्टानों या कृत्रिम दीवारों पर चढ़ाई करते हैं। इस खेल का उद्देश्य शारीरिक क्षमता, संतुलन और मानसिक दृढ़ता की परीक्षा लेना होता है।

जशपुर की हरी-भरी वादियों, ठंडी हवाओं और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच आयोजित यह गतिविधि न केवल पर्यटकों के लिए यादगार बनी, बल्कि जिले के साहसिक पर्यटन को भी नई पहचान दी। जशपुर जिला प्रशासन द्वारा जशपुर जम्बुरी 2025 के तहत विभिन्न एडवेंचर गतिविधियाँ जैसे रॉक क्लाइंबिंग, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग और नेचर ट्रेल का आयोजन किया जा रहा है, जिससे राज्य में इको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है।

बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार में किसी की रुचि नहीं: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई मामले में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट में गुरुवार को एलाइंस एयर ने कहा कि, राज्य सरकार से एमओयू में जितनी उड़ानों की सहमति दी है उतनी ही चल रही हैं। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि दिल्ली की सप्ताह में 6 से घटकर केवल 3 उड़ान हो गई है और जगदलपुर के लिए बिलासपुर से बंद है। दिल्ली के लिए 13 माह में 342 उड़ानें गई, इनमें 19500 यात्री गए हैं। यह 80 प्रतिशत इस्तेमाल बताता है। अगली सुनवाई 24 नवंबर को निर्धारित है, तब तक राज्य सरकार को रक्षा मंत्रालय द्वारा भेजे गए 50 करोड़ करोड़ रुपए और नाइट लैंडिंग के संबंध

में हुई प्रगति की जानकारी देनी होगी। सीजे रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की खंडपीठ में बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार से जुड़ी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

डीवीओआर स्थापना

मुख्य सचिव विकासशील द्वारा दाखिल शपथ पत्र में बताया गया कि, डीवीओआर स्थापना और प्रारंभिक जांच का काम पूरा हो चुका है। अब उसे प्रक्रिया में लाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का दौरा और उसके बाद उससे संबंधित सभी कागजात नक्शा आदि को तैयार करना और जमा करना बाकी है। इसके बाद राज्य सरकार डीजीसीए के समक्ष 3 सीआईएफ्आर यानी नाइट लैंडिंग के लिए लाइसेंस का आवेदन कर सकती है। इस स्तर पर एएआई के अधिवक्ता अनुमेह श्रीवास्तव ने खंडपीठ को बताया कि, एएआई का यह दौरा 10 से 12 नवंबर को प्रस्तावित है।

उड़ानों के लिए विवश करना उचित नहीं: इस मसले पर हाईकोर्ट ने कहा कि, एलाइंस एयर अगर तकनीकी कारणों को आधार बना कर उड़ानों की संख्या में कमी कर रही है तो उसे और उड़ानों के लिए विवश करना उचित नहीं होगा। बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार में हो रही देरी को लेकर कोर्ट ने एक बार फिर कड़ा रुख दिखाया। कहा कि ऐसे मामले तो यहां आने से पहले हल हो जाने चाहिए और सरकारों को जनहित में आगे बढ़कर निर्णय लेना चाहिए।

जनहित में राशि हुई कम

केंद्र सरकार की ओर से अपर सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने कहा कि केंद्र ने राज्य से 290 एकड़ जमीन वापस करने के एवज में 50 करोड की मांग की है पहले यह 72 करोड़ रुपए थी, जनहित को देखते हुए इसे कम किया गया है। यह मांग पत्र 3 नवंबर को राज्य सरकार को भेजा गया है। राज्य की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने इस पर राज्य सरकार का रुख बताने के लिए समय की मांग की जिसे खंडपीठ ने स्वीकार कर लिया।

स्कूल में शिक्षकों की कमी से उबला पालकों का गुस्सा

शासकीय प्राथमिक शाला तुरसानी में जड़ा ताला

अंतागढ़/नवप्रदेश। शिक्षा के अधिकार की बात करने वाले प्रदेश में आज भी कई विद्यालय ऐसे हैं जहाँ बच्चों को शिक्षक के इंतज़ार में दिन काटने पड़ रहे हैं। ऐसी ही एक तस्वीर सामने आई है कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला तुरसानी से जहाँ शिक्षकों की भारी कमी से नाराज़ पालकों ने आज बड़ा कदम उठाया।ग्रामीणों और पालकों ने विद्यालय परिसर में ताला जड़ दिया और स्कूली बच्चों के साथ नारेबाज़ी करते हुए एक विशाल रैली निकालकर अपने रोष का प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि शाला में कक्षा पहली से पाँचवीं तक लगभग 30 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन विद्यालय में केवल एक ही

शिक्षिका पदस्थ हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है।पालकों ने बताया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई, जिसके कारण उन्हें यह कठोर निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि जब तक तुरसानी शाला में कम से कम दो स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जाती, तब तक विद्यालय का ताला नहीं खुलेगा।पालकगण और ग्रामीण अब रैली निकालकर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोयलीबेड़ा को चाबी सौंपने जा रहे हैं। उनका कहना है कि शिक्षा विभाग अगर अब भी मौन रहा तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा।ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया कि हमारे बच्चों का भविष्य खिलवाड़ नहीं है अगर शासन शिक्षकों की नियुक्ति नहीं करता, तो आगे हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com